राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 351 लखनऊ,
बुधवार 13 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त : केशव प्रसाद मौर्य 03

ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग पर हो प्रभावी कार्रवाई : डीएम 12


-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,01,550/ |
| 22 कैरेट | = 93,100/ |
| 18 कैरेट | = 76,180/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,15,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### अलर्ट के बाद 14 तक रोकी गई बदरीनाथ व हेमंकुड यात्रा

**गोपेश्वर।** मौसम विज्ञान विभाग के अलर्ट के बाद बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा फिलहाल 14 अगस्त तक के लिए रोक दी गई है। यह जानकारी चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने दी है। मंगलवार को डीएम संदीप तिवारी ने बताया कि मौसम विभाग के ने अगले दो दिनों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बदरीनाथ हाइवे पर कमेडा के पास भू-स्खलन के कारण रास्ता अवरूद्ध हो रहा है। यहां पर वाहनों की आवाजाही मुश्किल से हो पा रही है। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए 14 अगस्त तक के लिए बदरीनाथ तथा हेमकुंड की यात्रा को स्थगित किया गया है। ट्रेकिंग रूट पर भी पर्यटकों के लिए आवाजाही पर सुरक्षा के दृष्टिगत रोक लगाई गई है। जैसे ही मौसम विभाग की ओर से कोई अपडेट जारी की जाती है। यात्रा को लेकर उसके बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।

### 24 युवा उद्यमियों को डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0

**नई दिल्ली।** कलाम को सलाम अभियान के तहत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस-2025 के अवसर पर चयनित अल्पसंख्यक युवा उद्यमियों को डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0 वितरित किए गए। मंगलवार को भाजपा विस्तार कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीक़ी ने कहा कि कमाल साहब की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे अभियान कलाम को सलाम मुहिम के तहत आज अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर अल्पसंख्यक युवा उद्यमियों को डॉ कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0 दिया गया। 16 जुलाई से सोशल मीडिया के माध्यम से अवॉर्ड के लिए 6 अगस्त तक देश भर से 22300 अल्पसंख्यक युवाओं ने नॉमिनेशन किया, जिसके लिए राष्ट्रीय स्तर 7 जोन में बांटा गया।

### बीजापुर में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में मंगलवार को 2 जवान घायल हो गए हैं। जिन्हें एयर लिफ्ट कर रायपुर रेफर किया गया है। फिलहाल दोनों जवानों की स्थिति खतरे से बाहर बतायी गई है। बीजापुर जिल के जगंगालूर थाना इलाके में नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना पर 11 अगस्त को जवानों को सर्च ऑपरेशन पर रवाना गया था। सुबह जब जवान जंगल में पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में दो जवान घायल हो गए हैं, जिन्हें एयर लिफ्ट कर रायपुर रेफर किया गया है। दोनों जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है। पुलिस ने मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने तथा घायल होने का दावा किया है।

# लखनऊ को मिली मेट्रो रेल विस्तार की सौगात

## मोदी कैबिनेट ने 5,801 करोड़ की लागत से 11.165 किमी. लंबे लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को दी मंजूरी

### सात भूमिगत व पांच एलिवेटेड स्टेशनों को मिलाकर होंगे 12 स्टेशन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश में लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना का कॉरिडोर 11.165 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें सात भूमिगत और पांच एलिवेटेड स्टेशनों को मिलाकर कुल 12 स्टेशन होंगे। इसके लिए केन्द्र सरकार ने 5,801 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस चरण का काम पूरा होने पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ शहर 34 किलोमीटर का सबसे लम्बा मेट्रो रेल नेटवर्क संचालन वाला प्रदेश का जिला बन जाएगा।

लखनऊ में मेट्रो नेवटर्क के विस्तार की केन्द्र से मिली मंजूरी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है। उन्होंने इसे जन कल्याण और विकास परक सरकार का सराहनीय कदम बताया है। उल्लेखनीय है कि लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना का चरण-1बी शहर के बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। चरण-1बी शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के एक बड़े विस्तार को साकार करता है। इस चरण का उद्देश्य पुराने लखनऊ के प्रमुख क्षेत्रों को निर्बाध रूप से जोड़ना है, जिनमें अमीनाबाद, यहियागंज, पांडेयगंज और चौक जैसे व्यावसायिक केंद्र, महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विशेष रूप से जाना जाने वाला किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू मेडिकल कॉलेज), प्रमुख पर्यटक आकर्षण केन्द्र बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, भूल-भुलैया, घंटाघर और रूमी दरवाज़ा शामिल हैं। इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़कर चरण-1बी न केवल कनेक्टिविटी बढ़ाएगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों, पर्यटन को भी बढ़ावा देगा और निवासियों और आगंतुकों दोनों के लिए शहरी आवागमन को आसान बनाएगा। मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार से लखनऊ के अत्यधिक भीड़भाड़ वाले मार्गों पर विशेष रूप से प्रभावी होगा और इससे सड़क यातायात में कमी से वाहनों की आवाजाही सुगम होगी।



### चार नई सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के तहत चार और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाई है। इससे अब 6 राज्यों में कुल 10 यूनिट स्थापित किए जाने को मंजूरी मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में 4,600 करोड़ के निवेश से चार सेमीकंडक्टर उत्पादन यूनिट स्थापित करने को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकार वार्ता में बताया कि इससे 2034 स्किल प्रोफेशनल को रोजगार मिलेगा। साथ ही यह भारत में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग अर्थतंत्र को बनाने में मददगार होगा जिससे आगे कई अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने की संभावना है। भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 10 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। छह राज्य में बन रही इन परियोजनाओं में 1.60 लाख करोड़ रूपये का निवेश हो रहा है। सिससेम ओडिशा में कॉन्टिनेंटल डिवाइस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पंजाब में, 3डी ग्लास सॉल्यूशंस इंक और एडवांस्ड सिस्टम इन पैकेज टेक्नोलॉजीज आंध्र प्रदेश में यूनिट बनाएगी।

### अरुणाचल में तातो-2 जल विद्युत परियोजना मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश के शि योमी जिले में 700 मेगावाट की तातो-2 जल विद्युत परियोजना को मंजूरी दे दी है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकारों को बताया कि अरुणाचल प्रदेश के शि योमी जिले में 700 मेगावाट की तातो-2 जल विद्युत परियोजना को मंजूदी दे दी गई। इस योजना पर 8146.21 करोड़ रुपये का खर्च आएगा और करीब छह साल में पूरी होगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना नॉर्थ ईस्ट इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और अरुणाचल प्रदेश सरकार के संयुक्त ज्वाइंट वेंचर के तहत पूरी की जाएगी। इस योजना के लिए राज्य सरकार के साथ भागीदारी कर 436.3 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद केन्द्र सरकार देगी।

### मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1 बी को स्वीकृति अभिनंदनीय



वहीं मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि केंद्रीय कैबिनेट में उत्तर प्रदेश में मेट्रो रेल नेटवर्क को विस्तार देने के लिए 5,801 करोड़ रुपये की लागत से लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के चरण-1बी को मिली स्वीकृति अभिनंदनीय है। विभिन्न आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक सुविधाओं को जोड़ते हुए यह मेट्रो न केवल राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाएगी, बल्कि रोजगार, पर्यटन और निवेश के नए अवसर भी प्रदान करेगी।

### लखनऊ की सभी नगर पंचायतों में रोपा जाएगा हरिशंकरी का पौधा

**लखनऊ।** जिला प्रशासन व लोक भारती एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयास से लखनऊ जिले की सभी 10 नगर पंचायतों व बख्शी का तालाब क्षेत्र के 98 गांवों में एक ही दिन में हरिशंकरी (पीपल, बरगद, पाकड़) का रोपण किया जायेगा। इस संबंध में कार्ययोजना बैठक का आयोजन जिलाधिकारी सभागार, कैसरबाग में किया गया। बैठक में तय किया गया कि 29 अगस्त को लखनऊ नगर व ग्रामीण क्षेत्र समेत गोमती एवं कुकरेल नदी के किनारे पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि हरिशंकरी न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और हरियाली का उपहार भी है। हम चाहते हैं कि यह अभियान जन आंदोलन का रूप ले। लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि यह सिर्फ पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि प्रकृति से जुड़ने और लखनऊ को हरित बनाने का संकल्प है। सभी संगठनों की भागीदारी इस अभियान को ऐतिहासिक बनाएगी। क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी ने नगर पंचायतों के लिए अधिशासी अधिकारियों तथा ब्लॉकों के लिए विकासखंड अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### भारत-पाक सीमा पर साढ़े आठ करोड़ की हेरोइन जब्त

**बीकानेर।** सीमा सुरक्षा बल की खुफिया सूचना पर पुलिस के साथ संयुक्त सर्च अभियान के दौरान भारत-पाकिस्तान अन्तरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक 1.665 किलो हेरोइन जब्त की गयी है। बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय मार्केट में लगभग 8.50 करोड़ रुपये बताई गई है। उपसमादेष्टा इंटेलिजेंस ब्रांच बीकानेर के महेश चंद जाट ने मंगलवार को बताया कि लोकल पुलिस खाजूवाला के साथ ग्राम 21 बी डी के एरिया में एक संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान बंदरी पोस्ट के नजदीक कीचड़ में पैकेट मिला। खोलने पर इसमें 1.655 किलो ड्रग मिली। यह पैकेट छह अलग-अलग लेयर में पैक किया हुआ था।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव हुआ मंजूर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर महाभियोग चलाने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकार करने के साथ इसकी जांच के लिए मंगलवार को एक तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

लोकसभा में दोपहर में आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाने के बाद श्री बिरला ने सदन को सूचित किया कि उन्हें 21 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी के श्री रविशंकर प्रसाद एवं सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी



सहित सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के 146 सांसदों द्वारा एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है जिसमें भारत के राष्ट्रपति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को उनके पद से हटाने के लिए एक समावेदन किया गया है। यह प्रस्ताव भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 (4), 217 और 218 के तहत पेश किया गया है।

### उप राष्ट्रपति का चुनाव लड़ेंगे जलालुद्दीन, दाखिल किया नामांकन

**जैसलमेर।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए जैसलमेर जिले के भागू का गांव निवासी जलालुद्दीन ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जलालुद्दीन ने अब तक छात्रसंघ, वार्ड पंच, विधायक व सांसद के चुनाव लड़े हैं और अब उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव में अपनी ताल ठोंक दी है। जलालुद्दीन सोमवार को दिल्ली में नामांकन दाखिल करने के बाद मंगलवार दोपहर जैसलमेर पहुंचे। जलालुद्दीन ने बताया कि भारत के लोकतंत्र में सभी नागरिकों को चुनाव लड़ने का अधिकार प्राप्त है। नामांकन के दौरान उनका प्रस्तावक कोई नहीं था। उन्होंने यह भी बताया कि 22 तारीख तक वे इस पद की दौड़ में है।

## अंतरिक्ष खोजों को मानवहित से जोड़ने की जरूरत

### पीएम मोदी ने खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड को वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया संबोधित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अंतरिक्ष की खोज के साथ-साथ हमें यह विचार करना आवश्यक है कि अंतरिक्ष विज्ञान मानवता के हित में कैसे कार्य कर सकता है। किसानों को बेहतर मौसम पूर्वानुमान उपलब्ध कराना और पृथ्वी पर जीवन को बेहतर बनाना ऐसे ही कुछ उदाहरण हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड को वीडियो



कॉन्फ्रेसिंग से संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान में लगातार नई ऊंचाइयां हासिल की हैं।

प्राचीन काल की खोजों से लेकर आधुनिक अंतरिक्ष अभियानों तक देश ने परंपरा और नवाचार का अनूठा मेल प्रस्तुत किया है। हाल की उपलब्धियों ने विश्व में भारत की वैज्ञानिक क्षमता को और सशक्त किया है। प्रधानमंत्री ने भारत में आयोजित 18वें अंतरराष्ट्रीय खगोल एवं खगोलभौतिकी ओलंपियाड में 64 देशों के 300 से अधिक प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने ओलंपियाड को अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने सदियों से आकाश का अवलोकन किया और बड़े प्रश्न पूछे। पांचवीं सदी में आर्यभट्ट ने शून्य का आविष्कार किया और सबसे पहले बताया कि पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है। उन्होंने गणित और खगोल विज्ञान में क्रांतिकारी योगदान दिया। भारत की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि लद्दाख में समुद्र तल से 4,500 मीटर की ऊंचाई पर विश्व के सर्वोच्च खगोलीय वेधशालाओं में से एक स्थित है।

## सदन में होने वाली चर्चा में विपक्ष को कोई दिलचस्पी नहीं : जेपी नड्डा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे शुरू होते ही विपक्ष ने बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सभापति के रूप में सस्मित पात्रा ने कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया को विधायी कार्य पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया, लेकिन विपक्ष ने प्वाइंट ऑफ आर्डर की मांग की जिस पर नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने का अवसर दिया।

खरगे ने कहा कि इस सदन में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा के लिए समय दिया



जाना चाहिए। इसपर सस्मित पात्रा ने कहा कि यह चर्चा के लिए सूचीबद्ध विधेयकों का हिस्सा नहीं है। एसआईआर पर चर्चा नियमों के तहत नहीं कराई जा सकती। इस पर खरगे सत्ता पक्ष पर वोट चोरी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। सदन में विपक्ष के नेता की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष का स्वस्थ लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं करता है। सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष संसद को चलने नहीं दे रहा है। संविधान के खिलाफ है। विपक्ष का व्यवहार उन्हें स्वस्थ लोकतंत्र में विश्वास नहीं। हम हर विषय पर चर्चा पर तैयार हैं लेकिन नियमों के अनुसार।

### आयकर विधेयक और कराधान विधि (संशोधन) विधेयक को संसद की मंजूरी

राज्यसभा ने मंगलवार को आयकर विधेयक, 2025 और कराधान विधि (संशोधन) विधेयक, 2025 को लोकसभा को लौटा दिया। इसके साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही 18 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गयी। लोकसभा से ये दोनों विधेयक पहले ही पारित हो चुका है।

### खेल प्रशासन विधेयक व 'डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक' राज्यसभा से पास

राज्यसभा में मंगलवार को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 को ध्वनि मत से पारित हो गये। सोमवार को ये दोनों विधेयक लोकसभा से पारित हुए थे।

### लोकसभा में खान व खनिज संशोधन विधेयक पारित

लोकसभा में मंगलवार को खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025 को विपक्ष के भारी हंगामे के बीच पारित कर दिया गया। यह विधेयक वर्ष 1957 के खान एवं खनिज अधिनियम का संशोधित है और इससे खनन क्षेत्र से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुधारों का मार्ग प्रशस्त होगा।

### एनएबीएच की मान्यता वाला देश का पहला सरकारी अस्पताल बना आरएमएल

**नई दिल्ली।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) ने नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल प्रोवाइडर यानी अस्पताल और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) की मान्यता प्राप्त कर ली है। इसी के साथ डॉ. आरएमएल अस्पताल एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला देश का पहला केंद्र सरकार का अस्पताल बन गया है। यह मान्यता मरीजों को सुविधा, अधिकारों, सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण, प्रबंधन और प्रशासन में अस्पताल के कठोर मानदंडों के पालन का प्रतीक है। आर एमएल अस्पताल में 1,500 बिस्तर हैं जिसमें रोजाना 7,000 से अधिक मरीज ओपीडी में आते हैं।

## सजा पूरी कर चुके कैदियों को तुरंत करें रिहा : सुप्रीम कोर्ट

### 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई का आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चिंता जताई कि कई कैदी अपनी सजा पूरी करने के बाद भी जेल में बंद हैं। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी कैदियों को तुरंत रिहा किया जाए, जो अपनी सजा पूरी कर चुके हैं और किसी अन्य मामले में दोषी नहीं हैं।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि यादव ने मार्च 2024 में 20 साल की सजा पूरी कर ली थी, इसलिए उन्हें उसी समय रिहा कर देना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस आदेश की कॉपी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को भेजी जाए, ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं कोई कैदी अपनी सजा की अवधि से ज्यादा समय से जेल में तो नहीं है। कोर्ट ने 29 जुलाई को रिहाई का आदेश दिया था।

# मानसून सत्र के दूसरे दिन भी विपक्ष के हंगामे के कारण नहीं चल सकी सदन की कार्यवाही

### कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित, पत्रकारों की सुरक्षा का उठा मामला

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** विपक्ष के हंगामे के कारण यूपी विधनसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भी सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी और कल 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गया। अब आगे की कार्यवाही कल 11 बजे फिर शुरू होगी।

सपा विधायक ने बलिया में पेपर लीक और हाथरस में सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं का जिक्र करते हुए पत्रकारों के खिलाफ की गई कार्रवाई की तुलना करीब 50 साल पहले की घटनाओं से करते हुए सरकार को घेरा। कोविड के दौरान पत्रकारों के खिलाफकी कार्रवाई का भी जिक्र किया। सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र की हत्या की घटना पर भी सरकार को सवालों के घेरे में खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों को खुलकर काम करने का मौका नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार से सवाल पूछा कि क्या सरकार ऐसी कमेटी का गठन करेगी जो पत्रकारों की सुरक्षा पर काम करे। इसके जवाब में मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार पत्रकारों का पूरा सम्मान करती है। कोविड में पत्रकारों के निधन पर सरकार ने 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद की। सीतापुर में जिस पत्रकार की हत्या की गई, उनके आरोपियों का संबंध कहीं न कहीं सपा से जुड़ता है।

वहीं कार्रवाई शुरू होने पहले विपक्ष के नेता माता प्रसाद ने विधानसभा में स्पीकर से कहा की नियमावली में बदलाव करनी चाहिए। वो फतेहपुर का मामला उठाना चाहता है। लेकिन नियमावली की वजह से उठा नहीं पा रहे है। इस पर प्रदेश के डिप्टी केशव मौर्य ने पलटवार करते हुए कहा कि कानून अपना काम कर रही है और मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, विपक्ष के पास अगर कोई सवाल है तो सदन में उठाएं और सरकार उनका जवाब देने को तैयार है। अगर विपक्ष चर्चा से भागना चाहे, तो सरकार उसका इलाज नहीं कर सकती। वहीं समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर कहा, भाजपा के लोग न्याय प्रिय नहीं हैं। उन्हें लोकतंत्र की परिभाषा ही नहीं पता।

### भाजपा दंगा कराना चाहती है, हम झुकेंगे नहीं : माता प्रसाद

मकबरे पर भगवा लहराने पर विधानसभा में हंगामा

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में दूसरे दिन फतेहपुर के मकबरे में भगवा झंडा लगाने और तोड़फोड़ का मामला छाया रहा। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि संगठित ढंग से एक पार्टी के नेता ने ऐलान किया। कहा, ये मकबरा हिंदुओं का है। पुलिस ने बैरिकेडिंग की, लेकिन भीड़ घुस गई। सौहार्द बिगाड़ने का काम चल रहा है। मदरसों और मकबरों को तोड़ो, जिससे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश में दंगा कराना चाहती है। इस दंगाई सरकार के खिलाफ हम झुकेंगे नहीं। पुलिस के दम पर सरकार नहीं चलेगी। इसके बाद सपा विधायक वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। तानाशाही बंद करो, दंगाइयों को मिट्टी में मिलाओ। बाबा का बुलडोजर कहां गया, जैसे नारे लगाए। करीब 3 घंटे तक चले इस हंगामे के दौरान सीएम योगी भी सदन में मौजूद रहे। जवाब मंत्री सुरेश खन्ना ने दिया। कहा, फतेहपुर बवाल में सरकार शामिल नहीं है। मैं आपकी बात का खंडन करता हूं। सोमवार शाम को ही 10 नामजद और 160 अज्ञात के खिलाफमामला दर्ज किया गया। कानून अपना काम करेगा। खन्ना आरोपियों के नाम पढ़ने लगे, तो बगल में बैठे सीएम योगी ने उनको रोक दिया। इस पर माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि फतेहपुर में भीड़ जुटाने वाले नेता का नाम नहीं है।



'उत्तर प्रदेश के जिला फतेहपुर में मकबरा व मन्दिर होने को लेकर जारी विवाद/बवाल पर सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाने देना चाहिये जिससे वहां साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो जाये तथा आपसी भाईचारा व सद्भाव भी बिगड़े।''सरकार इस मामले को जरूर गम्भीरता से ले तथा जरूरत पड़ने पर सख्त कदम भी उठाये।

मायावती, बसपा प्रमुख

### उत्तर प्रदेश विधान सभा में छह विधेयक पारित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान मण्डल मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान सभा में छह विधेयक पारित हुए। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने माल एवं सेवा कर और उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने निजी विश्वविद्यालय संशोधन संबंधित दो विधेयक पटल पर रखे। वहीं परिवहन मंत्री और पर्यटन मंत्री ने एक-एक विधेयक पेश किए। जब मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के सदस्य फतेहपुर विवादित स्थल की घटना को लेकर हंगामा कर रहे थे। इस दौरान वेल जाकर सपा विधायक नारेबाजी कर रहे थे। इस शोरगुल के बीच विधान सभा में पेश हुए सभी छह विधेयक सरकार ने पास करा लिए। वहीं उत्तर प्रदेश विधान सभा में मंगलवार को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की विभिन्न मुद्दों पर कई रिपोर्ट पेश की गयीं। इसमें उत्तर प्रदेश में खनन और अवैध खनन, केन्द्रीय सड़क निधि(सीआरएफ) के उपयोग पर प्रतिवेदन, सरयू नहर परियोजना पर प्रतिवेदन, सीएजी की वर्ष 2023-24 के लिए राज्य वित्त पर प्रतिवेदन पेश हुआ।

#### पारित हुए विधेयक

उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 20252-उत्तर प्रदेश लोक अभिलेख विधेयक, 20253-उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक, 20254-उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 20255-उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 20256-उत्तर प्रदेश मोटर यान कराधान (संशोधन) विधेयक, 2025

## खबरें एक नजर में

### निघासन में बीएलओ-पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण, निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

**निघासन खीरी।** आगामी सामान्य पंचायत चुनाव–2026 के तहत राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार 19 अगस्त 2025 से कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए बीएलओ और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। प्रशिक्षण व पुनरीक्षण सामग्री वितरण के लिए मंगलवार को निघासन व रमियाबेहड़ में बैठक आयोजित हुई। निघासन तहसील सभागार में हुई बैठक में एसडीएम राजीव निगम ने सभी बीएलओ और पर्यवेक्षकों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। इस मौके पर तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही समेत तहसील कर्मचारी मौजूद रहे।

### केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**निघासन खीरी।** ब्लॉक सभागार में मंगलवार को शिक्षक व्यावसायिक विकास पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर एवं रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक बृजेन्द्र अग्निहोत्री ने प्रतिभागियों को खेल एवं गतिविधियों पर आधारित शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बच्चों में सीखने की रुचि और सहभागिता बढ़ाने के लिए खेल आधारित पद्धति अत्यंत प्रभावी है। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन कर शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को व्यावहारिक ज्ञान भी दिया गया। साथ ही आगामी 15 अगस्त के मद्देनजर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रभारी सीडीपीओ माया देवी, एडीओ आईएसबी अनुज अवस्थी सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां मौजूद रहीं। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए बच्चों की शिक्षा में नवाचार अपनाने का संकल्प लिया।

### शादी से इनकार पर युवती की मौत

**निघासन खीरी।** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के परमोधापुर गांव में सोमवार को हुई 18 वर्षीय काजल की आत्महत्या से गांव अब भी सदमे में है। मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो घर पर कोहराम मच गया। परिजनों के आंसुओं के बीच गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। गांव में चारों ओर सन्नाटा पसरा है। लोग आपस में इस घटना को लेकर चर्चा कर रहे हैं। कई ग्रामीणों ने इसे समाज के लिए चेतावनी बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में समय रहते समझदारी और संवेदनशीलता जरूरी है। महिलाओं ने भी कहा कि युवाओं के मानसिक दबाव को गंभीरता से लेना चाहिए। थाना प्रभारी विवेक कुमार उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग (फांसी लगाना) पाया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शुरुआती जांच में मोबाइल कॉल डिटेल्स और सोशल मीडिया चैट खंगालने की तैयारी शुरू कर दी है। परिजनों का कहना है कि वे जल्द ही लिखित शिकायत देंगे, ताकि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके। गांव में इस दर्दनाक घटना के बाद से मातम का माहौल बना हुआ है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो गौमाताओं की मौत, एक गंभीर

**पलिया कलां खीरी।** इंसान की लापरवाही और तेज रफ्तार का खामियाजा फिर मासूम गौमाताओं को भुगतना पड़ा। सोमवार रात करीब 7 बजे भीरा रोड स्थित बरमबाबा चौराहे पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे शांत खड़ी तीन गौमाताओं को जोरदार टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में दो गौमाताओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। घटना स्थल पर फैले खून के धब्बे इस निर्ममता की गवाही दे रहे थे। आसपास मौजूद लोग कह रहे थे– ये सिर्फ जानवर नहीं, हमारे गांव की ममतामयी गौमाताएं थीं। राष्ट्रीय गौ रक्षक सेना के जिला अध्यक्ष अतीक पुरी उर्फ चिंटू पुरी ने घटना की निंदा करते हुए कोतवाली भीरा में तहरीर दी और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा, गौमाताओं की रक्षा सिर्फ भावनाओं का नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और क़ानून का भी कर्तव्य है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरमबाबा चौराहे पर आए दिन तेज रफ्तार का आतंक रहता है लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण के पुख्ता इंतज़ाम नहीं हैं।

### थाना सादुल्लानगर पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार




**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देश पर जनपद में अपराधों की रोकथाम और वांछित/वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सादुल्लानगर पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक सादुल्लानगर मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में 12 अगस्त 2025 को मुकदमा अपराध संख्या 93/2025, धारा 137(2)/87 BNS Act से संबंधित वारंटी अभियुक्त शत्रुघ्न राठौर पुत्र चंद्रभाल राठौर, निवासी ग्राम लाधौरा, थाना रामकोट, जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण कर न्यायालय बलरामपुर रवाना किया गया।

### सील की गई तीन दुकानों पर उपलब्ध खाद का एसडीएम की देखरेख में कृषि विभाग द्वारा किया जाएगा वितरण

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जनपद में खाद की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद कृत्रिम कमी बनाने वाले निजी उर्वरक विक्रेताओं एवं सहकारी समितियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के लिए उन्हें आवंटित खाद एवं उसके सापेक्ष अब तक की गई बिक्री की सघन जांच कर रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश सभी उपजिलाधिकारियों को दिए हैं, वहीं पूर्व में सील की गई 3 दुकानों सारा ट्रेडर्स जूड़ीकुइयां पचपेड़वा पर उपलब्ध 45 बोरी यूरिया, मे. संतराम रेहरा बाजार पर उपलब्ध 170 बोरी यूरिया एवं मे0 औद्योगिक उत्पादन समिति महमूद नगर में उपलब्ध 1820 बोरी यूरिया का वितरण प्रशासनिक निर्णय के तहत उर्वरक वितरण तक पुनः संचालन की अस्थाई अनुमति प्रदान करते हुए एसडीएम की देखरेख में कृषि विभाग द्वारा सुचारू वितरण कराया जाएगा। बताते चलें कि यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद जिले में खाद की कृत्रिम कमी बनाने का प्रयास करने वाले निजी दुकानदार एवं समितियां जिलाधिकारी के निशाने पर आ गई हैं। जिलाधिकारी ने 12 अगस्त मंगलवार को आईएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित 132 निजी उर्वरक विक्रेताओं एवं 53 समितियों के पास उपलब्ध स्टॉक एवं उसके सापेक्ष बिक्री की समीक्षा की जिसमें पाया कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने के बावजूद बिक्री नहीं की जा रही है और जनपद में खाद की कृत्रिम कमी को उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है। इसको गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त निजी उर्वरक विक्रेताओं एवं समितियों के पास उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों के माध्यम से कराते हुए तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराने एवं उनके द्वारा खाद बिक्री न किये जाने के सम्बन्ध में रिपार्ट देने के सख्त निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में जनपद की 53 समितियों के पास 450.905 मीटरिक टन यूरिया की उपलब्धता है तथा जिले में यूरिया की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि खरीफ अभियान 2025–26 में बी0पैक्स समितियों द्वारा उर्वरक का वितरण कराया जा रहा है। वहीं 13 समितियां जहां पर कर्मचारियों की कमी है वहां पर किसानों को हो रही दिक्कतों के दृष्टिगत कृषि विभाग के सहायक तकनीकी प्रबंधकों एवं ब्लाक तकनीकी प्रबंधकों की समितिवार ड्यूटी लगाते हुए कृषकों को बिना किसी कठिनाई के यूरिया का वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं, जिनमें क्रमशः बी.–पैक्स कमुदीखुर्द ब्लाक हरैया सतघरवा, शिवपुरा हरैया सतघरवा व कौहड़ौरा हरैया सतघरवा, कौवापुर ब्लाक तुलसीपुर, तिलखीनगर ब्लारक उतरौला, चिंताही श्रीदत्तगंज, खम्हरिया ब्लाक श्रीदत्तगंज, मैनहा ब्लॉक उतरौला, रेडवलिया ब्लाक उतरौला, राजपुर वरायल ब्लाक उतरौला, हुसैनाबादग्रन्ट ब्लॉक गैडासबुजुर्ग, मझौलीभवानी ब्लॉक गैडासबुजुर्ग एवं मुबारकपुर ब्लॉक रेहरा बाजार शामिल हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के कृषकों से अपील की है कि वे अधिकृत उर्वरक विक्रेताओं एवं समितियों से निर्धारित मूल्य पर उर्वरक प्राप्त करें तथा यदि कहीं पर खाद की काला बाजारी या ओवररेटिंग की शिकायत मिले तो तत्काल कृषि विभाग अथवा सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारी को सूचित करें। जनपद की समस्त 53 सहकारी समितियों एवं 132 खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के यहां यूरिया की उपलब्धा सुनिश्चित कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त सभी निजी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है की स्टॉक होने के बाद भी माँग पर नियमानुसार विक्री ना करने पर इसे कृत्रिम कमी पैदा करने वाला कृत्य मानते हुए फर्टिलाइजर कन्ट्रोल आर्डर एव ईसी एक्ट के प्रविधानां के तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# तिरंगे की शान में उमड़ा जनसैलाब, धौरहरा विस देशभक्ति के रंग में रंगा

**ईसानगर (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को धौरहरा विधानसभा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। सुबह 10 बजे कफ़ार से विधायक विनोद शंकर अवस्थी के नेतृत्व में यात्रा का शुभारंभ हुआ। सुबह से ही नगरवासी हाथों में लहराता तिरंगा लेकर जुटने लगे। यात्रा सिसैया, ईसानगर, खमरिया मंडल होते हुए नगर की प्रमुख गलियों, मुख्य बाजार और गोविंद शुगर मिल मार्ग से गुज़री। ढोल-नगाड़ों की थाप, देशभक्ति गीतों की गूंज और लहराते राष्ट्रध्वजों की कतारों ने माहौल को जोश, उत्साह और गर्व से भर दिया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उमंग के साथ शामिल हुए। रास्ते भर वंदे मातरम् और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से आसमान गूंज उठा। घरों और दुकानों से पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर बच्चों व युवाओं ने तिरंगे के सम्मान और शहीदों के बलिदान पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे कार्यक्रम में भावनात्मक रंग भी घुल गया। यात्रा में विधायक प्रतिनिधि गोपाल शंकर अवस्थी, विधायक पुत्र देवव्रत अवस्थी, विमल अवस्थी, खमरिया मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार शुक्ला, चारों मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रवेन्द्र तिवारी चौरा, प्रधान प्रतिनिधि रमाकांत मिश्रा, हरीश अवस्थी, सुनील तिवारी, हर्षित मिश्रा मासूम, आलोक त्रिवेदी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल रहे। अपने संबोधन में विधायक अवस्थी ने कहा– तिरंगा केवल ध्वज नहीं, बल्कि हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। यह यात्रा आने वाली पीढ़ियों को एकता, त्याग और राष्ट्रभक्ति का संदेश देगी। हर घर पर तिरंगा फहराकर हम राष्ट्रप्रेम का संकल्प लें। यात्रा के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय अपनी पूरी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे, जिससे कार्यक्रम शांति और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

### हर घर तिरंगा अभियानः मितौली-मैगलगंज में तिरंगा यात्रा, देशभक्ति से गूंजीं गलियां



**मितौली/मैगलगंज (खीरी)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को मितौली से मैगलगंज तक एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में अद्वितीय एकता और देशभक्ति का परिचय दिया। यात्रा का शुभारंभ विकासखंड मितौली स्थित शहीद पार्क में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर और तिरंगे को सलामी देकर किया गया। मितौली से रवाना हुई यह यात्रा फत्तेपुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद औरंगाबाद होते हुए माँ सिद्धेश्वरी देवी आश्रम (मैगलगंज) में सम्पन्न हुई। यात्रा में किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, गन्ना सहकारी समिति मैगलगंज के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, भाजपा नेता मास्टर दिनेश कुमार, प्रदीप शुक्ल, ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप, मंडल अध्यक्ष मैगलगंज राममोहन गुप्त, मंडल अध्यक्ष मितौली मन्नालाल राठौर, शमशाद अली, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक शुक्ल, सुरेश राठौर, श्याम किशोर तिवारी, नरेंद्र मिश्र, रामकुमार गुप्त, मोनू शुक्ल, युवा मोर्चा के प्रज्वल शुक्ल, युवा मंडल अध्यक्ष हर्ष गुप्ता, अरविंद मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, आदित्य प्रताप सिंह, पवन सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, किसान, व्यापारी और क्षेत्र के सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और शहीदों अमर रहो के गगनभेदी नारों से नगर की गलियां गूंज उठीं। राष्ट्रीय ध्वज की शान के साथ निकली यह यात्रा न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान और प्रेम का प्रतीक बनी, बल्कि यह देशभक्ति का सजीव उदाहरण भी रही।

**यात्रा के समापन पर पूर्व सांसद जुगल किशोर ने कहाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान विगत 3 वर्षों में राष्ट्रभक्ति की जन–क्रांति बन चुका है। यह पहल हम सबको देश की एकता, विकास और सुरक्षा के लिए प्रेरित करती है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हर अवसर पर अपने घर, कार्यालय, दुकानों और वाहनों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि तिरंगा न केवल आज़ादी की गाथा है, बल्कि यह हमारी एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक भी है। इस अभियान में सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ही सच्ची देशभक्ति का परिचायक है।

### पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचा गांव, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

**निघासन खीरी।** सिंगाही रोड पर सोमवार को रोडवेज बस की टक्कर से हुई लवकुश की मौत के बाद मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों व ग्रामीणों की आंखें नम थीं। गमगीन माहौल में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। मृतक के घर में पांच माह की मासूम बच्ची है। हादसे के बाद से मां का रो–रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने घटना के बाद बस चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग दोहराई। वहीं, पुलिस का कहना है कि चालक को हिरासत में लेकर मामले में जांच की जा रही है।

# छोटी काशी के मेले को दिलाएंगे राजकीय दर्जा

- पालिकाध्यक्ष रिंकू शुक्ला ने जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल से की मुलाकात

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सोमवार को जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल से मुलाकात कर छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला एवं श्रावण मास के पवित्र सावन मेले को राजकीय मेला घोषित करने की मांग की। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा और मेलों के धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक महत्व को विस्तार से बताया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि गोलागोकर्णनाथ, जिसे श्रद्धालु छोटी काशी के नाम से जानते हैं, में श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ता है। बीते श्रावण मास (11 जुलाई 2025 से 9 अगस्त 2025) में करीब 29 लाख 34 हजार 700 शिवभक्तों ने बाबा गोकर्णनाथ धाम में जलाभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और यह मेला अब केवल स्थानीय आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश स्तरीय धार्मिक आयोजन का स्वरूप ले चुका है। पालिकाध्यक्ष रिंकू शुक्ला ने कहा कि चैत्र नवरात्र में पिछले 120 वर्षों से आयोजित हो रहा चैती मेला भी क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह मेला लगभग एक माह तक चलता है और इसमें बाहर से करीब 250 दुकानें सजती हैं, जिनमें लकड़ी की सजावटी वस्तुएं, खेल-खिलौने, क्रॉकरी, आइसक्रीम, सोफ्टी आदि शामिल होती हैं। नगर पालिका परिषद इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करती है जो श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र होते हैं। श्री शुक्ला ने कहा कि मेले में आसपास के 20 से 25 किलोमीटर के क्षेत्र से प्रति दिन लगभग 30 हजार श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी भागीदारी और आयोजन की भव्यता को देखते हुए अब समय आ गया है कि इन दोनों मेलों को राजकीय मेला घोषित किया जाए, जिससे मेला प्रबंधन और सुविधाओं के विस्तार में सरकार की सीधी भूमिका सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने विषय की गंभीरता को समझा और कहा कि वह इस प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार कर संबंधित उच्च अधिकारियों को आवश्यक संस्तुति भेजेंगी।

# चोरी के मोबाइल व बाइक संग अभियुक्त गिरफ्तार




**मैगलगंज खीरी।** पुलिस ने चोरी के मामलों में वांछित एक अभियुक्त को दबोच कर बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान कमरुद्दीन पुत्र वाजिद निवासी ग्राम सेज खुर्द थाना पिसावा जिला सीतापुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल और छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक, कमरुद्दीन के खिलाफ मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियुक्त से पूछताछ में अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है, जिसके लिए जांच जारी है।

# गन्ना फसलों में कीट व रोग प्रकोप की स्थिति का जिला गन्ना अधिकारी ने लिया जायजा

- कई खेतों में मिला टॉप रॉट व पोक्का बोइंग रोग

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र की चीनी मिल बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड गोला के अंतर्गत आने वाले गांवों में गन्ने की फसलों पर कीट व रोगों के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। उनके साथ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, सचिव गोला बलवंत चौधरी तथा वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पी. एस. चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान टीम ने ग्राम इमलिया, खुशालपुर, बाबूपुर, धरमपुर एवं रामनगर गांवों में जाकर किसानों के खेतों की स्थिति का आकलन किया। ग्राम इमलिया निवासी किसान लालता प्रसाद पुत्र सीताराम के शरदकालीन गन्ना (प्रजाति कोजे-85) में कुल 0.400 हेक्टेयर क्षेत्र में पोक्का बोइंग रोग के पांच मूढ़ पाए गए। वहीं, इसी गांव के राजेश पुत्र प्रेमनारायण के बसंतकालीन गन्ना खेत (प्रजाति कोजे-85, रकबा 1.000 हेक्टेयर) में बैक्टीरियल टॉप रॉट के चार मूढ़ देखने को मिले।

जिला गन्ना अधिकारी ने जानकारी दी कि दोनों ही प्रभावित खेतों में फफूंदीनाशक कॉपर ऑक्सीक्लोराइड एवं जीवाणुनाशी स्ट्रेप्टोसाइक्लीन का छिड़काव किया जा चुका है, जिससे रोग पर नियंत्रण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस क्रम में टीम ने ग्राम बाबूपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र बाबूराम के खेत का भी निरीक्षण किया, जहां ट्रेंच विधि से बोये गए बसंतकालीन गन्ने (प्रजाति को0 0118, रकबा 0.600 हेक्टेयर) की फसल अच्छी स्थिति में पाई गई। इसी प्रकार ग्राम धरमपुर में अभिषेक पुत्र तुलसीराम (रकबा 0.400 हेक्टेयर) एवं ओमप्रकाश पुत्र गोकरण प्रसाद (रकबा 0.200 हेक्टेयर) की गन्ना फसल भी पूर्णतः स्वस्थ मिली और किसी भी प्रकार का रोग या कीट प्रकोप नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम रामनगर में चल रहे गन्ना सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मौके पर संबंधित स्टाफ उपस्थित मिला तथा किसानों की शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज करते हुए सक्रियता दिखाई दी। अब तक कुल आठ शिकायतें दर्ज हो चुकी थीं। निरीक्षण के उपरांत किसानों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना फसलों में कीट व रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी और साथ ही बाढ़ की संभावित स्थिति से बचाव के संबंध में भी सुझाव दिए।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत महापुरुषों को दी गई श्रद्धांजलि

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान
- नगर में महापुरूषों की प्रतिमाओं पर की गई साफ-सफाई
- पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में हुआ आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को नगर में भव्य स्वच्छता व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों की साफ-सफाई कर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अभियान की शुरुआत पालिका परिसर में स्थित पंडित सियाराम मिश्र एवं राम नरेश तिवारी की प्रतिमाओं की साफ-सफाई से हुई। इसके उपरांत लखीमपुर रोड स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नानक चंद्र अग्निहोत्री, सदर चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, मेला मैदान में राजेंद्र गिरि, हमीद मार्केट में शहीद अब्दुल हमीद एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अलीगंज रोड पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा खुटार रोड स्थित विकास वर्मा स्मारक स्थल पर साफ-सफाई कर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर नमन किया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान केवल एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यों और महापुरुषों के योगदान को स्मरण करने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, महामंत्री राजेश राठौर, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग नगर संयोजक अंकुर वर्मा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, विनोद कुमार वर्मा, राजीव वर्मा, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक नवीन भसीन, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अपर मुख्य सचिव, गन्ना आयुक्त ने बजाज चीनी मिल छेत्र में गन्ना फसलों का किया निरीक्षण



**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** अपर मुख्य सचिव (गन्ना) एवं आयुक्त गन्ना एवं चीनी उ0 प्र0, लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में दिनांक 12 अगस्त 2025 को गन्ना विकास परिषद उतरौला, चीनी मिल इटई मैदा के ग्राम रुखी मझारी, पटियाला ग्रंट, त्रिगुणायतपुर, कंचनपुर एवं गिद्धौर तथा गन्ना विकास परिषद बलरामपुर, चीनी मिल बलरामपुर के ग्राम अर्जुनपुर, कलेना, विजयगढ़वा, जुगराजपुर बिश्रामपुर, देवताहा आदि ग्रामों का भ्रमण कर वर्षा एवं बाढ़ से गन्ने के फसल पर प्रभाव, फसल की दशा एवं रोग- कीट के आपतन का आकलन किया गया। किसी भी ग्राम में बाढ़ की स्थिति नहीं पाई गई। गन्ने का फसल स्वस्थ एवं रोग-कीट मुक्त पाया गया। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी बलरामपुर द्वारा सर्वे सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण एवं उपस्थित कृषकों से वार्ता भी की गई। उनके द्वाराअगस्त माह में गन्ने के फसल में किए जाने वाले सामयिक कार्य एवं जल जमाव के प्रबंधन पर भी वार्ता की गई। निरीक्षण के समय ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, उतरौला, बलरामपुर, विशेष सचिव, उतरौला, बलरामपुर, अध्यक्ष प्रतिनिधि बलरामपुर एवं महाप्रबंधक (गन्ना) चीनी मिल इटई मैदा तथा चीनी मिल बलरामपुर भी उपस्थित रहे।

# खाद वितरण को लेकर विवाद, मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ग्राम अलीगंज थाना गोला निवासी गोल्ड मिश्रा के साथ दो बार हुई मारपीट की घटनाओं ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहली घटना 6 अगस्त को और दूसरी घटना 10 अगस्त को हुई। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे विपक्षियों के हौसले बुलंद हो गए। गोल्ड मिश्रा 6 अगस्त को स्थानीय सोसाइटी खाद लेने पहुंचे थे। वहां पहुंचने पर समिति पर ताला लगा मिला, लेकिन गोदाम में खाद वितरण चल रहा था। जब उन्होंने नए सचिव के बारे में जानकारी चाही तो मौके पर मौजूद उत्कर्ष शुक्ला ने उन्हें खाद देने से इनकार कर दिया और कहा कि आज खाद नहीं मिलेगी, कल आना। इस पर विवाद बढ़ गया और कथित रूप से उत्कर्ष शुक्ला, उत्तम शुक्ला, अशुमन, राजू, विनीत, अंकित और अभिषेक शुक्ला ने मिलकर गोल्ड मिश्रा के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। गोल्ड मिश्रा ने उसी दिन चौकी अलीगंज और थाना गोला में शिकायत दी, परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी के चलते 10 अगस्त को जब गोल्ड मिश्रा चौराहे पर मिस्त्री की दुकान पर कार की बैटरी लेने गए, तभी विपक्षियों ने दोबारा हमला किया।

# आनंदमयी बजाज- बजाज समूह में नेतृत्व की पांचवीं पीढ़ी का सशक्त आगमन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बजाज समूह ने अपने संस्थापक जमनालाल बजाज की पाँचवीं पीढ़ी की प्रतिनिधि, आनंदमयी बजाज के समूह में शामिल होने की ऐतिहासिक घोषणा की है। चीनी, इथेनॉल, बिजली और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के उत्पादन से जुड़े भारत के जाने माने समूह के अध्यक्ष कुशाग्र नयन बजाज की सुपुत्री आनंदमयी बजाज समूह की पहली महिला उत्तराधिकारी भी बन गई हैं, जो सक्रिय रूप से नेतृत्व की भूमिका में शामिल होंगी। आनंदमयी ने कोलंबिया विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क से वित्तीय अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री के साथ ही गणित में भी डिग्री प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों को समृद्ध किया है। अपनी बौद्धिक क्षमता और पारिवारिक विरासत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के साथ, आनंदमयी बजाज समूह में नई ऊर्जा और दृष्टिकोण लेकर आई हैं। महज 22 वर्ष की आयु में, वह बजाज एनर्जी, बजाज कंज़्यूमर और बजाज हिंदुस्तान शुगर जैसी प्रमुख कंपनियों के नेतृत्व दल के साथ मिलकर कार्य करेंगी। अपनी भूमिका की शुरुआत के दौरान वह विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में क्रॉस-फंक्शनल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी और 2025 के अंत तक प्रमुख संचालनात्मक ज़िम्मेदारियाँ निभाने के लिए पूरी तरह तैयार होंगी। अपनी नई भूमिका पर आनंदमयी बजाज ने कहा बजाज समूह से औपचारिक रूप से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं सीखने, बढ़ने और समूह की परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हूं। यह एक जिम्मेदारी है, जिसे मैं पूरे समर्पण के साथ निभाऊंगी।

### सादुल्लानगर में कल निकलेगी तिरंगा यात्रा

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** मंडल महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कल दोपहर 2 बजे से सादुल्लानगर डाक बंगले से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य, व्यापारी वर्ग, स्कूली छात्र–छात्राएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल होंगे।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं नूर खान पुत्र तालुकदार खान अपने पुत्र चांद बाबू खान आयु 28 वर्ष को अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं इनके किसी भी कृत्य से मेरा कोई वास्ता नहीं है। नूर खान पुत्र तालुकदार खान निवासी परेवा खान थाना रिसिया जनपद व तहसील बहराइच।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर राजधानी में तीन दिन बदला रहेगा यातायात मार्ग

**अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अशोक सिंह ने दी जानकारी**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 15 अगस्त को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। परेड का रिहर्सल 13 अगस्त को होगा। इसके मद्देनजर 13 अगस्त से 14 अगस्त तक सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक विधानसभा के आसपास वाहनों का रास्ता बदला रहेगा और 15 अगस्त के दिन सुबह छह बजे से कार्यक्रम समापन तक लागू होगा।

अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अशोक कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को मुख्य मार्च पास्ट और 13 अगस्त को मार्च पास्ट का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इसे देखते हुए दोपहर दो बजे तक ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। इस दौरान सिटी स्टेशन की ओर से आने वाला यातायात गोलागंज तिराहा से बलरामपुर ढाल/चारबत्ती चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा। यह यातायात पुलिस आफिस, इन्दिरा गांधी नक्षत्रशाला, डालीगंज पुल होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा। रेजीडेंसी तिराहा (शहीद स्मारक) की ओर से आने वाला यातायात बलरामपुर ढाल चौराहा से गोलागंज/कैसरबाग बस स्टैण्ड चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात शहीद स्मारक, डालीगंज पुल से बाये चकबस्त चौराहा से अपने गन्तव्य को जा सकेगा। अमीनाबाद की ओर से आने वाला यातायात गुईन रोड चौराहा से कैसरबाग बस अड्डा चौराहा की ओर नहीं आ सकेगा, बल्कि यह यातायात गुईन रोड चौराहा से बांये नजीराबाद, अमीनाबाद होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा। सीडीआरआई, टेलीफोन एक्सचेंज (स्वास्थ्य भवन) चौराहा से आने वाला यातायात चकबस्त चौराहा से कैसरबाग बस अड्डा की ओर नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात सीडीआरआई तिराहा से परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा, मकबरा रोड, बारादरी कैसरबाग होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा। कैण्ट रोड, बी.एन.रोड, लाटूश रोड की ओर से आने वाला यातायात कैसरबाग अशोक लाट से कैसरबाग बस अड्डा की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात नजीराबाद रोड, लाटूश रोड, बारादरी, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा। बलरामपुर ढाल (सीएमओ कार्यालय) चौराहा की तरफ से आने वाला यातायात बलरामपुर हॉस्पिटल चौराहा या चकबस्त चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात शहीद स्मारक डालीगंज पुल, इक्का तांगा स्टैण्ड चौराहा, नदवा बंधा रोड होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा। इसी तरह क्लार्क अवध तिराहा से सीडीआरआई, शहीद स्मारक या स्वास्थ्य भवन, कैसरबाग बस अड्डा चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात सुभाष चौराहा, हनुमान सेतु नदवा बंधा रोड या बारादरी, कैसरबाग अशोक लाट चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। कैसरबाग बस अड्डा चौराहा से कलेक्ट्रेट, टेलीफोन एक्सचेंज (स्वास्थ्य भवन) चौराहा से सी.डी.आर.आई. तिराहा की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात कैसरबाग अशोक लाट, बारादरी, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।

**चौक की ओर से आने वाला यातायात डालीगंज चौराहा से शहीद स्मारक तिराहा, सीडीआरआई तिराहा की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात डालीगंज पुल से नक्षत्रशाला, संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था कार्यालय, सिटी स्टेशन तिराहा या डालीगंज इक्का तांगा स्टैण्ड, नदवा बंधा रोड, आईटी चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगा।**

## लखनऊ-जेद्दा फ्लाइट में टेक ऑफ से पहले खराबी आई, ढाई घंटे बैठे रहे 286 यात्री

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सऊदी अरबिया एयरलाइंस की फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई। इसका पता पायलट को टेक ऑफ से 2 मिनट पहले चला। विमान को जेद्दा के लिए उड़ान भरनी थी। विमान में 286 यात्री सवार हो चुके थे। फ्लाइट नंबर एसवी-893 को रात 2.25 बजे उड़ान भरनी थी। विमान टैक्सीवे पर था। पायलट को तकनीकी खराबी का पता चला।

उन्होंने तुरंत एटीसी और एयरलाइंस अधिकारियों को सूचित किया। एयरलाइंस ने तुरंत इंजीनियरों की टीम को बुलाया। टीम को खराबी दूर करने में ढाई घंटे लग गए। इस दौरान सभी यात्री विमान में ही बैठे रहे। खराबी दूर होने के बाद विमान मंगलवार सुबह 4.45 बजे जेद्दा के लिए रवाना हुआ। यह फ्लाइट सामान्य दिनों में लखनऊ से रात 2.25 बजे रवाना होकर सुबह 6.00 बजे जेद्दा पहुंचती है। तकनीकी कारणों के चलते सोमवार को लखनऊ एयरपोर्ट पर कई उड़ानें निर्धारित समय से देर से रवाना हुई, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। सबसे ज्यादा नाराजगी लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो फ्लाइट के यात्रियों में देखी गई, जो तय समय से पूरे दो घंटे बाद उड़ान भर पाई। देरी से यात्री परेशान रहे।

## खबरें एक नजर में

### आजादी का उत्सव धूमधाम से मनाएंगे राजधानी के व्यापारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी लखनऊ के नरही बाजार, हजरतगंज में तिरंगा अभियान के अंतर्गत नरही बाजार के व्यापारियों को तिरंगे ध्वज का वितरण किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा आजादी का महोत्सव राजधानी के व्यापारी धूमधाम से मनाएंगे एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल राजधानी की प्रमुख बाजारों को तिरंगे एवं झालरों से सजायेगा तथा पन्द्रह अगस्त के दिन संगठन द्वारा अनेक स्थानों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने कहा हम सब भाग्यशाली हैं कि हमने आजाद भारत में जन्म लिया है। हमारे पूर्वजों ने निश्चित रूप से अनेक कष्ट सहकर एवं कुर्बानिया देकर हम लोगों के लिए ये दिन सुरक्षित किया है। हम सब को मिलकर अब ऐसे काम करने होंगे जिससे भारत पुन: विश्व में विश्व गुरु के रूप में उभरकर आए तथा मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में अपने आपको स्थापित हो सके तिरंगा वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफ्जल,नरही बाजार के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह बबुआ, महामंत्री संजय अग्रवाल, अभिषेक केसरवानी, अश्वनी मिश्रा, रमेश केसरवानी अनिलअग्रवाल, सुभाष श्रीवास्तव, राकेश साहू, आलोक गुप्ता नगर उपाध्यक्ष श्यामजी शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी थे।

### सीने में दर्द के बाद सिपाही की आकस्मिक मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में एक सिपाही की अचानक मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना मंगलवार सुबह 6-7 बजे के बीच माल-रहीमाबाद में हुई। मृतक की पहचान सिपाही दीपक कुमार के रूप में हुई है। इन दिनों उनकी रहीमाबाद थाना में डायल-112 पर तैनाती थी। दीपक कुमार माल में किराए के मकान में रहते थे। मंगलवार सुबह करीब 6-7 बजे के बीच उनके सीने में अचानक तेज दर्द उठा। वह बाइक से सीएचसी पहुंचे। सीएचसी में तैनात डॉ. चंद्रप्रभा ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। इसके करीब 10 मिनट बाद ही उनकी मौत हो गई। दीपक कुमार किराए के मकान में अकेले रहते थे। सीएचसी से दीपक कुमार की मौत की जानकारी माल थाने में दी गई। इस पर सहायक पुलिस आयुक्त मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे, इंस्पेक्टर नवाब अहमद और डायल-112 प्रभारी धर्मेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। दीपक कुमार मूल रूप से आगरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर सिपाही की मौत का सही कारण पता चलेगा। फिलहाल, माना जा रहा है कि हार्ट अटैक से सिपाही की मौत हुई है।

### केंद्रीय विद्यालय के छात्र व शिक्षकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधनी लखनऊ के केंद्रीय विद्यालय एसजीपीजीआई में मंगलवार को शहर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में विद्यालय के सभी छात्र और शिक्षक शामिल हुए। प्रभारी प्राचार्य डॉ. कौशलेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को तिरंगा वितरित कर यात्रा की शुरुआत की। छात्र और शिक्षक देशभक्ति के नारे लगाते हुए एसजीपीजीआई कैम्पस से रायबरेली रोड तक पहुंचे। यात्रा का कुल मार्ग लगभग 3 किलोमीटर का था। यात्रा के दौरान छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। इससे पूरे पीजीआई कैम्पस में देशभक्ति का माहौल बन गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शोएब इस्लाम, वरुण कुमार, नेम सिंह, डॉ. नलिनी श्रीवास्तव और फराजुल हसन का विशेष योगदान रहा।

### एनआरआई डॉक्टर की ईरानी पत्नी ने बेटे को किया किडनैप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी में रहने वाले एनआरआई डॉक्टर अरुणाभ राय ने अपनी ईरानी पत्नी पर बेटे के अपहरण का आरोप लगाया है। डॉक्टर ने पत्नी शूका अरबी पर एफआईआर दर्ज कराई है। डॉ. अरुणाभ ने बताया कि वह लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई के बाद वहीं रह रहे थे। इस दौरान उनकी शादी ईरान की राजधानी तेहरान के पास कराज की रहने वाली शूका अरबी से हुई। दोनों का एक बेटा रायान हुआ। कुछ समय बाद परिवार लखनऊ शिफ्ट हो गया। यहां दंपती के बीच विवाद शुरू हो गया। दोनों ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दी। बाद में समझौता हो गया और दोनों शर्तों के साथ रहने लगे। उनका 6 साल का बेटा रायान सुशांत गोल्फसिटी के एक प्रतिष्ठित स्कूल में दूसरी कक्षा का छात्र है। डॉक्टर का आरोप है कि 30 जुलाई को जब वह अपनी मां के साथ जमशेदपुर गए थे, तब शूका ने साजिश के तहत बेटे का अपहरण कर लिया। इतना ही नहीं, वह 20 लाख रुपए से अधिक के जेवरात भी ले गई। सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाकियू की बैठक, निगोहा में प्रदेश सचिव का स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहा क्षेत्र के अहिरवार धाम में भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला संगठन मंत्री समर यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश सचिव अनमोल तिवारी का स्वागत किया गया। बैठक में चौपाल लगाकर किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। साथ ही किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में किसान नेता नीरज वर्मा, आशु नेता, कुलदीप रावत, तारा सिंह यादव और लखनानंद महाराज उपस्थित रहे। इसके अलावा सुजीत यादव, नीरज रावत, मनोज विजय यादव, सरोज यादव सैनी, शुभम कुमार, संजू मिश्रा, पिंटू सहित अन्य किसान साथी भी मौजूद रहे।

### दिल्ली क्षेत्र में पार्सल यातायात पर अस्थाई प्रतिबंध

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सर्व सम्बंधित को सूचित किया जाता है स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दिल्ली क्षेत्र (यानी नई दिल्ली, दिल्ली ज.,हजरत निजामुद्दीन, आनन्द विहार टर्मिनलऔर दिल्ली सराय रोहिल्ला) में सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन (लीज्ड एसएलआर, वीपी सहित) पर 15 अगस्त तक अस्थाई प्रतिबंध लगाए गए हैं। पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेज/पैकिंग से मुक्त रहेंगे और सभी उपरोक्त स्टेशनों पर लीज्ड एसएलआर और वीपी सहित आवक और जावक पार्सल ट्रैफिक दोनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। केवल यात्री डिब्बों में व्यक्तिगत सामान की अनुमति दी जा सकती है और सभी व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पंजीकृत समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की बुकिंग की अनुमति दी जाएगी।यह प्रतिबंध दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों (यानी नई दिल्ली, दिल्ली ज0, हजरत निजामुद्दीन, आनन्द विहार टर्मिनलऔर दिल्ली सराय रोहिल्ला) से चलने वाली ट्रेनों में सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन (लीज्ड एसएलआर, वीपी सहित) पर लागू है और यह दिल्ली क्षेत्र में लोडिंग/अनलोडिंग के लिए स्टॉपेज वाले अन्य डिवीजनों/क्षेत्रों से गुजरने वाली ट्रेनों पर भी लागू होगा।

### एएमसी सेंटर व कॉलेज ने शुरू किया साइकिलिंग अभियान



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एएमसी सेंटर एवं कॉलेज लखनऊ ने 12 अगस्त को एक साइकिलिंग अभियान चलाया। एएमसी सेंटर एवं कॉलेज, लखनऊ के डिप्टी कमांडेंट, वीएसएम, मेजर जनरल के.जे. सिंह के नेतृत्व में 15 सदस्यों की एक टीम ने इस अभियान में भाग लिया। एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के कमांडेंट एवं ओआईसी रिकॉर्ड्स और कर्नल कमांडेंट एएमसी लेफ्टिनेंट जनरल शिविंदर सिंह ने लखनऊ छावनी स्थित मुख्यालय एएमसी सेंटर एवं कॉलेज से अभियान टीम को झंडी दिखाकर रवाना किया। टीम लखनऊ से अयोध्या और वापस लखनऊ तक 300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और 14 अगस्त 2025 को एएमसी सेंटर एवं कॉलेज लखनऊ छावनी में संपन्न होगी। यह अभियान स्वस्थ भारत, सशक्त भारत - एक स्वस्थ राष्ट्र के लिए स्वतंत्रता यात्रा 78 के संदेश को बढ़ावा देगा और राष्ट्र निर्माण में जन भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा।

**डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन विधान परिषद में कहा**

# भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने कानून व्यवस्था का मुद्दा सदन में उठाया। इस पर नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने जवाब दिया। जवाब से संतुष्ट न होने पर सपा सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया।



विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है, जनता ने राहत की सांस ली है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में अपराधियों, माफियाओं का बोलबाला था। सपा के शासन में अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती थी। वर्तमान में प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है। अपराध होता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी होती है। विधान परिषद में कानून व्यवस्था का मसला सपा की तरफ से उठाए जाने पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता था।

### 2027 में गरीबों के उत्थान के लिए फिर से बनेगी भाजपा सरकार

सपा के समय में यूपी में भय का वातावरण था। 2017 के चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी अहंकार के आकाश पर चढ़ गई थी। जनता को लगा कि सपा सरकार आएगी तो फिर से वही स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। सपा की मनोरथ पूरे होने वाले नहीं हैं। सपा डूबती हुई नाव है। 2017 में जो हुआ वहीं 2027 में होगा। भ्रष्टाचारी, अपराधियों को राजनीति में आगे लाने का काम सपा ने किया। सपा के शासनकाल में कोई भी पर्व त्यौहार सकुशल संपन्न नहीं होते थे। फर्जीवाड़े की हवा निकल चुकी है। हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में कमल खिला है। 2027 में गरीबों के उत्थान के लिए फिर से भाजपा की सरकार बनेगी।

### गुंडे, माफिया व दंगाई कौन हैं, जनता भली-भांति जानती है



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और समाजवादी पार्टी (सपा) नेता शिवपाल सिंह यादव के बीच मंगलवार को सोशल मीडिया पर तीखी बहस छिड़ गई और दोनों ने एक-दूसरे की पार्टियों पर अपराधियों को पनाह देने का आरोप लगाया। मौर्य ने 'एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया, ''गुंडे, माफिया और दंगाई-सबके सब सैफई परिवार के भाई। उन्होंने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया। इस पर पलटवार करते हुए सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने 'एक्स पर पोस्ट कर कहा, ''केशव जी, गुंडे, माफिया और दंगाई कौन हैं, यह उत्तर प्रदेश की जनता भली-भांति जानती है। उन्होंने कहा, ''बुलडोजर से कानून का गला घोंटने वाले, किसानों पर लाठियां बरसाने वाले, किसानों की जमीन पर कब्जा करने वाले, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के संरक्षक, ये सब आपके आंगन के 'भाई हैं। यादव ने कहा, ''सैफई परिवार ने तो अस्पताल, स्टेडियम, नौकरियां और विश्वविद्यालय दिए, आपके 'परिवार ने क्या दिया? नफरत, महंगाई और जंगलराज।

## दो बाइक की टक्कर में पत्नी-बेटे के साथ जा रहे युवक की मौत

**लखनऊ।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़रा निवासी विनय (45) की सड़क हादसे में मौत हो गई। मंगलवार सुबह विनय अपनी पत्नी शर्मा देवी और 2 वर्षीय बेटे विराट के साथ रहीमाबाद जा रहे थे। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भावा खेड़ा मोड़ के पास रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी टक्कर हो गई। सड़क पर गिरने से विनय गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल विनय को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में माता रामावती, पत्नी शर्मा देवी व बच्चे दीपिका, काजल, विक्रांत, विराट हैं।

## पेट्रोल-डीजल की तस्करी करने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में यूपीएसटीएफ ने मंगलवार तड़के पेट्रोल-डीजल की तस्करी करने वाले गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये लोग पेट्रोल-डीजल में एथेनॉल-साल्वेंट मिलाकर दूसरे राज्यों में सप्लाई करते थे। छापेमारी में भारी मात्रा में साल्वेंट, पेट्रोल और डीजल बरामद हुआ है।

एसटीएफके अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार नागर ने बताया लोधामऊ गांव के पास किसानपथ पर सीतापुर की तरफ जाने वाले हाईवे किनारे एक बाग में छापेमारी की गई। एसटीएफ की टीम, आबकारी विभाग के साथ पहुंची और टैंकरों और कंटेनरों की जांच की। इनमें मिक्स साल्वेंट के साथ ज्वलनशील ईंधन मिला। नमूने की जांच में एथेनॉल-साल्वेंट की पुष्टि हुई। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उनका संगठित गिरोह लखनऊ और आसपास के जिलों में मिलावटी पेट्रोल-डीजल 75-80 रुपए प्रति लीटर में बेचता है। केमिकल 30 रुपए प्रति लीटर के भाव से मंगाया जाता है। पेट्रोल-डीजल कंपनियों के टैंकरों से ईंधन निकालकर उसमें बराबर मात्रा में साल्वेंट मिला दिया जाता है ताकि मात्रा में कमी न दिखे। गिरोह का सरगना रिंकू पहले भी जुलाई 2024 में इसी अपराध में सैरपुर थाने से जेल जा चुका है।

## प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूलों के विलय के विरोध में भाकपा का प्रदर्शन

**लखनऊ।** पूरे देश की जीडीपी का 6 प्रतिशत शिक्षा का बजट होना चाहिए परन्तु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.65 प्रतिशत जारी किया गया। बाराबंकी में आज भाकपा के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि पूरे देश की जीडीपी का 6 प्रतिशत शिक्षा का बजट होना चाहिए परन्तु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.65 प्रतिशत ही जारी किया गया, जिससे देश का युवा शिक्षा से वंचित होगा। उत्तर प्रदेश में सरकारी प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूलों के विलय के विरोध में प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि सरकार की गलत शिक्षा नीतियाँ गरीबों और ग्रामीणों के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही हैं ।

**जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने इण्टरनेशनल इण्टरफेथ कॉन्फ्रेंस के मौके पर कहा**

## शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ ज्ञान अर्जन नहीं अपितु विश्व एकता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 'इण्टरनेशनल इण्टरफेथ कान्फ्रेन्स' के दूसरे दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्वतन्त्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री, जल शक्ति, उ.प्र. ने सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलित कर किया।

मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ ज्ञान अर्जन ही नहीं अपितु विश्व एकता है और इसी प्रकार धर्म का उद्देश्य सामाजिक समरसता, प्रेम व शान्ति है। उन्होंने भावी पीढ़ी का आह्वान किया कि धर्म के मर्म को समझकर एकता व शान्ति



की भावना से राष्ट्रनिर्माण में योगदान दें। इस अन्तर्राष्ट्रीय धार्मिक समन्वय सम्मेलन में इजिप्ट, अमेरिका, लेबनान, ब्राजील एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से पधारे विद्वजन प्रतिभाग कर रहे हैं। सम्मेलन के दूसरे दिन विभिन्न धर्मों के अनुयाइयों, विचारकों, दार्शनिकों, धर्माचार्यों व शिक्षाविदों की एक मंच पर उपस्थिति ने सर्वधर्म समभाव का अनूठा आलोक बिखेरा। सम्मेलन का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना एवं सर्वधर्म प्रार्थना एवं वंदे मातरम की सुमधुर प्रस्तुतियों से हुआ। सम्मेलन के अन्तर्गत दूसरे दिन की परिचर्चा का शुभारम्भ पैनल डिस्कशन से हुआ, जिसका संचालन मुज्तबा अली खान ने किया। इस परिचर्चा में भाग लेते हुए सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि धर्म हमें पूर्वाग्रहों से मुक्त होने के लिए प्रेरित करता है। न्यायमूर्ति डा. आदिल ओमर शरीफ, डेप्युटी चीफ जस्टिस, सुप्रीम कन्स्टीटूयशनल कोर्ट ऑफ इजिप्ट, ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन धार्मिक अज्ञानता को मिटाकर मानवता को सही राह दिखाते हैं। लेबनान से पधारी डा. सैली हम्मूद का कहना था कि धर्म को सही तरीके से न समझ पाने से ही गलतफहमी उत्पन्न होती है।

## लाल किले पर कार्यक्रम में शामिल होंगे यूपी के 178 श्रमिक : सुंदरम

**लखनऊ।** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के लाल किले, जहाँ से प्रधानमंत्री राष्ट्र को सम्बोधित करेंगे, उस समारोह में प्रदेश के 178 श्रमिक, जिन्हें बंधुआ श्रम की परिस्थितियों से मुक्त कराया गया है, प्रतिभाग करेंगे। इसमें 89 महिला श्रमिक सम्मिलित हैं। प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ एमके शन्मुगा सुन्दरम ने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश से 89 ऐसी महिला श्रमिक, जिन्हें बंधुआ श्रमिकों को विभिन्न कार्यस्थालों से अवमुक्त कराकर पुनर्वासित कराया गया है, को 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले पर होने वाले समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, इनके पति या पिता भी प्रतिभाग करेंगे।

## पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत उत्तर प्रदेश को मिले 54,581 नए आवास

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 की चौथी सीएसएमसी की बैठक आज वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव, कतिकीथला श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में उत्तर प्रदेश को बड़ी उपलब्धि मिली।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बीएलसी) घटक के तहत, उत्तर प्रदेश को 54,581 नए आवासों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। यह स्वीकृति प्रदेश में शहरी गरीबों और जरूरतमंदों को अपना घर बनाने के सपने को साकार करने में मदद करेगी। इससे पूर्व प्रदेश को प्रधानमंत्री



आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत 1,97,895 आवासों की स्वीकृति मिल चुकी है। इस प्रकार योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में कुल 2,52,476 आवासों को मंजूरी मिल चुकी है। चौथी सीएसएमसी की बैठक में आवासों को स्वीकृति मिलने के अवसर पर निदेशक सूडा अपूर्वा दुबे ने कहा कि इन नए आवासों के निर्माण से प्रदेश में बेघर परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य नगरीय विकास अभिकरण शहरी क्षेत्रों में सभी पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## युवती के परिजनों के उकसाने पर युवक ने लगाई फांसी

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के मड़ियांव क्षेत्र में बीते रविवार को हुए अभिषेक की आत्महत्या मामले में पुलिस ने युवती और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के पिता रामसरन गुप्ता ने आरोप लगाया है कि बेटे को प्रेमिका और उसके परिवार ने आत्महत्या के लिए मजबूर किया। जिससे परेशान होकर उसने फांसी लगा ली। रामसरन गुप्ता के मुताबिक, प्रीतिनगर अन्ना मार्केट निवासी उनका बेटा अभिषेक बीकेटी के साढ़ामऊ निवासी शालू गुप्ता से प्रेम करता था। करीब एक महीने पहले उन्हें इस रिश्ते की जानकारी मिली। पूछताछ पर अभिषेक ने बताया कि शालू के परिजनों की मौजूदगी में चंद्रिका देवी मंदिर में शादी भी हुई थी, लेकिन शादी के बाद शालू अपने परिवार के साथ वापस चली गई।

## यूपी के कृषि क्षेत्र में मौजूद अवसरों व चुनौतियों पर ध्यान देने की जरूरत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** एक अग्रणी कृषि इनपुट कंपनी धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने 'उत्तर प्रदेश में कृषि की अप्रयुक्त क्षमता के सदुपयोग के लिए अच्छी गुणवत्ता के कृषि इनपुट की भूमिका' पर रोशनी डाली तथा राज्य के कृषि क्षेत्र में मौजूद अवसरों और चुनौतियों पर भी जोर दिया, जिन पर जल्द से जल्द ध्यान देने की जरूरत है। देश की सबसे उपजाऊ जमीन होने के बावजूद भी उत्तर प्रदेश में फसल उत्पादकता में काफी असमानता देखने को मिलती है।

उदाहरण के लिए राज्य में गन्ने की औसत उत्पादकता लगभग 84 टन प्रति हेक्टेयर है, जबकि कुछ विशेष क्षेत्रों में यह 284 टन प्रति हेक्टेयर तक भी है। इससे स्पष्ट है कि राज्य में बहुत अधिक



क्षमता है जिसका सही उपयोग किया जा सकता है। इसी तरह यूपी में गेंहू की औसत उत्पादकता 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, जबकि पंजाब में यह 67.4 क्विंटल है, यानि प्रदेश में गेंहू का उत्पादन 2-3 गुना बढ़ाया जा सकता है। हाल ही में आयोजित सीआईआई शुगरटेक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश में कृषि की अत्यधिक अप्रयुक्त क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि बेहतर तरीकों और अच्छी गुणवत्ता के इनपुट से कृषि में बदलावकारी परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

**आस्था**

**सावन में धार्मिक स्थलों एवं घाटों पर रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़**

# श्रावण मास के महापर्व से व्यापारियों व अर्थव्यवस्था को मिली गति

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** सावन के महीने में प्रदेश के पवित्र स्थलों एवं घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एकत्र हुई। इससे पर्यटन को गति मिली तथा स्थानीय कारोबारियों को व्यवसाय मिला।

साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और सुदृढ़ करने का जरिया बना। लखनऊ से लेकर वाराणसी के पौराणिक मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बाराबंकी के शिवालयों, बागपत के श्रावण मेले, हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर घाट तक 'हर हर महादेव' के जयकारों से पूरा माहौल गूंजता रहा। पर्यटन एवं



संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ के प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर में सामान्य दिनों में जहां 5 से 6 हजार श्रद्धालु आते थे, सावन मास में यह संख्या बढ़कर 15 से 20 हजार से ऊपर पहुंच गई। वहीं, बुद्धेश्वर मंदिर में हर बुधवार और सोमवार को श्रद्धालुओं की संख्या 20 हजार से भी अधिक रही। बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर में इस सावन करीब 12 लाख श्रद्धालु पहुंचे, जिनमें से सिर्फ सोमवार को 2.05 से 3 लाख भक्तों ने जलाभिषेक किया। बागपत के श्रावण मेले में लगभग 14 लाख लोग शामिल हुए, जबकि सोमवार को अकेले 5 लाख से अधिक भक्तों ने पूजा-अर्चना की। गढ़मुक्तेश्वर घाट, हापुड़ से एक लाख से अधिक कांवड़िये गंगाजल लेकर लौटे। लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ मंदिर में 8 से 10 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्री काशी विश्वनाथ धाम इस बार भी श्रावण मास का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आकर्षण बना रहा। अनुमान है, कि यहां पिछले साल की तुलना में भीड़ में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। प्रतिदिन 70,000 से 82,000 श्रद्धालु पहुंचे, जिसमें सोमवार को सर्वाधिक भीड़ दर्ज की गई। इस बढ़ोतरी को काशी की आध्यात्मिक महत्ता और सरकार द्वारा प्रदान की गई बेहतर सुविधाओं तथा भीड़ प्रबंधन की सफलता का परिणाम माना जा रहा है।

**प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा श्रावण 2025 में उमड़ा जनसैलाब हमारी धार्मिक पर्यटन नीति की बड़ी सफलता का जीवंत प्रमाण है। मंदिर परिसरों की व्यवस्थाओं से लेकर परिवहन, सुरक्षा और सुविधाओं तक, हर स्तर पर सूक्ष्मता से तैयारी की गई, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सहज, अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हो सके।**

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के जुलाई के रिकॉर्ड के मुताबिक सावन माह में राजधानी लखनऊ में पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। सिर्फरिहायशी होटलों में करीब 3.50 लाख पर्यटक ठहरे, जिनमें लगभग 5,000 विदेशी पर्यटक भी शामिल थे। सावन के दौरान लगे पारंपरिक मेलों में 6.04 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ उमड़ी। इसी महीने लखनऊ में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों और महोत्सवों में करीब 49,200 लोग शामिल हुए, जबकि पारम्परिक त्योहारों में 16,700 से अधिक लोग जुटे। ये आंकड़े साबित करते हैं कि प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन लगातार बढ़ रहा है।

## फतेहपुर मकबरा बनाम मंदिर मामले में दोषियों को मिले सजा : अखिलेश

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश स्थित फतेहपुर की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सपा चीफ ने इस मामले में केंद्र और राज्य की सरकार पर तंजिया लहजे में सवाल पूछा है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने मांग की है कि दोषियों को सजा हो। कन्नौज सांसद ने लिखा कि फतेहपुर में घटी घटना, तेजी से खत्म होती भाजपा की निशानी है। जब-जब भाजपा और उनके संगी साथियों की पोल खुलने लगती है, तब-तब सौहार्द बिगाड़ने की साजिश की जाती है। जनता अब भाजपाई चाल को समझ गयी है। अब ऐसी करतूतों में जनता न तो अटकेगी और न ही इन घटनाओं से भटकेगी।

# डीएम ने बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर का किया निरीक्षण

## डीएम ने दिये कजरीतीज एवं कांवड़ जलाभिषेक आयोजन से पहले सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

आगामी कजरीतीज एवं कांवड़ जलाभिषेक पर्व के दृष्टिगत नगर में स्थित ऐतिहासिक बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ तथा धार्मिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कराने हेतु जिलाधिकारी गोंडा प्रियंका निरंजन तथा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन द्वारा मंदिर परिसर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था एवं मेडिकल, बैरिकेटिंग सुविधाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जलाभिषेक हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित मार्गदर्शन, ट्रैफिक व्यवस्था और बैरिकेटिंग की प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने मंदिर के आसपास की सफाई व्यवस्था की विशेष समीक्षा की तथा नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर एवं प्रमुख मार्गों पर नियमित साफ-सफाई की जाए और कहीं भी गंदगी न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की एक टीम 24 घंटे तैनात रहे।

निरीक्षण के दौरान पुलिस विभाग को भी निर्देशित किया गया कि सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो और महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु महिला पुलिस बल की तैनाती की जाए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से संपूर्ण क्षेत्र पर नजर रखी जाए। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें और पर्व को शांतिपूर्ण एवं श्रद्धापूर्वक मनाएं। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन की ओर से हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विशाल कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकार सिटी आनंद कुमार राय, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, नगर पालिका, स्वास्थ्य, विद्युत, पुलिस एवं मंदिर के पुजारी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गंदगी बनी जनता के लिए सिरदर्द, प्रशासन बेखबर

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



गोंडा शहर में फैली गंदगी लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। शहर के मुख्य बाजारों, मोहल्लों और सड़कों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। नालियां जाम पड़ी हैं और चारों ओर दुर्गंध फैली हुई है, जिससे स्थानीय लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर पालिका की ओर से सफाई के पुख्ता इंतज़ाम नहीं किए जा रहे हैं। कई इलाकों में हफ्तों तक कूड़ा नहीं उठाया जाता, जिससे मच्छर, मक्खियों और आवारा जानवरों की भरमार हो गई है। इससे डेंगू, मलेरिया और पेट से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। शहर के स्टेशन रोड के बड़गांव पुलिस चौकी चौराहे के आसपास मेवतियां मोहल्ला जिगरगंज

- प्रकरण बड़गांव पुलिस चौकी चौराहे का जिसका सबसे गंदे चौराहे का नामकरण भी किया जा चुका है

तथा चौक में जगह-जगह गंदगी का अम्बार लगा हुआ है इलाके खास तौर पर गंदगी से सबसे अधिक प्रभावित हैं। कई बार शिकायतें करने के बावजूद सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि गंदगी की वजह से ग्राहक भी कम आने लगे हैं। स्कूल और अस्पतालों के पास भी गंदगी का अंबार लगा है, जिससे बच्चों और मरीजों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। प्रशासनिक अधिकारी फिलहाल केवल कागजों पर ही सफाई का दावा करते नजर आ रहे हैं। नगर पालिका के अधिकारियों से जब इस संबंध में बात की गई, तो उन्होंने जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया, लेकिन ज़मीन पर कोई बदलाव नहीं दिख रहा। अब देखना होगा कि गोंडा की जनता कब तक इस गंदगी से निजात पाती है और प्रशासन कब इस गंभीर समस्या की ओर ठोस कदम उठाता है।

## पुलिस ने अपहरण ईनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** बीते सोमवार को थाना को0 मनकापुर क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाना को0 मनकापुर में लिखित तहरीर के द्वारा सूचना दी कि दिनांक 09.06.2025 को दोपहर में उसकी लड़की घर से अचानक गायब हो गई है। वादी की लिखित तहरीर पर थाना को0 मनकापुर में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा प्रकरण को संज्ञान में लेकर लड़की की सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिससे दिनांक 14.06.2025 को पुलिस टीमों द्वारा किए गए अथक मेहनत एवं प्रयासों के उपरांत अपहृत लड़की को रेलवे स्टेशन गोरखपुर से सकुशल बरामद किया गया था। प्रकरण में प्रकाश में आए आरोपी अभियुक्त अमित कुमार की शीघ्र गिरफ़्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा अभियुक्त पर रु0 10,000/- का ईनाम घोषित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 12.08.2025 को थाना को0 मनकापुर पुलिस द्वारा अपहरण करने के आरोपी अभियुक्त अमित कुमार को रेलवे स्टेशन मनकापुर से गिरफ्तार किया गया।

# डीएम तो दूर मुख्यमंत्री का आदेश भी एसडीएम के सामने बौना




गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन व नवागंतुक जिलाधिकारी गोंडा प्रियंका निरंजन भी उप जिला अधिकारी मनकापुर की कार्यशाली में बदलाव नहीं कर पाईं। जिससे लाखों प्रयास के बावजूद भी एसडीएम मनकापुर नियम व्यवस्था को दरकिनार करते हुए तहसील मुख्यालय पर रात्रि विश्राम नहीं करते हैं और समय पर तहसील न पहुंचने के कारण अपने पीड़ा को लेकर पहुंचे फरियादियों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। इस संबंध में जब मंगलवार की सुबह करीब

- एसडीएम कार्यालय के सामने कुत्ते कर रहे विश्राम

10:30 बजे तहसील मुख्यालय पहुंचकर लाइव लोकेशन के साथ स्थिति देखी गई तो तहसील में उप जिलाधिकारी कक्ष के सामने कुत्ते विश्राम करते पाए गए और तहसील प्रांगण में छुट्टा मवेशी कुलाचे भर रहे थे। वहीं तहसील में मौजूद कई अधिवक्ताओं से बात किया गया तो लोगों ने बताया कि साहब कभी भी 11:00 बजे से पहले तहसील नहीं पहुंचते हैं। और यहां पर ऑफिस में

> तहसील में निरंतर जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए निराकरण करवाने के साथ स्थानीय कर्मचारियों की शिकायत मिलते ही जांच की जाती है तथा प्रांगण में जल भराव की समस्या से छुटकारा पाने के लिए नाली बनवाने की व्यवस्था की जा रही है इसके संबंध में लिखा पढ़ी की गई है। और रात्रि विश्राम के संबंध में जवाब देते हुए उप जिलाधिकारी मनकापुर ने बताया कि मनकापुर में एसडीएम का आवास नहीं है, इसलिए लगातार रात्रि विश्राम करने में समस्या होती है, फिर भी कभी-कभी रुक करके निरंतर जनसुनवाई की जाती है। और मंगलवार को क्षेत्र में होने की वजह से 10:30 के आसपास तहसील में मेरी उपलब्धता नहीं थी।

वर्षों से कई पटलों पर कर्मचारी निरंतर जमे हुए हैं जिनके विरुद्ध शिकायत होने के बावजूद भी कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं हो रही है।

# हर घर तिरंगा रैली का हुआ भव्य आयोजन

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को जिलाधिकारी गोंडा श्रीमती प्रियंका निरंजन तथा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रैली में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, एनसीसी के कैडेट्स, प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी), तथा स्काउट एवं गाइड के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रगान और देशभक्ति नारों के साथ नगर भ्रमण किया, जिससे आमजन में देशप्रेम की भावना जागृत हुई। रैली का उद्देश्य आम नागरिकों को यह प्रेरणा देना था कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं और देशभक्ति के इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान न केवल हमारे देश के गौरव का प्रतीक है, बल्कि यह हम सभी को हमारी एकता, स्वतंत्रता और राष्ट्रीयता का स्मरण भी कराता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान में पूर्ण उत्साह से भाग लें और समाज को भी प्रेरित करें। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने भी उपस्थित छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि देश के प्रति निष्ठा और सम्मान को व्यक्त करने का यह एक बेहतरीन अवसर है, जिसे हमें पूरी भावना और गरिमा के साथ मनाना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार पांडेय ने सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्रों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करते हैं।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ। रैली ने शहर में देशभक्ति का माहौल उत्पन्न कर दिया और ÷हर घर तिरंगा अभियान को एक नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, डीओ पीआरडी, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दो उर्वरक बिक्री प्रतिष्ठानों का डीएम ने किया निरीक्षण



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

तहसील नानपारा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान नानपारा नगर स्थित 02 उर्वरक बिक्री केन्द्रों का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ औचक निरीक्षण किया। उर्वरक विक्रेता बुद्धीलाल एण्ड सन्स व मोहित इन्टरप्राइजेज़ के निरीक्षण के दौरान उर्वरक की उपलब्धता तथा वितरण इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि शासन द्वारा गाईडलाइन के अनुसार कृषकों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री की जाय। डीएम ने सचेत किया कि ओवररेटिंग, टैगिंग जैसी शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बिक्री केन्द्र पर मौजूद कृषकों से संवाद कर उर्वरक के सम्बन्ध में फीड बैक प्राप्त किया। इस अवसर पर एसडीएम लालधर यादव व पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि सोमवार को देर शाम जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में उर्वरक की उपलब्धता एवं बिक्री समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिक्री प्रतिष्ठानों की सघन जांच की जाय।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि कोई व्यक्ति उर्वरक की तस्करी करते हुए पाया जाय तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि भारत नेपाल सीमा पर स्थित वनों से आच्छादित तथा आबादी के आस-पास के क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाय। डीएम ने एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में स्थित उर्वरक दुकानों की आकस्मिक जांच करते रहें।

# चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

- कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला, पुलिस ने किया रोकने का प्रयास

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पीपल तिराहे स्थित कांग्रेस भवन के सामने चुनाव आयोग का पुतला फूंका और नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। पुलिसकर्मियों ने पुतला जलाने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंक दिया। शिवेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि



चुनाव आयोग वोटों में हेराफेरी कर रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार इस मुद्दे पर सवाल उठा रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर के विरोध में विपक्षी पार्टियां पिछले कुछ दिनों से लगातार प्रदर्शन कर रही हैं। इस दौरान प्रदर्शन में कांग्रेस नेता शेख जकरिया सहित कई पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर का सामान चुरा ले गए चोर...

- पुलिसिया तामझाम हुआ फेल, रात्रि गस्त पर उठे सवाल
- थानाध्यक्ष बोले, तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर हो रही जांच

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

खैरीघाट थाना क्षेत्र में चोरों का गिरोह लगातार बढ़ता जा रहा है। आलम यह है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया और सारा सामान चुरा ले गए। आरोग्य मंदिर में तैनात एनम कंचन देवी ने स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर तथा थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह छः अगस्त को रक्षाबंध का त्यौहार मनाने अपने गृह जनपद मऊ गई हुई थी। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे सेंटर



**इससे पूर्व हुई चोरी का भी अब तक नहीं हो सका खुलासा**

इससे पहले 26 दिसंबर 2024 को एनम उपकेंद्र बौंडी तथा 4 मई 2024 को हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर व 25 अगस्त 2025 को एनम उपकेंद्र रामपुर धोबियाहार सहित गांव में हुई अन्य चोरी का अबतक खुलासा नहीं हो सका है।

पहुंची तो ताला टूटा हुआ था। अंदर सभी कमरे का भी ताला टूटा था। आरोग्य मंदिर में रखा फ्रिज, कूलर, इन्वेंटर, बैट्रा, गैस सिलेंडर सहित अन्य कीमती सामान नदारत था। जिससे यह चोरी प्रतीत होती हैं। थानाध्यक्ष रशीद अली खान ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

# मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में खाद की किल्लत से किसान बेहाल



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

- आम आदमी पार्टी ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जिले के मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में खाद की भरी किल्लत से परेशान किसानों की आवाज को बुलंद करने और किसानों की परेशानी देखते हुए आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए तहसील मिहींपुरवा में जम कर नारे बाजी किया और उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा प्रकाश सिंह को ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि खरीफ फसल के इस अहम समय में खाद की अनुपलब्धता के कारण किसान समय पर बुआई व फसलों को आवश्यक पोषण नहीं दे पा रहे है, जिससे फसलों की उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह स्थिति किसानों की मेहनत को व्यर्थ कर रही है और उनकी आर्थिक स्थिति पर गहरा आघात पहुंच रहा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष फिरोज हैदर ने कहा कि किसानों की समस्याओं को हल करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी लेकिन खाद वितरण में लापरवाही किसानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो हम आदमी पार्टी किसान हित में आंदोलन करेगी। उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा प्रकाश सिंह का कहना है जिन दुकानों पर ओभर रेटिंग पर खाद वितरण किया जा रहा है उन्हें चिन्हित कर लाइसेंस रद्द किया जाएगा। इस मौके पर रजत चौरसिया, प्रदीप कुमार, अभय यादव, प्रदीप कुमार सिंह, उमेश विश्वकर्मा, सतीश चंद, अनुज कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

# महसी में 5 किमी लंबी तिरंगा यात्रा, हजारों लोगों ने लिया हिस्सा



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

महसी विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मंगलवार को तेजवापुर क्षेत्र में भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के नेतृत्व में बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा ने 5 किलोमीटर की दूरी तय

- भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा

की। यह विकास खंड तेजवापुर में स्थित शहीद स्मारक तक पहुंची। मार्ग में लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाए। पूरा इलाका भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान हो उठा। शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विधायक सुरेश्वर सिंह ने देश की आजादी में सभी धर्मों के योगदान को याद किया। उन्होंने वीर अब्दुल हमीद का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने शरीर पर बम बांधकर दुश्मन के टैंक नष्ट किए थे।उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय, दिवाकर पांडेय और मंडल अध्यक्ष विद्याधर बाजपेई सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

## विशेश्वरगंज में भी गगनभेदी नारों के साथ निकली भव्य यात्रा

विशेश्वरगंज बहराइच समृद्धि और आज़ादी के अमृत महोत्सव पर मंगलवार को विकास खंड बिशेश्वरगंज देशभक्ति की अनूठी बयार में डूब गया। विशेश्वरगंज में विधायक सुभाष त्रिपाठी और धनुही में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय के नेतृत्व में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्राओं में सड़कों पर देशभक्ति का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग—सभी हाथों में तिरंगा थामे पूरे जोश, गर्व और उत्साह से लबरेज़ दिखे। यात्रा शुरू होते ही भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारे गूंजे, जिनकी प्रतिध्वनि से कस्बा जैसे जीवंत हो उठा। इस मौके पर राकेश पांडेय ने कहा—तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है। इसके सम्मान में हर नागरिक को तन-मन-धन से आगे आना चाहिए। देशभक्ति गीतों की गूंज, रंग-बिरंगे झंडों की लहराहट और नारों की गरज ने यात्रा के हर पड़ाव को उत्सव में बदल दिया। पूरे मार्ग पर पुलिस-प्रशासन सतर्क रहा और सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए। यह तिरंगा यात्रा न केवल एक आयोजन, बल्कि राष्ट्रीय एकता और गर्व का सजीव प्रमाण बन गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख सचिदानंद पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने निरीक्षण कर अभिलेखों की ली जानकारी

- तहसील अधिवक्ता संघ के शिष्टमण्डल के साथ की शिष्टाचार भेंट

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

मुख्यमंत्री व शासन के निर्देशानुसार राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के साथ-साथ जनशिकायतों व समस्याओं का समयबद्ध रूप से गुणवत्तापरक निस्तारण, तहसील आने वाले फरियादियों की सुविधाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, पार्किंग, सुरक्षा, सी.सी.टी.वी. कैमरों की स्थापना, तहसील भवन व परिसर की साफ-सफाई इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ तहसील नानपारा का निरीक्षण किया। तहसील के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने तहसील अधिवक्ता संघ के शिष्टमण्डल के साथ शिष्टाचार भेंट भी की। तहसील के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने तहसील परिसर व तहसील भवन की साफ-सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए डीएम ने अभिलेखों के रख-रखाव की जानकारी लेते हुए धारा-24 से सम्बन्धित वाद रजिस्टर, उपयोगिता प्रभार रजिस्टर, वसूली रजिस्टर, अंश निर्धारण, भू लेख रजिस्टर, ऑन लाइन पोर्टल पर राजस्व ग्राम सम्पत्ति रजिस्टर, निर्वाचन, बैंक बंधक परवाना इत्यादि अभिलेखों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई भी की तथा अन्त में तहसील सभागार में डीएम ने तहसील अधिवक्ता संघ के शिष्ट मण्डल के साथ शिष्टाचार भेंट करते हुए न्यायिक प्रक्रिया में बार-बेंच के बीच परस्पर सहयोग बनाये रखने का आहवान किया।




# कंटेनर और बस की भिड़ंत,दोनों चालक घायल

- खाली बस होने से बड़ा हादसा टला

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

मोतीपुर थाना क्षेत्र में स्थित नानपारा लखीमपुर मार्ग पर मंगलवार सुबह एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। रायबोझा पुल के पास सुबह करीब 8 बजे एक कंटेनर और बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। बस में कोई सवारी नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया।

दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल चालकों को एंबुलेंस की मदद से तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं दोनों वाहनों की टक्कर के बाद




नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर दोनों तरफ करीब चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम में सैकड़ों वाहन फंस गए। जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की जानकारी पर पुलिस कर्मी तत्काल मौके पर पहुंच गए थे । दोनों घायलों को स्वास्थ्य केंद्र भेज दुर्घटना ग्रस्त गाड़ियों को सड़क से हटवाया जा रहा है। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से भेजा जा रहा है।

## सुरक्षा बल के साथ डीएम-एसपी ने रूपईडीहा में किया रूट मार्च

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** आसन्न त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा क्षेत्र का भ्रमण किया। सर्वप्रथम डीएम व एसपी ने थाना रूपईडीहा पहुंचकर थाने पर मौजूद संभ्रान्तजन व मीडिया प्रतिनिधियों से परिचयात्मक भेंट कर क्षेत्रीय गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने सुरक्षा बल के साथ भारत-नेपाल सीमा स्थित प्रवेश द्वार तक रूटमार्च किया। डीएम व एसपी ने एसएसबी चेकपोस्ट के निकट स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सामूहिक दवा सेवन के लिए लगाये स्टाल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि अपने समक्ष की लोगों को दवा खिलायें।

## खबरें एक नजर में

### पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को किया गया तिरंगे झंडे का वितरण

**रायबरेली।** परियोजना अधिकारी डूडा शशि कुमार मेहरोत्रा ने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री (शहरी) आवास योजना के लाभार्थियों को डूडा के माध्यम से तिरंगे झंडे का वितरण किया गया। जनपद की 09 नगर पंचायतों व नगर पालिका रायबरेली में 40,400 झंडों का वितरण किया गया है। सभी झंडों का हरुरूयोजना के अंतर्गत गठित समूहों की महिलाओं के माध्यम से कराया गया है।

### नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**डलमऊ, रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा एक नाबालिक लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया आरोप है कि युवक ने रविवार को नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है यहां की रहने वाली एक नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी सचिन पुत्र राम सुमेर को मुखबिर खान की सूचना पर डलमऊ पुलिस टीम द्वारा चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया गया इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### प्राचीन सिद्ध शिव मंदिर का कराया गया जीर्णोद्धार



**रायबरेली।** जनपद में यूँ तो अनेक मंदिर और शिवाले हैं। लेकिन उन्हीं शिवालयों में कुछ इतने प्राचीन हैँ कि उनकी प्राचीनता की ठीक जानकारी नहीं है। इन्ही प्राचीन शिव मंदिरों में एक शिव मंदिर है जिसका गुरु शरण सिंह और उनके भाइयों ने लाखों रुपये लगाकर कराया जीणोद्धार। यह मंदिर जगतपुर, से डलमऊ रोड पर 12 कि मी पर दुर्गा गंज मोड़ (तिराहा)से उत्तर दिशा को जाने वाली रोड, गौरा खस परी, गांव में स्थित है। पूर्व सैनिक एवं मिशन मोदी के जिलाध्यक्ष नकुल सिंह ने हमारे संवाददाता से बात करते हुए जानकारी दी कि यह मंदिर सन् 1248 से पूर्व का प्राचीनतम मंदिरों में एक है जिसके बारे में अब तक बहुत कम लोगों को जानकारी है। जिसका शिला न्यास, दिखित वंश, (राजपूत) के पूर्वजों द्वारा करवाया गया था। यह शिव मंदिर बाबा नर्वदेश्वर के नाम से जाना जाता है। इस प्राचीन शिव मंदिर की जानकारी बहुत कम लोगों को है। लोगों के अनुसार यह भगवान भोले नाथ का सिद्ध दरबार है।

### झरेखापुर मण्डल में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**झरेखापुर (सीतापुर)।** विधान सभा हरगांव के झरेखापुर मंडल मे भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व मे बाइक से तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा झरेखापुर से बड़ेलिया चौराहे पर पहुंची वहां पर मंडल उपाध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने सभी कार्यकर्ताओ के लिये जलपान की व्यवस्था की। तिरंगा यात्रा समापन पर मंडल अध्यक्ष ने कार्यक्रम मे मौजुद सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया और कहा सभी लोग अपने घरों व प्रतिष्ठान पर पंद्रह अगस्त तक तिरंगा झंडा अवश्य लगायें। इस मौके पर चंद्रभाल कनौजिया, मण्डल महामंत्री अनुज शुक्ला, सुधीर मिश्रा, अंशू दीक्षित, उमेश गुप्ता, शिवकमल सिंह, अजय अवस्थी, अशोक सिंह, रामनन्दन राना, अभय सिंह, योगेश शुक्ला व अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन सम्पन्न

**सीतापुर।** प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केन्द्र सीतापुर ने बताया कि ग्राम पंचायत-पताराकला, शिवपुरी तहसील सिधौली जनपद-सीतापुर में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्रामीण स्वारोजगार योजना के अंतर्गत दिनाँक-11/08/2025 से दिनांक-12/08/2025 तक दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र-सीतापुर द्वारा किया गया, जिसमें 30 लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अनीस द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया जिसमें भू.पू. प्रभारी रामजी वर्मा व उद्यान निरीक्षक अजय प्रताप सिंह, समाज सेविका सरस्वती सिंह व डी.आर.पी. शिवकुमार पिप्पल, मास्टर ट्रेनर नेहा वर्मा एवं समाज सेवक राजू यादव व सहयोगी संजय कश्यप आदि मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनता की फरियाद



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में मंगलवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश दिये गए।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली गई तिरंगा रैली



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद में मंगलवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा जनपद में विभिन्न क्षेत्रों विकासखंड तिलोई, सिंहपुर, अमेठी और जामों में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं, स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ ने बताया कि रैली का उद्देश्य जनसामान्य को 13 से 15 अगस्त के बीच अपने-अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है, जिससे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंचे। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों के साथ लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और सही तरीके से फहराने के महत्व से अवगत कराया।

### मुसाफिरखाना में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील मुसाफिरखाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत मुसाफिरखाना मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा में पार्टी पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए जनता से इस राष्ट, व्यापी अभियान का हिस्सा बनने की अपील की। चलो सजाएं अपना वतन, तिरंगे से हर आंगन जिसमें जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत मुसाफिरखाना मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा में पार्टी पदाधिकारियों के साथ सहभागिता किया जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री अतुल सिंह, युवा भाजपा नेता राहुल कौशल विद्यार्थी, डॉ.महेंद्र मिश्रा, जीत बहादुर सिंह, घनश्याम पांडेय, मंडल अध्यक्ष रामगोपाल कौशल, नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश अग्रहरी, हरिशंकर दूबे, अरविंद कसेरा, विवेक दूबे, महिला मंडल की मूर्ता देवी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया साइबर कार्यशाला का आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस ऑफिस सभागार गौरीगंज में साइबर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के थानों के कम्प्यूटर ऑपरेटर व थानों की साइबर सेल, साइबर हेल्प डेस्क में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी गण द्वारा प्रतिभाग किया गया। नोडल साइबर क्राइम, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं थाना साइबर क्राइम, साइबर एक्सपर्ट द्वारा साइबर कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे अधिकारी, कर्मचारी गण को प्रशिक्षित किया गया जिससे नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज जनपद से संबंधित साइबर अपराध की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके तथा साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित सहायता प्रदान की जा सके।

### सीएमओ ने की राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत जनपद के सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल खिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने छात्राओं को कृमि से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बचाव एवं लक्षण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक एल्बेंडाजॉल खिलाने से पहले खांसी, बुखार, सांस फूलना आदि लक्षणों की जांच कर लें और लाभार्थियों के कांटेक्ट हिस्ट्री के बारे में जान ले। जो बच्चे बीमार है या कोई दवाई ले रहे हैं उन्हें एल्बेंडाजॉल दवाई नहीं खिलाई जाएगी। एल्बेंडाजॉल की खुली हुई दवाई को न छुएं और बच्चों को स्वयं खिलाएं, शिक्षक दवाई अच्छी तरह चबाकर खाने का निर्देश दें। शिक्षक बच्चों के माता-पिता को डीवार्मिंग के मामूली दुष्प्रभावों के बारे में भी बताएं। आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने कार्यालय में जनपद के मीडिया प्रतिनिधियों से मुखातिब होते हुए कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में 1 से 19 वर्ष के कुल लक्षित बच्चे 765801 हैं, जिन्हें आज नेशनल डीवार्मिंग डे के अवसर पर एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जा रही है।

# चेतावनी बिंदु छूने को बेताब गंगा का जलस्तर

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते गंगा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ता ही जा रहा है जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ने लगी है । सोमवार को सुबह के समय गंगा का जलस्तर 98.110 सेंटीमीटर था। वही दोपहर के समय 98.280 सेंटीमीटर हो गया। जबकि मंगलवार को सुबह के समय गंगा का जलस्तर 98.290 सेंटीमीटर था लेकिन शाम 5 बजे गंगा का जलस्तर 98.300 सेंटीमीटर पहुंच गया केंद्रीय जल आयोग डलमऊ के अनुसार गंगा का जलस्तर चेताबिंदु 98.360 सेंटीमीटर से कुछ ही दूर है वही उन्होंने ने यह भी बताया कि दोपहर बाद से गंगा का जलस्तर स्थिर हो गया है। केंद्रीय जल आयोग ने बताया कि 3 अगस्त 1973 मे पहली बार गंगा का जलस्तर खतरे के निशान 99.840 को पार किया था जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण अपने घरों से पलायन करने में मजबूर हो गए थे मंगलवार को गंगा के जलस्तर में हुई बढ़ोतरी से गंगा कटरी क्षेत्र में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है जिससे गंगा नदी के तेज बहाव से गंगा कटरी क्षेत्र पूरी तरह से जलमग्न हो गया है वही कटरी क्षेत्र में सब्जी की खेती करने वाले किसानों की फसलें चौपट हो रही है जिसमें परवल करैला तथा पशुओं के लिए हरा चारा तेज बहाव में बह गया है ।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तैयारियां सुस्त

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र खपरा ताल, पूरे रेवती, पूरे नया, आंबहा, पूरे डंगरी, मोहद्दीनपुर जहांगीराबाद, चकमलिक भीटी कल्याणपुर बेती सहित लगभग एक दर्जन गांव बाढ़ के प्रभाव के गिरफ्त में होने की कगार पर हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रशासन मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है ब्लाक डलमऊ की तरफ से बाढ प्रभावित क्षेत्रों के रास्ते से लगे जंगली बबूल व झाड़ियों की साफ सफाई कराने में सिर्फ खानापूर्ति ही की गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रखने के लिए बनाई गई बाहर प्रभावित चौकियों पर कोई साफ सफाई नहीं है।

### बढ़ा जहरीले जीवों का खतरा

गंगा के जलस्तर में हो रही वृद्धि के कारण कटरी में बसे गांवों में जहरीले जीव जन्तुओं का खतरा बढ़ गया है 7 बाढ के पानी के साथ बह कर आए सर्प, बिच्छू आदि ग्रामीणों को अपना निसाना बनाते हैं जिससे ग्रामीण डरे व सहमे हुए हैं। जिसके कारण संक्रामक बीमारियां फैलने का संकट तेजी केसाथ बढ़ रहा है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार प्रशासन अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं अभी बहुत प्रभावित क्षेत्रों से गंगा का जल स्तर काफी दूर है इसके बावजूद भी बाढ़ प्रभावित चौकिया बनाई गई है उसी में ग्रामीणों को व्यवस्था तथा खान-पान व्यवस्था की जाएगी।

### महराजगंज नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**महराजगंज रायबरेली।** नगर पंचायत महराजगंज में आगामी स्वतंत्रता दिवस के पर्व को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकालते हुए भारत माता के जयकारे किए गए और साथ ही लोगों को भी आगामी 15 अगस्त के महापर्व के अवसर पर घरों पर तिरंगा लगाने की अपील भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा की गई। चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू की अगवाई में मां जसवंतरी देवी मंदिर प्रांगण से शुरू हुई यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए सुखई पुरवा तिराहे पहुंची एवं रंधवा रोड चन्दापुर चौराहा तक भारत माता के जयकारे लगाते हुए हाथों में तिरंगा थामे भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता यात्रा में शामिल रहे। इस मौके पर भाजपा नेता प्रभात साहू, उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, महाराज में मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, जिला मंत्री सूर्य प्रकाश वर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी, राघवेंद्र सिंह, शिव शंकर शुक्ला, रामप्रकाश गौतम, पंकज श्रीवास्तव, सोनू पंडित, प्रेम शंकर मिश्रा, अवधेश मिश्रा सहित सैकड़ो भाजपाई मौजूद रहे।

### चोरी का खुलासाः बेटी ने ही सहेलियों के साथ मिलकर किया था जेवरात चोरी, 4 गिरफ्तार



**रायबरेली (गुरबक्शगंज)।** थाना क्षेत्र में एक चोरी का मामला सामने आया है। आशा अवस्थी ने 11 अगस्त 2025 को थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल 2025 को वह अपने पति गुड्डू अवस्थी और बेटी सोनाली के साथ हरियाणा में काम करने गई थीं। घर में रखे जेवरात को सुरक्षित रखकर परिवार हरियाणा गया था। इस दौरान उनकी बेटी सोनाली और पति बीच-बीच में घर आते रहे। जांच में पता चला कि सोनाली ने अपनी सहेलियों मुस्कान प्रजापति और सुमन हिमांशी के साथ मिलकर घर में रखे जेवरात की चोरी की। पुलिस ने चोरी के आभूषणों के साथ चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## 10 वर्षों से बदहाल मार्ग से निकलने को मजबूर गुरुदत्त सिंह पुरवा निवासी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



ज्योना ग्राम पंचायत के गुरुदत्त सिंह का पुरवा में करीब 40 घर है और आबादी लगभग 350 के करीब यह गांव चर्चा में तब आया था जब आज से डेढ़ साल पहले गांव में एक घटना घट गई थी उसके बाद दोबारा या चर्चा जुलाई में आया जब लामी चौराहे पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया था जिसमें गुरुदत्त सिंह का पुरवा की एक महिला की मौत हो गई थी। जो अपने मायके आई हुई थी जिसको लेकर मामला काफी बड़ा हो गया था सपा का डेलिगेशन क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती, पूर्व विधायक मौजूदा भाजपा नेता राम लाल अकेला, एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा, एसडीएम सचिन यादव, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, कई थानों की फोर्स चन्दापुर थाना अध्यक्ष महराजगंज थाना अध्यक्ष सहित जिले के तमाम आला अधिकारी और बड़े नेता इस गांव पहुंचे थे। मार्ग खराब होने की वजह से 1 किलोमीटर पहले लामी से ताजुद्दीनपुर ग्राम पंचायत को जो सड़क जाती है उस पर अपने साधन खड़े करके लगभग 1 किलोमीटर गांव के अंदर अधिकारी और नेता पहुंचे थे। ग्रामीण शिवराम पाल, रामप्रसाद यादव, श्रीचंद यादव, सोनू पाल, राधेश्याम पाल, अर्पित पाल, अमित पाल, रामकुमार साहू, भीमसेन साहू, रविंद्र यादव, रामदेव पाल, पारसनाथ पाल, अमित पाल, राम मिलन यादव, हरि राम पाल, निवासी गुरुदत्त सिंह का पुरवा मंज़रे ज्योना के ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 1 किलोमीटर का यह रास्ता 10 वर्षो से खराब है कच्चा रास्ता है 10 साल पहले राम किशुन प्रधान द्वारा गलियारा में मिट्टी डलवाई गई थी 10 साल हो गए मौजूदा प्रधान से कई बार कहा लेकिन वो सुनने को तैयार ही नहीं है गांव का मुख्य मार्ग तो खराब ही है साथ ही गांव के रास्तों में कीचड़ भरा हुआ है हम सभी लोगों को निकालने में भारी परेशानी होती है गांव में कांड हो गया था बड़े-बड़े नेता और अधिकारी भी आए लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया और हम सब बदहाल रास्ते से चलने को मजबूर हैं। पक्की सड़क से लेकर गांव तक 1 किलोमीटर का रास्ता बहुत ही ज्यादा खराब है और गांव के अंदर भी आने-जाने में दिक्कत होती है जबकि इसी गांव से मोती पासिन का पुरवा इमामगंज मेहरबान सिंह पुरवा ज्योना गांव को इसी मार्ग से निकलते हैं विद्यार्थियों ने बताया कि हम सभी लोगों की शिक्षा दीक्षा चौपट हो रही कॉलेज जाने में काफी दिक्कत होती है लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता।

## गुरु गोविंद सिंह उद्यान से निकाली गई मोटरसाइकिल तिरंगा रैली

- बेसिक, जूनियर और माध्यमिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों और कर्मचारियों ने निकाली तिरंगा रैली

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिला बीजेपी अध्यक्ष बुद्धि लाल और एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत गुरु गोविन्द सिंह उद्यान से मोटर साइकिल तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मोटर साइकिल रैली नगर के विभिन्न स्थानों डिग्री कालेज चौराहा, दीवानी न्यायालय, रामकृपाल चौराहा, घंटाघर, सुपरमार्केट, चंदापुर कोठी, कचेहरी रोड होते उद्यान पर ही आ कर समाप्त हुई। इस रैली में बेसिक, जूनियर और माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों, अध्यापकों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। रैली भारत माता की जय का नारे लगाते हुए शहर के विभिन्न स्थानों से गुजरी, जहां पर नगर वासियों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। रैली में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, एसडीएम न्यायिक अहमद फरीद खान, जिला पर्यटन अधिकारी सुधीर गिरी, शिवेंद्र, अभिषेक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रामकोट में उमड़ा देशभक्ति का सैलाब, तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे

**रामकोट-सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सीतापुर जनपद के रामकोट मंडल में देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब भव्य बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा को सीतापुर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में सैकड़ों लोगों ने तिरंगा हाथ में लेकर पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। तिरंगा यात्रा रामेश्वर धाम तीर्थ रामकोट से प्रारंभ होकर सिकटिया होते हुए जवाहरपुर ग्राम पंचायत के जुहुरी में जाकर सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से माहौल गुंजायमान रहा। लोग घरों की छतों और गलियों से तिरंगा लहराकर यात्रा का स्वागत करते दिखे। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को नमन किया और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। यात्रा के दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अमित दीक्षित, मंडल महामंत्री पंकज सिंह, जवाहरपुर ग्राम पंचायत



प्रधान प्रतिनिधि मोहित शुक्ला, अनूप पांडे, उमेश गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, राजेश गौतम, ओमेंद्र वर्मा, अरुण शर्मा, सहित अनेक कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### लगातार हुई बारिश से गिरा बुजुर्ग का पुश्तैनी मकान

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में लगातार हुई बारिश के चलते एक बुजुर्ग दंपति का का पुश्तैनी मकान गिर गया है। विकास खण्ड क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत गोसाई का पुरवा सुजानपुर निवासी बुजुर्ग दंपति रामसेवक तथा उनकी पत्नी अपने पुश्तैनी मकान में रह रहे थे। जनपद में लगातार हुई बारिश से कच्चे मकानों की मिट्टी गीली हो गई है जिसमें धूप लगने के बाद खिंचाव आ रहा है, जिसके चलते सोमवार को देर रात रामसेवक का पुश्तैनी मकान भी गिर गया। रामसेवक के रहने के लिए कोई दूसरा मकान नहीं है जिसमे कि रह सकें। गनीमत इतनी रही कि घटना के समय रामसेवक पति पत्नी घर से बाहर रहे जिससे कि किसी प्रकार से उनकी जान बच गई। पीड़ित रामसेवक ने बताया कि घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी है लेकिन अभी तक कोई अधिकारी जांच करने के लिए नहीं आया। रामसेवक ने प्रशासन से अपने लिए घर की गुहार लगाई है।

## संपूर्ण जनपद में मनाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान व आजादी का अमृत महोत्सव

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम का आयोजन सम्पूर्ण जनपद में किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना एवं नागरिकों को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना रहा।

हर घर तिरंगा अभियान 2025 जनपद सीतापुर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रथम चरण (2 से 8 अगस्त) में तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी बनाकर पुलिस एवं सेनाओं को भेजा गया, दीवारों एवं बोर्डों की तिरंगा सजावट आदि कार्य कराए गए। द्वितीय चरण (9 से 12 अगस्त) में तिरंगा महोत्सव/मेला/म्यूजिकल कंसर्ट, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रैली, तिरंगा वितरण आदि कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। तत्क्रम में आज राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर प्रांगण से तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 700 छात्र-छात्रायें शामिल हुए। रैली को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता एश्वर्या, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त श्रम/स्वतः रोजगार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि ने रैली में उपस्थित बच्चों का उत्साहवर्धन किया। तिरंगा रैली राजकीय इण्टर कालेज से लालबाग चौराहा होते हुए, ऑख अस्पताल, तरणताल से मुड़कर राजकीय इण्टर कालेज में समाप्त हुई। अपरान्ह 12.00 बजे से विकास भवन सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर, कम्पोजिट विद्यालय जमैयतपुर, आर्य कन्या इंटर कालेज, हिन्दू कन्या पाठशाला इंटर कालेज द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। डीएलएड प्रशिक्षु उम्मे ऐमन द्वारा देशभक्ति गीत, आर्य कन्या इंटर कालेज की छात्रा हर्षिता ने राष्ट्रप्रेम पर कविता एवं राजकीय इंटर कालेज के छात्र अमन भारती ने भाषण दिया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमैयतपुर की कक्षा-7 आशिका जायसवाल और प्रिया ने अपने हाथों से बनाये हुए गिफ्ट प्रदान किये। हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य व तिरंगा पट्टी निर्माण में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित भी किया। डीएम ने अपने उद्बोधन में सभी प्रस्तुतियों की सराहना की तथा सभी को राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। हर घर तिरंगा अभियान का तृतीय चरण (13 से 15 अगस्त) भी इसी हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाए। उपायुक्त श्रम/स्वतः रोजगार द्वारा डीएम, सीडीओ एवं सभी उपस्थित अधिकारियों का तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र/छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक के द्वारा किया गया।

## महिला थाना द्वारा छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना कंचन सिंह द्वारा रानी सुषमा देवी इंटर कॉलेज मुंशीगंज में बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम तथा उनसे बचाव के संबंध में व 1930-साइबर हेल्पलाइन नंबर, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा व थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



कृषि विज्ञान केंद्र, कठौरा में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की तृतीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में कृषि वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे। बैठक में जनपद के किसानों के बीच उन्नत कृषि तकनीकी का प्रसार, मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा, पशुपालन का विकास, नर्सरी स्थापना, व्यावसायिक प्रशिक्षण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ किसानों तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासन की योजनाओं और नवीनतम कृषि तकनीकी को सीधे किसानों के दरवाजे तक पहुंचाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि जो किसान पहले से मोटे अनाज की खेती कर रहे हैं, वे अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करें। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं-जैसे कि फसल बीमा, सिंचाई, उर्वरक, यांत्रिकरण और बागवानी योजनाओं-की जानकारी किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने एक समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए, जिसमें कृषि वैज्ञानिक, कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रशासनिक अधिकारी एवं किसानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों ने विभिन्न तकनीकी समाधानों और नवीन प्रयोगों की जानकारी साझा की। इनमें जलवायु अनुकूल फसलों का चयन, कीट एवं रोग नियंत्रण के जैविक तरीके, आधुनिक सिंचाई पद्धतियां और फसल विविधीकरण के लाभ शामिल थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशक डॉ राम बटुक सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी रणवीर सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष नवनीत कुमार मिश्र, सीटेड के निदेशक संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक एवं किसान मौजूद रहे।

## मुनाफे की चिकित्सा-शिक्षा

हाल के वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा का जिस तेजी से बाजारीकरण हुआ है, उसने आम आदमी को बदहाली के कगार पर पहुंचाया है। महंगी शिक्षा ने जहां अभिभावकों का बजट हिला दिया है, वहीं चिकित्सा के नाम पर मुनाफाखोरी ने लाखों परिवारों को गरीबी के दलदल में धकेल दिया है। इस मर्ज की रग पर हाथ रखते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा दी गई चेतावनी सत्ताधीशों की आंख खोलने वाली है। इंदौर में एक किफायती कैंसर देखभाल केंद्र का उद्घाटन करते हुए भागवत ने चेताया कि भारत में स्वास्थ्य-शिक्षा को सामाजिक दायित्व मानने की परंपरा रही है। दुर्भाग्य से आज स्कूल-कॉलेज और अस्पताल लाभ संचालित उपक्रमों में तब्दील हो गए हैं। मुनाफाखोरी की अंतहीन लिप्सा ने कथित गुणवत्ता वाले स्कूलों व अस्पतालों को आम आदमी की पहुंच से दूर किया है। उन्होंने कॉर्पोरेट शैली के कथित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व यानी सीएसआर के जुमले के बजाय लोककल्याण के धार्मिक सिद्धांतों के अनुसरण की अपील की। निस्संदेह,यह चिंता हमारे समय की विसंगतियों पर तीखा प्रहार करती है। आज आम भारतीय परिवारों पर स्वास्थ्य सेवाओं का भारी वित्तीय बोझ बढ़ रहा है। विडंबना यह है कि इस खर्च का छोटा हिस्सा ही सरकारी खजाने से वहन किया जाता है, जो कि स्वास्थ्य खर्च का महज 17 फीसदी है। वहीं करीब 82 फीसदी स्वास्थ्य खर्च लोगों को मुश्किल हालात में वहन करना पड़ता है। इन स्थितियों के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद कई परिवार जीवन भर के लिये कर्ज में डूब जाते हैं। तो कई परिवार हमेशा के लिये गरीबी की दलदल में धंस जाते हैं। आज देश की बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों, मसलन हृदय रोग,मधुमेह व उच्च रक्तचाप आदि से जूझ रही है। इनकी जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार के लिये मरीजों को एक बड़ी रकम चुकाने को मजबूर होना पड़ता है। जो कि बीमा योजनाओं के द्वारा बमुश्किल ही पूरी की जाती है। कमोबेश, शिक्षा की भी यही स्थिति है। सरस्वती के मंदिर आज व्यापार के केंद्र बन गये हैं। अभिभावकों को उल्टे उस्तरे से मूंडने के लिये नये-नये तौर-तरीके निकाले जा रहे हैं। ट्यूशन फीस ही नहीं, एडमिशन फीस, बिल्डिंग फीस, ट्रांसपोर्ट जैसे तमाम मदों के नाम पर अभिभावकों का दोहन किया जाता है। इतना ही नहीं किताबें व ड्रेस तक शिक्षण संस्थानों की हिस्सेदारी वाली दुकानों से खरीदने को बाध्य किया जाता है। यहां तक कि आम शहरों में, माता-पिता प्रति बच्चे पर सालाना साठ हजार से भी ज्यादा खर्च कर रहे हैं। कुछ अभिभावक तो अपनी आय का लगभग आधा हिस्सा ट्यूशन और शिक्षा से जुड़े मदों पर खर्च कर रहे हैं। पिछले दिनों तब जनाक्रोश चरम पर नजर आया जब हैदराबाद के एक स्कूल में नर्सरी में दाखिले की सालाना फीस ढाई लाख रुपये बतायी गई। जिससे अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त हो गया। जिसके बाद महंगी होती शिक्षा को लेकर नई बहस छिड़ गई। निस्संदेह, बढ़ती फीस के ये आंकड़े शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण को भी रेखांकित करते हैं। ऐसे में भागवत की हालिया अपील सत्ताधीशों को नीतिगत बदलावों के बारे में सोचने को विवश कर सकती है। इसमें दो राय नहीं कि शिक्षा हो या स्वास्थ्य, इसे आम आदमी की सामर्थ्य और सेवा भावना के अनुरूप होना चाहिए। मानव कल्याण के दृष्टिकोण से इस दिशा में बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। पिछले दिनों दिल्ली के निजी स्कूलों में अनाप-शनाप फीस बढ़ाए जाने के खिलाफअभिभावक सड़कों पर उतरे। जिसने दिल्ली सरकार को बाध्य किया कि इस दिशा में सकारात्मक पहल करे।

# ट्रंप का टैरिफ वार और भारत का मौन हथियार

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**यदि भारत चाहे, तो वह इन कंपनियों पर टैरिफ, टैक्सेशन, या नियामकीय शर्तों के जरिए दबाव डाल सकता है। अमेरिकी कंपनियों का भारत में कारोबार अरबों डॉलर में है और इन पर कोई भी चोट सीधे अमेरिकी शेयर बाजार, रोजगार और मुनाफे को प्रभावित करेगी। भारत में अमेरिकी कंपनियों की मौजूदगी हर क्षेत्र में फैली हुई है। ई-कॉमर्स में अमेजन इंडिया, टेक्नोलॉजी में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और एपल। फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स में कोका-कोला, पेप्सिको, प्रॉक्टर एंड गैंबल या पीएंडजी, कोलगेट, फास्ट फूड में मेकडॉनल्ड, केएफसी, डोमिनोर। लाइफस्टाइल में नाइकी, लेविस, स्केचर्स, जीएपी और बैंकिंग में सिटीग्रुप ये सभी कंपनियां आज भारत में बड़े पैमाने पर कारोबार कर रही हैं।**

अमेरिका और भारत के बीच संबंधों को आज के दौर में यदि किसी एक शब्द में बयान करना हो तो उसे ÷रणनीतिक सहजीवन÷ कहा जा सकता है। व्यापार, तकनीक, रक्षा और कूटनीति–हर क्षेत्र में दोनों देशों के हित आपस में गहरे जुड़े हैं। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के वर्षों में इस सहजीवन में टैरिफ का एक कांटा चुभो दिया है। कभी भारत को टैरिफ किंग और कभी डेड इकोनॉमी कहने वाले ट्रंप अब भारत से आने वाले सामान पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं, जिसमें से 25 प्रतिशत पेनल्टी के रूप में जोड़ा गया है। इसके पीछे उनका तर्क है कि भारत रूस से तेल और हथियार क्यों खरीदता है, और क्यों अमेरिकी उत्पादों को भारत में बराबरी का मौका नहीं मिलता।

यहां यह समझना जरूरी है कि आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका और भारत का रिश्ता कैसा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत-अमेरिका के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन डॉलर तक पहुंचा। इस दौरान भारत ने अमेरिका को 86.51 बिलियन डॉलर का निर्यात किया, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स, रत्न-आभूषण और टेक्नोलॉजी सर्वाधिक रहे। वहीं अमेरिका से भारत में 45.33 बिलियन डॉलर का आयात हुआ, जिसमें कच्चा तेल, कोयला और विमान के पुर्जे शामिल हैं। अमेरिका लगातार कई वर्षों से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारतीय निर्यातकों के लिए सबसे बड़ा बाज़ार भी। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का सीधा असर भारत के उन सेक्टरों पर पड़ेगा जो अमेरिका को बड़े पैमाने पर माल भेजते हैं, जैसे कपड़ा, जेम्स-एंड-ज्वेलरी, फार्मा और आईटी सर्विस। लेकिन कहानी का दूसरा पहलू भी है, और यही पहलू भारत के लिए 'मौन जवाब' का हथियार बन सकता है। ट्रंप चाहे भारत को डेड इकोनॉमी कहें, मगर यही अर्थव्यवस्था दर्जनों अमेरिकी कंपनियों के लिए सोने की खान है। भारत में इन कंपनियों की गहरी पैठ है। इतनी गहरी कि उनके उत्पाद और सेवाएं भारतीय उपभोक्ता के रोज़मर्रा के जीवन में घुल-मिल गए हैं। इनसे होने वाला मुनाफा सीधा अमेरिका के खजाने में जाता है।

यदि भारत चाहे, तो वह इन कंपनियों पर टैरिफ, टैक्सेशन, या नियामकीय शर्तों के जरिए दबाव डाल सकता है। अमेरिकी कंपनियों का भारत में कारोबार अरबों डॉलर में है और इन पर कोई भी चोट सीधे अमेरिकी शेयर बाजार, रोजगार और मुनाफे को प्रभावित करेगी। भारत में अमेरिकी कंपनियों की मौजूदगी हर क्षेत्र में फैली हुई है। ई-कॉमर्स में अमेज़न इंडिया, टेक्नोलॉजी में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और एपल। फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) में कोका-कोला, पेप्सिको, प्रॉक्टर एंड गैंबल या पीएंडजी, कोलगेट, फास्ट फूड में मेकडॉनल्ड, केएफसी, डोमिनोस। लाइफस्टाइल में नाइकी, लेविस, स्केचर्स, जीएपी और बैंकिंग में सिटीग्रुप ये सभी कंपनियां आज भारत में बड़े पैमाने पर कारोबार कर रही हैं। उदाहरण के लिए अमेज़न इंडिया का भारत में वार्षिक कारोबार 8 से 10 बिलियन डॉलर के बीच आंका जाता है, जबकि कोका-कोला और पेप्सिको का संयुक्त भारतीय कारोबार 4 बिलियन डॉलर से अधिक है। माइक्रोसॉफ्ट और गूगल की भारतीय इकाइयां मिलकर सालाना 2 बिलियन डॉलर से ज्यादा का राजस्व अर्जित करती हैं।

इनमें से कई कंपनियां न केवल बिक्री से बल्कि भारतीय उपभोक्ताओं के डेटा से भी मुनाफा कमाती हैं। मसलन, मेटा के स्वामित्व वाले फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भारत का यूज़र बेस दुनिया में सबसे बड़ा है, फेसबुक के लगभग 33 करोड़ और इंस्टाग्राम के 25 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता भारत में हैं। इन प्लेटफॉर्म्स से होने वाली विज्ञापन आय का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका भेजा जाता है।

गूगल के लिए भी भारत विज्ञापन बाजार में अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश है, जिससे सालाना अरबों डॉलर की आमदनी होती है। इसी तरह से फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर में अमेरिकी कंपनियों का दबदबा इतना है कि अगर भारत टैरिफ या प्रतिबंधात्मक कदम उठाए तो यह भारतीय उपभोक्ता बाजार के संतुलन को हिला सकता है। कोका-कोला और पेप्सिको मिलकर सॉफ्ट ड्रिंक बाजार के 70 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा रखते हैं। प्रॉक्टर एंड गैंबल और कोलगेट भारतीय टॉयलेटरीज़ बाजार में क्रमशः 20 और 50 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। नेस्ले जोकि स्विस मूल की है लेकिन अमेरिकी साझेदारियों से भी जुड़ी है का मैगी नूडल्स सेगमेंट में लगभग 60 प्रतिशत मार्केट शेयर है। फास्ट फूड सेगमेंट की बात करें तो मेकडॉनल्ड, केएफसी डोमिनो और स्टारबक्स भारतीय शहरी खाद्य संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान बना चुके हैं। डोमिनोस् अकेले ही भारत में सालाना 1.5 बिलियन डॉलर का कारोबार करता है, जबकि स्टारबक्स ने भारत में प्रवेश के बाद से प्रीमियम कॉफी बाजार को लगभग अपने कब्जे में कर लिया है। लाइफस्टाइल और फैशन सेक्टर में नाइकी, लेविस और स्केचर्स जैसे ब्रांड भारतीय युवाओं में अत्यधिक लोकप्रिय हैं।

लेविस का भारत में वार्षिक कारोबार करीब 300 मिलियन डॉलर है, जबकि स्केचर्स का भारतीय फुटवेयर बाजार में 5 प्रतिशत हिस्सा है और यह तेजी से बढ़ रहा है। गैप और गेस जैसे ब्रांड प्रीमियम और लक्जरी सेगमेंट में खास पहचान रखते हैं। इन सबके बीच बैंकिंग और वित्त क्षेत्र भी अमेरिकी मौजूदगी से अछूता नहीं है। सिटीग्रुप का भारत में कॉरपोरेट लोन, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में मजबूत नेटवर्क है। सिटी इंडिया, जिसे आधिकारिक तौर पर सिटीग्रुप के नाम से जाना जाता है, एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी है।

## विचार

# लंबे समय तक रही अगस्त क्रांति की धमक

**डॉ. प्रभात ओझा**



**देश के पूरब में मेदिनीपुर और पश्चिम में सतारा जरूर लंबे समय तक आजाद रहे। फिर गांधी जी के कहने के बाद सम्पूर्ण देश के साथ एकजुटता के लिए वहां की सरकारें भंग की गईं। यहां देखना होगा कि मेदिनीपुर और सतारा के कुछ अंचलों में छापामार संघर्ष के बाद स्थानीय सरकारों ने सत्ता संभाली थी। बलिया थोड़ा अलग रहा, जहां अंग्रेजी सरकार के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को भी उसकी कुर्सी से हटाकर पूरे जिले की सुगठित सरकार बनाई गई। तब 'स्वाधीन बलिया' के पूरे जिले में मुख्यालय के आदेश माने गए। वहां कलेक्टर के साथ ही पुलिस कप्तान, तहसीलदार और थानेदार की कुर्सियों पर भी स्थानीय नेता काबिज थे।**

अगस्त क्रांति की शुरुआत 1942 में आठ अगस्त को हुई और कुछ दिनों बाद देश में कई जगहों पर उसका असर साफ तौर पर देखा गया। कुछ घटनाएं तो इतिहास में अमर हो गईं, जब कई जगह स्थानीय लोगों ने अपने को आजाद करा लिया और अपनी प्रशासनिक इकाइयां गठित कर लीं। अपने यहां जिले भर में हिंसक कार्रवाई के बाद 19 अगस्त को स्थानीय नेता चित्तू पाण्डेय को जिला कलेक्टर बनाए जाने के साथ बलिया स्वाधीन हो गया था। बाद में अंग्रेजी सेना और पुलिस के अमानुषिक अत्याचार से वहां की कुछ दिनों की आजादी का दमन कर दिया गया।

देश के पूरब में मेदिनीपुर और पश्चिम में सतारा जरूर लंबे समय तक आजाद रहे। फिर गांधी जी के कहने के बाद सम्पूर्ण देश के साथ एकजुटता के लिए वहां की सरकारें भंग की गईं। यहां देखना होगा कि मेदिनीपुर और सतारा के कुछ अंचलों में छापामार संघर्ष के बाद स्थानीय सरकारों ने सत्ता संभाली थी। बलिया थोड़ा अलग रहा, जहां अंग्रेजी सरकार के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को भी उसकी कुर्सी से हटाकर पूरे जिले की सुगठित सरकार बनाई गई। तब 'स्वाधीन बलिया' के पूरे जिले में मुख्यालय के आदेश माने गए। वहां कलेक्टर के साथ ही पुलिस कप्तान, तहसीलदार और थानेदार की कुर्सियों पर भी स्थानीय नेता काबिज थे। हां, बलिया, मेदिनीपुर और सतारा, तीनों जगहों पर एक समानता थी। तीनों जगह सरकारी खजानों के धन से कर्मचारियों को वेतन आदि देने आदि का काम किया गया, तो आगे की व्यवस्था चलाने के लिए पंचायत, कृषि केंद्र और अन्य तंत्र स्थापित किए गए। तत्कालीन बंबई (संप्रति मुंबई) के ग्वालिया टैंक मैदान, जिसे अब अगस्त क्रांति मैदान के नाम से जाना जाता है, वहां अपने ऐतिहासिक भाषण के बाद महात्मा गांधी 1945 तक किसी सार्वजनिक सभा में नहीं बोले। कारण यह कि वे जेल में बंद थे। इसके बावजूद उस ऐतिहासिक भाषण ने ऐसा कर दिखाया, जो भारत की आजादी का मार्ग बन गया। गांधी और अन्य नेताओं की तरह देशभर में लोग गिरफ्तार होते रहे और उनकी जगह नए लोग आ खड़े हुए। स्पष्ट करना आवश्यक है कि यह भाषण मौलाना अबुल कलाम आजाद की अध्यक्षता में कांग्रेस महासिमिति अधिवेशन के पहले दिन सात अगस्त को दिया गया था। इस भाषण में 'करो या मरो' और 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का प्रस्ताव अगले दिन आठ अगस्त को पारित किया गया था। ब्रिटिश सरकार की इंडिया वार कमेटी ने गांधी जी के सात अगस्त के भाषण के बाद करीब 24 घंटों तक इंतजार किया था। आठ अगस्त को अधिवेशन में गांधी जी के रखे प्रस्ताव के पारित होने के बाद रात में गांधी सहित तमाम बड़े नेता गिरफ्तार कर लिए गए। उस दौर में जब संचार के सीमित साधन थे, अगले दो दिन लोगों तक इस भाषण के मंतव्य पहुंचने में लगे थे।

फिर तो नौ और 10 अगस्त से ऐसा कुछ शुरू हुआ कि लोगों ने गांधी जी के आह्वान को अपने ढंग से लिया और विदेशी दासता को उखाड़ फेंकने के रास्ते पर चल पड़े। इसी का परिणाम था कि तब के संयुक्त प्रांत का बलिया, बंगाल का मेदिनीपुर और बंबई प्रांत का सतारा आजाद हो गया। यानी संपूर्ण देश की स्वतंत्रता के पांच अथवा साल साल पहले इन स्थानों ने एक रास्ता दिखाया। निश्चित ही यह रास्ता गांधी जी की अहिंसा का नहीं रह गया, पर बाद में गांधी जी ने भी माना कि ब्रिटिश अत्याचार की घटनाओं ने स्थानीय लोगों को हिंसा पर उतरने के लिए बाध्य कर दिया। गांधी जी के करो या मरो के नारे के बाद 1942 के उस अगस्त में मिदनापुर का तामलूक और सतारा के कुछ हिस्से के लोगों ने बगावत कर दी। मिदनापुर के तामलूक में शुरुआती घटनाओं के बाद 17 दिसंबर,1942 से सितंबर,1944 तक जातीय सरकार (राष्ट्रीय सरकार) चलाई गई। तब राहत कार्य, स्कूलों को अनुदान, आपसी समझौते के लिए अदालतें बनाना और धनी लोगों के कुछ पैसे जरूरमंदों में बांटने तक के काम हुए। सतारा में 'क्रांति सिंह' नाना पाटिल भूमिगत रहते हुए लंबे समय तक समानांतर सरकार (पत्रि सरकार) का नेतृत्व करते रहे। लोगों ने पुलिस को चकमा देकर हथियार ले लिए। गांवों में कमेटियां बनाकर सरकार के समानांतर काम किए गए। भौगोलिक स्थिति के कारण ये स्थान अंग्रेजों की पकड़ से दूर रहे। इसके विपरीत, बलिया में लोगों ने अंग्रेजों से सीधा मुकाबला किया। बलिया निवासियों ने कई जगह रेल लाइन उखाड़ फेंकी, थानों और कचहरियों पर कब्जे के बाद जिला मुख्यालय पहुंचकर जेल में बंद अपने नेताओं को रिहा कराया।

## बाधाएं पार कर कामयाबी की राह पर अग्रसर भारतीय महिलाएं

देश स्वतंत्र होने के बाद स्त्रियों ने खुद के लिए भी कुरीतियों, सामाजिक-पारिवारिक भेदभाव, अशिक्षा और बन्दिशों से आजाद होने का सपना देखा। बेहतर जीवन के लिए बड़े बदलाव लाने थे जिनके लिए उन्हें समाज व परिवार, सभी फ्रंट्स पर बाधाओं से जूझना पड़ा। यह जंग अपनों की संकुचित सोच, भेदभाव व शोषण, रूढ़ियों से व अपनी आवाज उठाने के लिए थी। बरसों-बरस इस संघर्ष में वे कामयाब हुईं। वहीं कुछ बाधाएं आज भी मौजूद हैं पर सफलता की राह पर भारतीय महिलाएं अग्रसर है। आजादी के बाद अपने सपनों को हकीकत बनाने के लिए देश की आधी आबादी ने अनगिनत बाधाओं को पार करने में कामयाबी पाई है।

कितने ही अवरोधकों को लांघकर नई दुनिया रची है। आधी सदी से ज्यादा की इस यात्रा में स्त्रियों के हिस्से आई छोटी-छोटी रुकावटें भी बड़े बदलावों की राह में रोड़ा रहीं। समाज, परिवार और व्यक्तिगत रिश्तों-नातों, सभी फ्रंट्स पर ऐसी रुकावटों से जूझना किसी युद्ध के मोर्चे पर डट जाने से कम न था। यह ऐसी जंग थी, जो अपनों की संकुचित सोच से लड़नी थी। ऐसा संघर्ष, जो सामाजिक रूढ़ियों से करना था। मुड़कर देखने पर अहसास होता है कि इस समर में भारत की महिलाएं जी-जान से जूझते हुए कामयाब भी हुईं। सचमुच, इस रण को जीतना जीवन में इंसानी सहजता के रंग लौटा लाने जैसा था। बरसों-बरस की इस जद्दोजहद में स्त्रियों ने अनगिनत बाधाओं का सामना करते हुए अपनी लड़ाई लड़ी और मुकम्मल पहचान बनाने का हक हासिल किया। स्वतंत्र देश की एक जिम्मेदार नागरिक और जज्बातों भरा मन लिए इंसान के तौर पर अपनी मौजूदगी को हर पहलू पर सशक्त अंदाज में दर्ज करवाया। देश की स्वतन्त्रता की लड़ाई खत्म होते ही स्त्रियों ने खुद के लिए भी कुरीतियों, सामाजिक-पारिवारिक भेदभाव, अशिक्षा और न जाने कितनी ही कही-अनकही बन्दिशों से आजाद होने का सपना देखा। स्वतन्त्रता से बाद स्त्रियों के लिए सबसे बड़ी अड़चन तो समाज की पुरातनपंथी सोच ही रही। इस सोच को बदले बिना सम्मान से जीने का हक पाना आसान नहीं था। सबलता के मार्ग पर आगे बढ़ना मुमकिन नहीं था। घर से लेकर सामाजिक दायरे तक बहू-बेटियों के लिए अनगिनत बंधन मौजूद थे। कहते भी हैं कि बाधाओं की तरफ इंसान का ध्यान तभी जाता है, जब उसका ध्यान अपने लक्ष्य से हटता है। महिलाओं की दृष्टि भी बदलाव के क्षितिज पर टिकी रही। जिसके चलते स्त्रियों ने अपने आंगन से लेकर समाज के परिवेश तक रूढ़िवादी सोच के खिलाफ लड़ाई लड़ीं और जीतीं। आज उच्च शिक्षित बेटियों के बढ़ते आंकड़ों की बुनियाद एक पीढ़ी की माताओं के संघर्ष का परिणाम है। कामकाजी स्त्रियों को बराबरी के मौके मिलने के हालात किसी दौर में अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने वाली बड़ी पीढ़ी की मेहनत का फल है। संकीर्ण सोच की अड़चन से परे आज समानता का दर्जा पाने के खुशनुमा हालात कभी हिम्मत न हारने वाली स्त्रियों की जद्दोजहद का नतीजा है। देश आजाद होने के बाद भी स्त्रियों के लिए मन-जीवन से जुड़े बंधन कम नहीं थे। जिनका कारण बहू-बेटियों के साथ होने वाला दुर्व्यवहार भी रहा। घरों से लेकर गली-मुहल्लें और स्कूल कालेज के परिसर तक, बदसलूकी, छेड़छाड़ और शोषण के हालात उनके लिए अनकहे प्रतिबंधों की सूची लिए थे। जिसके चलते असुरक्षा का भाव स्वतंत्र देश की आधी आबादी के लिए बेड़ियां बन गया। समय देखकर घर से निकलने की हिदायतें और बाहर नौकरी-पढ़ाई के लिए नहीं जाने की बंदिश जीवन को घेरे हुए थीं। ऐसे में अपना सम्बल खुद बनी महिलाओं ने इस दुर्व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाते हुए राह बनाई। हालांकि सुरक्षित रहने-जीने के मोर्चे पर महिलाओं का जूझना अब भी जारी है पर स्वतंत्र भारत की नागरिक होने के नाते वे अपने अस्तित्व को सहेजने का लंबा सफर तय कर चुकी हैं। कहा जाता है बाधाएं दुख देती हैं, पर सुंदर सबक भी सिखाती हैं। दुर्व्यवहार की इसी बाधा ने देश की आधी आबादी के व्यवहार में हौसले को जगह दी। स्त्रियों ने आवाज उठाई तो सशक्त कानून भी बने और लोगों का व्यवहार भी बदला। स्वतंत्र भारत की स्त्रियों को खुलकर अपने भाव जताने का हक पाने में भी लंबा समय लगा। आजाद देश में भी बहू-बेटियों के लिए दुःख और पीड़ा की अनुभूतियां सहने की कोई सीमा नहीं थी, पर कहने के मामले में अनगिनत अवरोध बने रहे।



## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृषः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनुः-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभः-** अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# आपातकाल का ऐलानिया इजहार

**संदीप जोशी**

**सरकार ने दूसरा रास्ता अपनाया और करीब 3 सौ सांसदों पर पुलिस की सख्ती दिखाई। बता दें कि विपक्ष ने अपने ऐलान के मुताबिक सोमवार को संसद परिसर से निर्वाचन आयोग के दफ्तर तक पैदल मार्च निकाला। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में यह पैदल मार्च निकला। सांसदों की मांग थी कि चुनाव आयोग वोट चोरी पर दिए गए सबूतों को स्वीकार कर जांच करे, वोट चोरी रोकने के लिए कदम उठाए, बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया रद्द करे, क्योंकि उसमें भी तमाम गड़बड़ियां दिख रही हैं।**

11 अगस्त का दिन आजादी के बाद देश के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ गया है। पिछली लोकसभा में मोदी सरकार ने डेढ़ सौ के करीब सांसदों को निलंबित करने का अनूठा रिकार्ड बनाया था। अपने लिए नया रिकार्ड तैयार करने में मोदी सरकार ने सोमवार 11 अगस्त को विपक्ष के सांसदों को बड़ी तादाद में पुलिस हिरासत में लेने का आदेश दिया। इन सांसदों को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। क्योंकि पूरे देश में लोकतंत्र को खत्म करने का बुलडोजर मोदी सरकार ने चलाया है, अब उसके सामने विपक्ष तन कर खड़ा हो गया है। सरकार के पास दो ही रास्ते बचे, या तो वह बुलडोजर पीछे करती या फिर विपक्ष को कुचलती।

सरकार ने दूसरा रास्ता अपनाया और करीब 3 सौ सांसदों पर पुलिस की सख्ती दिखाई। बता दें कि विपक्ष ने अपने ऐलान के मुताबिक सोमवार को संसद परिसर से निर्वाचन आयोग के दफ्तर तक पैदल मार्च निकाला। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में यह पैदल मार्च निकला। सांसदों की मांग थी कि चुनाव आयोग वोट चोरी पर दिए गए सबूतों को स्वीकार कर जांच करे, वोट चोरी रोकने के लिए कदम उठाए, बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया रद्द करे, क्योंकि उसमें भी तमाम गड़बड़ियां दिख रही हैं। राहुल गांधी ने साफ कर दिया कि यह लड़ाई राजनैतिक नहीं है, बल्कि देश की आत्मा यानी संविधान को बचाने की लड़ाई है। क्योंकि संविधान एक व्यक्ति, एक वोट को मान्यता देता है। वयस्क सार्वभौमिक मताधिकार को बचाने की है। आजादी हासिल करने के बाद देशनिर्माताओं ने बड़े परिश्रम से ऐसा संविधान तैयार किया था, जिसमें प्रदत्त अधिकार आजादी के स्वाद को चिरकाल तक बनाए रखें। भारत के लोग जिंदा तो गुलाम भारत में भी थे, लेकिन जिंदगी की गरिमा संविधान ने प्रदान की। जिसकी निगाह में हरेक नागरिक एक समान है, इसलिए सबके अधिकार भी समान हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण मत देने का अधिकार ही है, जो लोकतंत्र कायम करता है। लोग तय करते हैं कि उनकी सरकार कैसी बनेगी, किन लोगों के हाथ में शासन सौंपा जाएगा। अगर काम पसंद न आए तो पांच साल के बाद उस सत्ता को पलटने की ताकत है, इतना मजबूत अधिकार संविधान ने दिया। अगर ऐसा नहीं होता तो आज हम रूस, उ.कोरिया या चीन में जो राजनैतिक माहौल देख रहे हैं, कमोबेश वैसा ही हाल देश का बन सकता है कि एक बार सत्ता किसी के हाथ में आई तो फिर हमेशा के लिए उसे हथिया लिया जाएगा। एसआईआर में लाखों लोगों के नाम काटकर या निर्वाचन सीटों पर फर्जी मतदान करवा कर वोट देने के अधिकार पर ही कैंची चलाई जा रही है। राहुल गांधी ने इसे वोट चोरी कहा है, अखिलेश यादव ने वोट डकैती। इसके सबूत भी जुटा लिए हैं, जिन्हें देखने की जहमत चुनाव आयोग नहीं उठा रहा है। बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मतदाता सूची से काटे गए नामों की लिस्ट और कारण मांगे तो आयोग ने उससे भी इंकार कर दिया कि वह बाध्य नहीं है। ऐसे में चोरी, डकैती, अपहरण जैसे नाम ही याद आते हैं। कायदे से संवैधानिक संस्था की जिम्मेदारी निभाते हुए चुनाव आयोग को खुद विपक्ष की शंकाओं का समाधान करने की पहल करना चाहिए थी। लेकिन यहां आरोप-प्रत्यारोप चल रहा है। भाजपा ऐसे ही वक्त बिताना चाहती है। उसे फर्क नहीं पड़ता कि विपक्ष सदन में आए या नहीं, वह अपनी मर्जी के विधेयक जल्दी से पारित कराना चाहती है। किरण रिजीजू का कहना है कि एक व्यक्ति की नासमझी और एक परिवार के लिए विपक्ष वक्त बर्बाद कर रहा है, लेकिन सरकार को देश के काम करने हैं, इसलिए वह विधेयक पारित करवाएगी। इसे सीनाजोरी भी कह सकते हैं। श्री रिजीजू का इशारा साफ तौर पर राहुल गांधी और गांधी परिवार के लिए है। लेकिन गांधी परिवार की आलोचना करते हुए वे सारे विपक्ष का अपमान कर रहे हैं कि वह वक्त बर्बाद कर रहा है। 83 बरस के मल्लिकार्जुन खड़गे दिल्ली की उमस भरी गर्मी में दोपहर 1-2 बजे सड़कों पर बैठे थे। खड़गेजी को पुलिस गिरफ्तार कर थाने ले गई। कई महिला सांसद भी सोमवार को प्रदर्शन में शामिल हुईं। टीएमसी सांसद मिताली बाग और कांग्रेस सांसद संजना जाटव दोनों की ही तबियत भी इस दौरान खराब हुई और उन्हें चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई गई। डीटीसी की बसों में ठूंसकर सांसदों को दिल्ली पुलिस इस तरह ले गई, मानो ये पेशेवर अपराधी हैं। इससे पहले सुबह ही दिल्ली पुलिस का बयान आया था कि इस मार्च की अनुमति नहीं ली गई है। सवाल ये है कि क्या अब सांसदों को दिल्ली में पैदल चलने के लिए पुलिस की इजाजत लेनी पड़ेगी। ऐसे में जब राहुल गांधी सवाल करते हैं कि क्या यही लोकतंत्र है, तो कुछ गलत नहीं बोलते हैं। अफसोस की बात ये है कि देश के लोकतंत्र की बदहाली की ये तस्वीरें अब पूरी दुनिया देख रही है। किसान, छात्र, महिला पहलवान, सरकारी कर्मचारी, और अब सांसद मोदी सरकार के फैसलों के खिलाफ बार-बार सबको सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। और सरकार कह रही है कि विपक्ष चर्चा नहीं चाहता। नरेन्द्र मोदी 1975 के आपातकाल की याद हमेशा दिलाते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### तिरंगा यात्रा निकाल किया शहीदों को नमन



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** तिरंगा यात्रा के संयोजक शरद चंदेल ने बताया कि आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सैनिकों के सम्मान में बीजेपी तिरंगा यात्रा का आयोजन कर रही है।तिरंगा यात्रा कस्बे के ठडेश्वरी आश्रम से शुरू होकर बांकी मार्ग स्थित शहीद स्मारक में जाकर संपन्न हुई। यहां पर शहीद सैनिक रमेश विश्वकर्मा को पुष्पांजलि देखकर नमन किया गया। तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक युवराज सिंह, ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

### देश भक्ति गीतों की धुन में निकली तिरंगा यात्रा



**मौदहा, हमीरपुर।** देश भक्ति गीत से ओतप्रोत कस्बे वासियों ने स्वतंत्रता दिवस से पूर्व घर-घर तिरंगा झंडा एवं उसका सम्मान करना तथा हमारे देश के वीर जवानों एवं सैनिकों के सम्मान के लिए मंगलवार को नगर में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक युवराज सिंह की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा निकाली।तिरंगा यात्रा ब्लॉक परिसर से प्रारम्भ होकर तहसील रोड, मलीकुआ चौराहा, थाना चौराहा होकर शहीद स्मारक गुडाही बाजार पहुंची।तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह, जितेन्द्र पाल, ब्लॉक प्रमुख लालाराम निषाद, आकाश त्रिपाठी, नितिन ओमर, अम्बरीष सोनी के अलावा समस्त नगर वासी एवं विद्यार्थी तथा राष्ट्रभक्त उपस्थित रहे।

### कुएं में उतरे दो युवक दम घुटने से गंभीर



**मौदहा, हमीरपुर।** कुएं में गिरी बकरी को बचाने उतरे दो युवक दम घुटने से उनकी हालत गंभीर हो गई। जिन्हे आनन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर दोनों का इलाज किया जा रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भवानी डेरा में एक पुराने कुएं में बकरी गिर गई। जिसे बचाने के लिए गांव के शिव शंकर यादव (25) हरिदास यादव और भोला प्रजापति (27) मुन्नीलाल प्रजापति कुएं में उतर गए। लेकिन कुएं में ऑक्सीजन की कमी या किसी विषैली गैस के चलते दोनों का दम घुटने लगा। जिन्हें तत्काल ग्रामीणों और पीआरबी की सहायता से कुएं से निकाल कर गंभीर हालत में इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर दोनों युवकों का इलाज किया जा रहा है, फिलहाल दोनों की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### मुकदमा दर्ज होने के बाद मृतका का शव पहुंचा ससुराल

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** आधा दर्जन सहित कुछ अज्ञात को नामजद करके मुकदमा दर्ज होने के बाद मृतका के परिजन शव को उसकी ससुराल गिरवा थाना क्षेत्र के मनिपुर गांव ले गए। सुबह परिजनों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि इकलौते पुत्र ने दी। उधर हत्या, मारपीट, दलित उत्पीड़न एक्ट में मुकदमा दर्ज होने पर विवेचना सीओ सदर करेंगे। भाई के साथ हो रही मारपीट के दौरान बीच बचाव करते समय धक्का लगने से चबूतरे में गिरकर गंभीर चोट लगने से इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में हुई मौत के बाद पोस्टमार्टम के उपरांत दर्ज हुए मुकदमे के उपरांत परिजन शव को मृतका की ससुराल मनीपुर थाना गिरवा बांदा लेकर पहुंचे। मंगलवार को इकलौते पुत्र रोहित कुमार ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया उधर दलित उत्पीड़न एक्ट में दर्ज हुए मुकदमे के कारण मुकदमे की विवेचना सीओ सदर करेंगे। पुलिस कुछ आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मुकदमे में पुलिस ने आधा दर्जन महिला पुरुषों को नामजद करके कुछ अज्ञात को भी नामजद किया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाली

**नरैनी/बांदा।** कालिंजर मंडल और नरैनी मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में सभी लोग देशभक्ति से ओतप्रोत और गगन भेदी नारे लगाते हुए अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर शामिल हुए।कालिंजर में यात्रा की शुरुआत रामलीला मैदान से प्रारंभ हुई जिसमें सैकड़ों देशभक्त उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।सभी अपने अपने हाथों में लहराता तिरंगा, गूंजते देशभक्ति के नारों और देश के प्रति अटूट प्रेम का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस दौरान यात्रा में जिला टीम के लोग शामिल हुए। मंगलवार को कालिंजर मंडल और नरैनी मंडल में गाजे बाजे के साथ देश भक्ति के गीतों से ओतप्रोत भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली।कालिंजर मंडल के मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश राजपूत की अगुआई में यात्रा संपन्न हुई।इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा ग्रामीण सम्मिलित हुए।इस दौरान ब्लाक प्रमुख मनफूल सिंह पटेल,महामंत्री कुलदीप त्रिपाठी,पवन वर्मा,किसान मोर्चा राघवेंद्र त्रिपाठी ,छत्रपाल सिंह,नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर,युवा कार्यकर्ता पीयूष गर्ग सहित सभी मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।यात्रा का समापन डाक बंगले में हुआ। इसी क्रम में नरैनी भाजपा मंडल टीम द्वारा भी डाक बंगले से तिरंगा यात्रा शुरू की गई। यात्रा मुख्य चौराहे से होते हुए पुनः डाक बंगले पहुंच कर यात्रा का समापन किया गया।इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री प्रेम नारायण द्विवेदी, जिलामंत्री डॉ देवेंद्र सिंह भदौरिया मंडल अध्यक्ष आदित्य चतुर्वेदी,महामंत्री हरिराम कबीर बेदी,विधायक प्रतिनिधि राकेश दीक्षित, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे,सौरभ शर्मा,किसान मोर्चा राजाराम आदि लोग मौजूद रहे।

### आईजीआरएस की शिकायतों का समय से करें निस्तारण: एसपी



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन बांदा नवीन सभागार में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई । पुलिस अधीक्षक बांदा ने जनपद में आईजीआरएस के अंतर्गत प्राप्त हो रही शिकायतों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई और सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया कि प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए और प्रत्येक शिकायत पर की गई कार्यवाही तथ्यात्मक, स्पष्ट एवं संतोषजनक हो । साथ ही बताया कि आईजीआरएस एक जनहितकारी प्लेटफ़ार्म है जिसके माध्यम से आमजन की शिकायतें शासन स्तर तक पहुंचती हैं । ऐसे में सभी की जवाबदेही बनती है कि वह शिकायतों को गंभीरता से लेकर ईमानदारीपूर्वक एवं निष्पक्ष तरीके से उनका समाधान करें । प्रकरणों का केवल औपचारिक निस्तारण नहीं, बल्कि गुणवत्ता पूर्ण एवं वास्तविक समाधान किया जाए जिससे कि शिकायतकर्ता को संतोष प्राप्त हो । इस दौरान प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में आने वाली समस्याओं को सुन उनका निवारण भी किया गया । बैठक के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक माविस टक, क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार यादव, प्रभारी आईजीआरएस, सहित जनपद के समस्त आईजीआरएस से जुड़े अधि/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

### भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली



**ओरन/बांदा।** प्रधानमंत्री व के मुख्यमंत्री के आवाहन पर जिला अध्यक्ष कल्लू राजपूत एवं मंडल अध्यक्ष आशीष अनुरागी की अगुवाई में स्वतन्त्रता दिवस के पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने कस्बे के रामलीला मैदान से राष्ट्रीय तिरंगे झंडों के साथ कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भारी संख्या में कार्यकर्ता तिरंगे झंडों के साथ डीजे के धुन पर देशभक्ति के गीतों पर झूमते नजर आए। भारत माता की जयकारों एवं वंदे मातरम के नारों से कस्बा राष्ट्रभक्ति मय हो गया। जगह जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। यात्रा प्रमुख के रूप में जिले के जिला उपाध्यक्ष सीताराम वर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामबाबू त्रिपाठी, रसिक शिवहरे,राजनरायन द्विवेदी, उदितनारायण द्विवेदी, ओमप्रकाश तिवारी, धर्मेन्द्र खटीक राम बिहारी शुक्ला सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे। तिरंगा यात्रा के सुरक्षा व्यवस्था में चौकी प्रभारी हरिशरन सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### बड़ोखर मण्डल के भाजपा पदाधिकारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बांदा।** मंगलवार को बड़ोखर मण्डल की शानदार तिरंगा यात्रा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की मौजूदगी व मंडल प्रभारी बलराम सिंह एवं मंडल प्रवासी धर्मेंद्र त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष श्याम बाबू पाल के नेतृत्व मे हिमांशु सिंह के कुशल संयोजन मे निकाली गई। भव्य तिरंगा यात्रा अटल पार्क महोखर से बाईपास चौराहे तक रही। इस अवसर पर प्रमुख रुप से भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप भार्गव, सुरेश तोमर , शिवशरण शुक्ल नाना, अनिल तिवारी, राहुल सिंह गुड्डू भईया, बड़ोखर ब्लाक के ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू भईया, सुरेश तिवारी सुल्ली महाराज, सभी मंडल पदाधिकारी गण सभी शक्ति केंद्र संयोजक गण, सभी बूथ अध्यक्ष गण रहे।

# डीएम ने डीएपी व यूरिया खाद की उपलब्धता व वितरण की समीक्षा की

- निरीक्षण व खाद वितरण में लापरवाही बरतने पर एआर व जिला कृषि अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में सभी सहकारी समितियों व निजी खाद केन्द्रों में डीएपी व यूरिया खाद की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान जनपद के सहकारी एवं निजी केन्द्रों पर कुल खाद की उपलब्धता, वितरण एवं अवशेष खाद की विस्तृत जानकारी ली गई। जिला कृषि अधिकारी एवं एआर कॉपरेटिव द्वारा स्वयं निरीक्षण न करने तथा खाद वितरण की व्यवस्था सही से न कराने के संबंध में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक कुल 10671 मी0 टन यूरिया एवं 4599 मी0 टन डीएपी उपलब्ध हुई है। जिसमें से 5208 मी0 टन यूरिया तथा 2927 मी0 टन डीएपी का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में सभी सहकारी एवं निजी केन्द्रों पर 5463 मी0 टन यूरिया एवं 1672 मी0 टन डीएपी अवशेष है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खाद केन्द्रों पर खाद का रेट व स्टॉक बोर्ड पर प्रतिदिन प्रदर्शित करें। सभी किसानों से खतौनी अनिवार्य रूप से लेकर फसल की मांग व जोत के अनुसार खाद वितरित की जाए। जनपद में कहीं भी नकली खाद न बने व केन्द्रों पर खाद का स्टॉक पर्याप्त रहे। किसी भी केन्द्र पर खाद की शून्य उपलब्धता नही होनी चाहिए अन्यथा संबंधित पर कार्यवाही होगी। जनपद में खाद की ओवररेटिंग व कालाबाजारी कदापि बर्दाश्त नही की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी एवं एआर कॉपरेटिव द्वारा स्वयं निरीक्षण न करने तथा खाद वितरण की व्यवस्था सही से न कराने के संबंध में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कृषि अधिकारी डॉ.हरिशंकर, एआर कॉपरेटिव रमाकांत दुबे, जिला प्रबंधक पीसीएफ शरद यादव सहित समस्त बी-पैक्स सचिव एवं प्रभारी उर्वरक बिक्री केंद्र आदि मौजूद रहे।

## जानवर चराने गए दो किशोर यमुना में डूबे

- एक का शव निकाला, किशोरी की तलाश जारी



**कुरारा, हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के भटपुरा (जलाला) गांव में यमुना नदी के किनारे जानवर चराने गए आधा दर्जन किशोर नदी में नहाने लगे। तभी एक किशोर व एक किशोरी गहराई में जाने से डूब गए। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों ने 8 वर्षीय किशोर को बाहर निकाला और सीएचसी कुरारा लाए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं किशोरी की तलाश जारी है। थानाक्षेत्र के जलाला भटपुरा गांव निवासी रूपेश (08) पुत्र राजेंद्र, गुड़िया (10) पुत्री रमाकांत पड़ोसी किशोरों के साथ अपने जानवर लेकर यमुना नदी किनारे चराने गए थे। वहां पर अन्य चार किशोरों के साथ नदी में नहाने लगे। नहाते समय गुड़िया और रूपेश गहराई में जाने से डूब गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तलाश कर रूपेश को बाहर निकाल लिया। उसे उपचार के लिए कुरारा सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक रूपेश अपनी माता-पिता की अकेले संतान थी, अचानक हुई घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक का पिता मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नंदराम प्रजापति ने बताया कि बचाव दल को बुलाया गया है जो नाव के माध्यम से यमुना नदी में किशोरी की तलाश कर रहे हैं।

## डीएम ने तीन विभागों के संबंधित अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक रोका वेतन

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जुलाई 2025 माह की समीक्षा बैठक में कार्यों एवं अधीनस्थों के पर्यवेक्षण में लापरवाही एवं शिथिलता बरतने की जानकारी होने पर तीन विभागों के संबंधित अधिकारियों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, राठ, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड), हमीरपुर, उपनिदेशक मत्स्य का सीएम दर्पण पोर्टल पर जनहित से संबंधित शासन की सभी योजनाओं की प्रगति का आकलन किया जाता है तथा जनपदों के योजनाओं के क्रियान्वयन के आधार पर रैंक जारी की जाती है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जुलाई 2025 माह की समीक्षा में यह संज्ञान में आया है कि आपके स्तर पर संपादित कार्यों एवं अधीनस्थों के पर्यवेक्षण में अत्यंत लापरवाही एवं शिथिलता बरती गई है, जिसके परिणामस्वरूप विकास कार्यों संबंधी जनपद की रैंक में भारी गिरावट आई है और जनपद की छवि प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई है। उपरोक्त स्थिति न केवल विभागीय कार्यों के प्रति उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि शासनादेशों के उल्लंघन एवं जनहित की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में गंभीर बाधा भी है। शासकीय कार्य में बरती गई शिथिलता एवं लापरवाही के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने उक्त सभी का वेतन तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक रोके जाने के आदेश जारी किए हैं।

## सोते समय सांप के डसने से वृद्धा की हुई मौत

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे के सिकंदरपुरा में परिस्थितियों के चलते जहरीले सांप के काटने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी गुलाब रानी (80) पत्नी गोकुल प्रसाद रात्रि के समय खाना खा पी कर अपने घर में चारपाई पर सो रही थी। तभी अचानक किसी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे मेडिकल कॉलेज उरई न ले जाकर पनवाड़ी स्थित एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

## डीएम ने तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखा किया रवाना

- देशभक्ति गीतों से गूंज उठा शहर सहित जिले का माहौल

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना के नेतृत्व में भव्य हर घर तिरंगा बाइक रैली का आयोजन हुआ। जिसमें जनपद के सभी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत पुलिस रानी लक्ष्मीबाई तिराहे से हुई। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा बाइक रैली निर्धारित रूट प्लान के मुताबिक लक्ष्मीबाई तिराहा से प्रारंभ होकर यमुना घाट, कालपी चौराहा, रमेड़ी तिराहा, महिला थाना, पशु चिकित्सालय, बस स्टैण्ड, कोतवाली, हाथी दरवाजा, राजकीय इंटर कॉलेज, आकिल तिराहा, पंजाब नेशनल बैंक आदि स्थानों से होती हुई नगर भ्रमण के उपरान्त राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम हमीरपुर में सकुशल समाप्त हुई। यात्रा में सम्मिलित लोगों ने तिरंगे को सम्मानपूर्वक हाथों में थामे रखा और वंदे मातरम, भारत माता की जय, जय हिंद जैसे नारे लगाए, जिससे पूरे क्षेत्र में देशभक्ति की भावना की गूंज सुनाई दी। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त जनपदवासियों से स्वतन्त्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से बड़ी संख्या में जुड़ने की अपील की गई। तिरंगा बाइक रैली में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र मिश्रा, बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मय अधीनस्थों के साथ प्रतिभाग किया गया।

## यादव महामंच एवं सैनिक संगठन ने शहीद को दी श्रद्धांजलि

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** लुधियाना में शहीद हुए कुंडौरा के जवान राजेश कुमार यादव के गांव पहुंचकर अखिल भारतीय यादव महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष ने श्रद्धांजलि अर्पित करके परिजनों को सांत्वना प्रदान की। महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह यादव एवं सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष महेश यादव ने कुंडौरा पहुंचकर शहीद राजेश कुमार यादव को श्रद्धा सुमन अर्पित करके परिजनों को सांत्वना दी। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अरविंद प्रताप यादव, अशोक यादव प्रधान बिरखेरा, भौंली प्रधान अनुज यादव, मानवेंद्र सिंह, विक्रम सिंह यादव, अतुल यादव, प्रधान दरियापुर आशाराम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## दोस्तों संग नहाने गया किशोर भैरा नाले के चेकडैम में डूबा

- ग्रामीण व गोताखोर किशोर की तलाश में दिन जुटे रहे, नहीं लगा कोई सुराग



**सरीला।** जरिया थाना क्षेत्र के परछा गांव के पास स्थित भैरा नाले के चेकडैम में दोस्तों के साथ नहाने गया 17 वर्षीय किशोर नाला के तेज बहाव की वजह से गहरे पानी मे डूब गया। सूचना पर पहुँचे एसडीएम, सीओ व थाना पुलिस ने स्थानीय व गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू करने में जुटे हुए हैं। क्षेत्र के परछा गांव निवासी संदीप (22) पुत्र वंशीधर, टिंकू (19) पुत्र कंधीलाल, आकाश (21) पुत्र कंधीलाल, दीपू (19) पुत्र धर्मपाल, अरेंश (18) पुत्र उदयभान, बलबान (22) पुत्र देवीदीन, दिब्बू (11) पुत्र सन्तू व अजय (17) पुत्र वंशीधर मंगलवार को सुबह लगभग साढ़े नौ बजे गांव के किनारे भैरा नाला के चैकडेम में नहाने के लिए गए थे। टिंकू ने बताया कि नाले का तेज बहाव होने की वजह से नहाते समय अजय डूब गया। सभी साथियों ने तत्काल काफी ढूढ़ने का प्रयास किया। इसके बाद साथ में नहा रहा संदीप ने उसके घर पहुंचकर परिजनों को सूचना दी। नाले किनारे ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया और कुछ लोग ढूढ़ने में जुट गए। ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल एसडीएम बलराम गुप्ता, सीओ राजकुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष जरिया मयंक चन्देल पुलिस बल के साथ फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गये। स्थानीय लोगों व गोताखोरों की मदद से दिनभर रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। थाना प्रभारी जरिया मयंक चन्देल ने बताया कि किशोर को ढूढ़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## सहायक पुलिस अधीक्षक ने बैंकों में चलाया चेकिंग अभियान

- बैंकों की सुरक्षा मानको को चेक कर उसके पालन हेतु बैंक कर्मियों को दिए निर्देश



**बांदा।** सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा माविस टक द्वारा शहर क्षेत्र में स्थित विभिन्न बैंकों की चेकिंग की गई। चेकिंग का उदेश्य बैंक सुरक्षा मानको व बैंकिंग सिस्टम में किसी भी प्रकार की असामान्य गतिविधि की पहचान करना है । चेकिंग के दौरान, बैंक कर्मियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी प्रकार की गलत गतिविधि या धोखाधड़ी से संबंधित कोई मामला सामने न आए । साथ ही बैंक कर्मचारियों को भी सुरक्षा प्रोटोकॉल और संदिग्ध गतिविधियों के प्रति सजग रहने के लिए जागरूक किया गया । इस दौरान बैंक लगें सुरक्षा उपकरणों यथा- नाइट विजन सीसीटीवी कैमरों, पैनिक बटन, अग्निशामक यत्रों, आपातकालिन सुरक्षा अलार्म सिस्टम, लाकिंग सिस्टम आदि जायजा लिया गया तथा समय समय पर इसका परिक्षण करते रहने हेतु निर्देशित किया गया । इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में बैंक/वित्तिय संस्थानों की चेकिंग का अभियान चलाया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं व बाहर खड़े वाहनों को भी चेक किया गया।

## प्रशासन की अगुवाई में स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**बांदा।** आजादी के जश्न की उमंग में मंगलवार सुबह शहर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया, जब स्कूली छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह और जोश के साथ तिरंगा रैली निकाली। ÷वंदे मातरम÷ और ÷भारत माता की जय÷ के गगनभेदी नारों से शहर की गलियां गूंज उठीं। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ आज प्रातः 8 बजे पुलिस लाइन, बांदा से हुआ। चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त अजीत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर विकास भवन, महाराणा प्रताप चौराहा, पं. जेएन पीजी कॉलेज होते हुए पुनः पुलिस लाइन में संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी कृ पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस, जिलाधिकारी जे. रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, एएसपी माविस टक, एएसपी शिवराज, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, एसडीएम सदर नमन मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, समाजसेवी अमित सेठ भोलू और अन्य गणमान्यजन शामिल रहे। रैली में कई स्कूलों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

## तिरंगा यात्राः वंदे मातरम और भारत माता के जयकारों से गूंजा शहर

- देशभक्ति की भावना को बढ़ाती है तिरंगा यात्राः श्याम मोहन
- तिरंगा यात्रा का शहर वासियों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**





शहर में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याम मोहन धुरिया के नेतृत्व में कंचनपुरवा काली देवी मंदिर से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो सीधे पीली कोठी स्थिति भाजपा कार्यालय पहुंची। जहां पर जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अगुवाई में तिरंगा यात्रा पूरे शहर में भ्रमण करने के पीली कोठी समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की तादाद में युवाओं ने शिरकत कर वंदे मातरम के जयकारे लगाये। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। यात्रा में शामिल लोगों ने तिरंगा झंडे लहराए और देशभक्ति का जश्न मनाया।

भाजपा नेता श्याम मोहन धुरिया ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करना है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा लोगों को देश की एकता और अखंडता के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित की गई है। तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय पीली कोठी से प्रारंभ होकर शहर के बाबूलाल चौराहा चौक बाजार महेश्वरी देवी चौराहा बाकरगंज रेलवे स्टेशन होते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरी और लोगों ने इसका स्वागत किया। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा की और उनका स्वागत किया। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करना है। यह यात्रा लोगों को देश की एकता और अखंडता के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित की गई है। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, अशोक त्रिपाठी जीतू, रजत सेठ, राजेश उर्फ रज्जन गुप्ता, सुरेश साहू, संजय मिश्रा, योगेश धुरिया, शाहरूख खान, पप्पू इलाहाबादी, विक्की बनिया, अखिलेश, सचिन श्रीवास, भूरा श्रीवास, सचिन सेन, पंकज शुक्ला, अल्तमस हुसैन, कर्ण गुप्ता, चांद बाबू, इम्तियाज खान, अशोक सिंह, आशीष त्रिपाठी, बालेन्द्र तिवारी पप्पू, सुनील यादव, कुलदीप श्रीवास, आसू सहित सैकड़ों की तादाद में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शिरकत कर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया।

# जल भराव समस्या से जूझ रहे रावगढ़वासी

- विकासखंड पनवाड़ी की ग्राम पंचायत बैंदों का मामला है

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड पनवाड़ी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बैंदो के मोहल्ला रावगढ़ में लाखों रुपये की लागत से बनी सीसी सड़क आजकल बरसाती पानी के जलभराव के कारण लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। जिस सड़क का निर्माण आवागमन को सुगम बनाने और विकास की तस्वीर बदलने के लिए किया गया था, वही अब स्थानीय निवासियों के लिए 'जी का जंजाल' साबित हो रही है।

ग्राम पंचायत द्वारा कुछ समय पहले मोहल्ला रावगढ़ में लोगों की वर्षो पुरानी आवागमन की समस्या को देखते हुए सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। निर्माण के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और उम्मीद जताई कि अब बरसात में भी उन्हें कीचड़ और गड्ढों से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। लेकिन वास्तविकता इससे उलट निकली। बरसात शुरू होते ही सड़क पर पानी भरने लगा और कुछ ही दिनों में यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क निर्माण के दौरान जल निकासी की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई। नालियां अधूरी छोड़ दी गई या कहीं-कहीं बनाई ही नहीं गईं। नतीजा यह हुआ कि बारिश का पानी निकलने का कोई रास्ता न होने से पूरी सड़क तालाब में बदल गई है। मोहल्ले के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं इस जलभराव से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। बच्चे स्कूल जाने में भीग जाते हैं, बुजुर्ग फिसलने और चोट लगने के डर से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। पानी कई दिनों से जमा होने के कारण उसमें बदबू आने लगी है और मच्छरों, जहरीले कीड़ों तथा बरसाती कीटों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे डेंगू, मलेरिया, त्वचा संक्रमण जैसी संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। मोहल्लेवासी बताते हैं कि रात में सांप-बिच्छू जैसे खतरनाक जीव भी पानी में देखे जा रहे हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है।स्थानीय निवासी रामप्रसाद ने बताया, सड़क बनने के बाद हमें लगा था कि अब हमारी परेशानियां खत्म हो जाएंगी, लेकिन यह तो और बढ़ गई हैं। बरसात शुरू होते ही घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार बच्चों को गोद में उठाकर पानी पार कराना पड़ता है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, संबंधित विभाग को जलभराव की समस्या की सूचना दी जा चुकी है। जल्द ही निरीक्षण कर समाधान निकालने की बात कही गई है। हालांकि, तब तक मोहल्ले के लोगों को बरसाती जलभराव, कीट-पतंगों और बीमारी के खतरे के बीच ही रहना होगा।

## विभिन्न स्थानों से चोरी करने वाले वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा के साथ किया गिरफ्तार



**बांदा।** थाना गिरवां पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर चोरी करने वाले वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि आज थाना गिरवां पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक जो थाना गिरवां क्षेत्र के सरस्वाह व दुर्गापुर में कुछ माह पूर्व चोरी किया था इस समय वह गिरवां मनीपुर मार्ग पर है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर युवक को हिरासत में लिया गया। तलाशी में के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित सफेद धातु के आभूषण व नगद रुपये बरामद हुए । कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने फरवरी महिने में दुर्गापुर में तथा मार्च में ग्राम सरस्वाह में चोरी किया था ये आभूषण और नकदी उसी चोरी के है। जिसके सम्बन्ध में थाना गिरवां में अभियोग पंजीकृत है । पुलिस द्वारा अभियुक्त के पास से बरामद अवैध तमंचा, कारतूस, आभूषण व नगदी को कब्जे में लेकर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# यूरिया की किल्लत से किसान हलकान, लगा रहे चक्कर



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

किसानों को अपनी धान की फसल में खाद डालने के लिए जहाँ प्राइवेट खाद विक्रेताओं की दुकान से लेकर साधन सहकारी समितियां पर चक्कर लगा रहा है वही पर सहकारी समितियों पर खाद के वितरण के लिए राजस्व और पुलिस की मौजूदगी में मात्र दो बोरी ही दी जा रही है इससे बड़े काश्तकारों की धान की फसल को नुकसान हो रहा है। तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र में इस समय किसानों को सबसे ज्यादा जरूरी यूरिया खाद है जो प्राइवेट दुकानदारों से लेकर समितियो पर खाद नहीं मिल पा रही है। प्राइवेट खाद विक्रेताओं द्वारा महंगे दामो पर खाद दे रहे वह भी शाम के समय जबकि सहकारी समितियों पर आने वाली खाद ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है ।जितनी खाद समितियो पर आती है वह तुरंत ही खत्म हो जा रही है क्योंकि किसानों को डीएपी के साथ यूरिया इस समय अपनी धान की फसल में डालने के लिए बहुत जरूरी है इसलिए किसान सुबह से लेकर शाम तक समितियां पर ही अपना दिन गुजर रहा है साधन सहकारी समिति बनी कोडर मोहम्मदपुर उपाध्याय ,सादुल्लापुर ,मऊ गणपतीपुर, छदवलआदि समितियो पर खाद तो आ रही है परंतु किसानों की भीड़ की वजह से मारामारी मची हुई है लंबी लंबी लाइन लगा कर अपनी बारी आने का इंतजार करते है किन्तु उन्हें मात्र दो बोरी ही खाद दी जा रही है जो किसान 10 या 20 बीघे धान लगा रखा है उन्हें भी दो बोरी दी जा रही इससे उनकी फसल का नुकसान होना लाजमी है।

समितियों पर खाद के लिए सचिवों द्वारा खतौनी आधार कार्ड के साथ आने पर खाद तब दी जाती है जब कानूनगो या लेखपाल के साथ पुलिस बल मौजूद रहता है दी जा रही है अगर ज्यादा खाद लेना है तो आपको नही मिलेगी। जबकि प्राइवेट खाद्य विक्रेताओं के यहां अगर खाद है भी तो महंगे दामों पर किसानों को उपलब्ध करा रहे हैं इस संबंध में ए डी ओ ए जी महेश वर्मा ने बताया कि खाद की कमी नहीं है समितियो पर लगातार खाद आ रही है अगर प्राइवेट दुकानदार ज्यादा दाम पर खाद बेच रहे है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### किसान नेता मुकेश सिंह की 56वीं जयंती: भाकियू

**जैदपुर, बाराबंकी।** शोषितों और पीड़ितों के लिए आवाज उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता स्व. मुकेश सिंह की 56वीं जयंती पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कई कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान किया। बताते चलें कि जैदपुर सीएचसी में भाकियू तहसील अध्यक्ष शिवनारायण सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। इसके बाद वहां भर्ती मरीजों और महिलाओं को फल वितरित किए गए। कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. जगदीश प्रसाद, डॉ. नजमुल हसन और महिला चिकित्सक डॉ. सहिंदा मौजूद रहीं।

# कार की टक्कर से छात्रा घायल, ट्रामा सेंटर रेफर



**मसौली बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

कार की जोरदार टक्कर से स्कूल जा रही 15 वर्षीय छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है कार चालक कार को छोड़कर फरार हो गया जिसे पुलिस ने अपने कब्जे मे ले लिया है। मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के ग्राम किन्हौली निवासी बृजेश यादव की 15 वर्षीय पुत्री अर्पिता यादव गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बिन्दौरा साईकिल से स्कूल जा रही थी छात्रा बिन्दौरा गाव पहुँचती इससे पूर्व तेज रफ्तार मे आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई दुर्घटना के बाद कार चालक गाडी को छोड़कर फरार हो गया है घायल छात्रा को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया लेकिन गंभीर चोटे होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने कार को अपने कब्जे मे ले लिया है।

### एसडीएम ने शुरू कराया सड़क मरम्मत का कार्य

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश पर मंगलवार को सड़कों की मरम्मत कार्य प्रारंभ हो गया है। लोक निर्माण विभाग बरसात के कारण बने गड्ढों को भर रहा है। सफदरगंज-बरोसराय मार्ग स्थित भैसुरिया पेट्रोल पंप के पास सड़क पर गिरे पेड़ को विभाग ने हटा दिया है। गड्ढों में मिट्टी की बोरियां डालकर उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है। सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों को भी साफ किया जा रहा है।बारिश के कारण सड़कों पर बने गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बन रहे थे। सड़क किनारे उगी झाड़ियों से मोड़ पर लगे संकेत बोर्ड नहीं दिख पा रहे थे। इसी कारण साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है।लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एडिशन सिंह ने बताया कि सफदरगंज-बदोसराय, उधौली-सिरौली और बदोसराय-सिरौली समेत अन्य सड़कों की मरम्मत की जा रही है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र में अखिल भारतीय कांग्रेस सोशल आउटरीच के जिला अध्यक्ष शुभम वर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह को प्रेषित किया गया।मालूम हो की खरीफ की बुवाई के मौसम में किसानों को धान की फसल के लिए यूरिया और सिंचाई की जरूरत है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा ने चुनावी वादों में किसानों को मुफ्त बिजली और आय दोगुनी करने का आश्वासन दिया था।लेकिन वर्तमान में बिजली की कमी से सिंचाई प्रभावित हो रही है।यूरिया की कालाबाजारी से किसान परेशान हैं। सहकारी समितियों और निजी दुकानों पर किसानों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। उन्हें ऊंचे दामों पर यूरिया खरीदना पड़ रहा है। कांग्रेस ने राज्यपाल से खरीफ फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली और यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।इस दौरान शुभम वर्मा,इन्द्रेश वर्मा, एडवोकेट अहमद सईद,राजा राम, कलीम नईमी,मो रेहान कुरेशी,मो अक़ीक़ (पप्पू मलिक) सुभाष चंद्र, अनवर सभसाद, राजेश,रामसागर, अरबाज़, नीरज, रमापति यादव,शिव बालक,कपूर चन्द्र,गुड्डू मियाँ, राजू रावत आदि बड़ी संख्या में काँग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



## हर घर तिरंगा अभियान में निकाली गई रैली

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज ग्राम पंचायत जरौली से भाजपा नेता एवं ग्राम प्रधान भानु बाजपेई द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसका समापन मंगलपुर योगिनी मंदिर खेमीपुर होते हुए कांहीपुर ग्राम पंचायत में हुआ। लगभग 150 मोटरसाइकिल पर निकली तिरंगा यात्रा में लोगों का उत्साह देखने लायक था। लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को आमजन तक पहुंचना है। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से अमित शुक्ला अटल बिहारी बाजपेई कोटेदार जरौली मुकेश मिश्रा आदर्श इसराइल रामू रफीक सहज राम बाजपेई संतकुमार तिवारी तुंगनाथ बाजपेई पारस नाथ शुक्ला अजय सुशील रहीस रमजान अली आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता सर्पदंश का हुई शिकार, हालत गम्भीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

थाना कोठी क्षेत्र के पहला गांव मे मंगलवार की दोपहर घर में काम कर रही एक विवाहिता को जहरीले कोबरा ने डस लिया। परिवार के सदस्य पहले झाड़ फूंक के लिए गांव स्थित एक मंदिर पर ले गए लेकिन जब महिला की हालत पहले से ज्यादा बिगड़ गई जो उसे एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती कराया। इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।



जानकारी के अनुसार कोठी थाना क्षेत्र के पहला मजरे सेमरी गांव निवासिनी सुमित्रा पत्नी सूरज उम्र लगभग 18 वर्ष घर में घरेलू कार्य कर रही थी। घर का कोई घरेलू सामान उठाया तभी उसके नीचे छिप कर बैठे एक जहरीले कोबरा ने डस लिया। परिवार के सदस्यो को जब जानकारी हुई तो उसे पहले कमाला बाद स्थित रामजानकी मंदिर पर झाड़फूक करवाने ले गए, लेकिन जब महिला की हालत विगड़ने लगी तो जागरूक ग्रामीणों ने 108 एम्बूलेंस से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती करा दिया। इमरजेंसी मे मौजूद चिकित्सक ने महिला की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। डाक्टर मधेशिया ने बताया कि महिला को कोबरा सांप ने डसा उसकी हालत सीरियस है जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### आसई जैन मंदिर को पर्यटन स्थल बनाने की मांग

**इटावा।** जैन धर्म के दिगंबर जैन महावीर मंदिर अतिशय क्षेत्र आसई के मंदिर गेट, मुख्य गेट और अन्य निर्माण कार्य करवाकर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग को लेकर पूर्व जिलाउपाध्यक्ष जितेंद्र जैन हैप्पी ने आगरा राज्यसभा सांसद नवीन जैन को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में बताया गया कि आसई में 1000 से अधिक वर्ष पुरानी प्राचीन जैन प्रतिमाएं हैं, जिनकी उचित देखरेख नहीं हो पा रही है। मंदिर के अभाव में इन ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण जरूरी है और मंदिर का जीर्णोद्धार अति आवश्यक है। सांसद नवीन जैन ने आश्वासन दिया कि जैन समाज की इन मांगों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा और यह विषय पर्यटन मंत्री से बात की जायेगी।

### गांव में विवाद के दौरान महिला व उसके पति से मारपीट

**ऊसराहार, इटावा।** थाना ऊसराहार क्षेत्र के नगला भिखारीदास गांव में मामूली विवाद के बाद एक महिला और उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता नीतू पत्नी सुनवीर सिंह ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव निवासी कब्बोज के लड़के विमल को दरवाजे पर मौजूद आवारा कुत्ते ने काट लिया। इस पर कब्बोज और नक्कू ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार शाम आरोपी उसके दरवाजे पर पहुंचे और उसे लात-घूंसों से मारने लगे। शोर सुनकर पति सुरवीर सिंह बीच-बचाव करने आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की और सिर में चोट पहुंचाई। घटना के दौरान पीड़िता जमीन पर गिर पड़ी और आरोपी वहां से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**उन्नाव।** बांगरमऊ नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफमें बीती रात छत से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया। दरगाह शरीफ निवासी मोहम्मद आजम खान 26 वर्ष पुत्र एखलाक खान प्रतिदिन की भांति गत सोमवार को रात में खाना खाकर छत पर सोने के लिए चढ़ा था। छत पर लगी काई पर पैर पड़ते ही आजम फिसल गया और सिर के बल नीचे आ गिरा। सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन आनन उसे यहां के सरकारी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसके मृत घोषित कर दिया। आजम की मौत से घर परिवार में कोहराम मच गया।

### पुलिस व ब्लॉक कर्मियो ने संयुक्त रूप से निकाली तिरंगा यात्रा

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली व विकासखंड कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से कस्बे के मुख्य मार्ग पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई। स्वाधीनता संग्राम के अमर शहीदों व राष्ट्रभक्तों की जय कारों के साथ नगरवासी व ग्रामीण भी रैली में शामिल हुए। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह ने कहा कि आजाद भारत का प्रत्येक व्यक्ति बलिदानी महापुरुषों का ऋणी है। यह रैली उनकी स्मृति वह वीर गाथाओं को हमें याद दिलाती है तथा राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का भी संकल्प लेने को प्रेरित करती है। रैली में थाना अध्यक्ष राजपाल, एडीओ पंचायत प्रताप नारायण द्विवेदी, भोले प्रधान, डॉ अमरेश वर्मा,पवन मौर्य,पवन पासवान, अमरेंद्र, अमरेश, राना,शिवमोहन शामिल हुए।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उन्नाव।** सोमवार को देररात परिजनों से विवाद के दौरान सभी को घर से बाहर भागने के बाद शराबी अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरबारीखेड़ा निवासी राजबहादुर (50) स्व. ईश्वरदीन आटो मालिक एवं चालक भी था। वह शराब पीने का लती था। बेटे रामकिशन ने बताया कि सारा दिन अपना आटो चलाने के बाद शराब पीकर घर आते थे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**उन्नाव।** थाना बीघापुर क्षेत्र के रघूखेड़ा के पास कार व बाइक में आमने-सामने की टक्कर होने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बारासगवर थाना क्षेत्र के गांव चिलौली निवासी संजय पासवान पुत्र जगदीश गांव के ही मित्र सुरेंद्र कुमार 25 के साथ बाइक से बारा बाजार गए थे। लगभग 8 बजे अपने गांव चिलौली वापस आ रहे थे तभी टेढ़ा की ओर से आ रही अज्ञात कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे संजय पासवान सड़क पर जा गिरे। पीछे बैठा युवक सुरेंद्र भी घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने गंभीर घायल संजय को सौ बेड हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने संजय पासवान को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी पिंकी व 9 वर्षीय पुत्र अंश व 7 वर्षीय पुत्र अंशिका माता प्रतिमा का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पिकअप लोडर की टक्कर से छात्र की मौत



**उन्नाव,समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में बिल्हौर मार्ग पर स्थित सिंघूपुर बेरिया गाड़ा मोड़ पर बीते सोमवार को तेज रफ्तार पिकअप लोडर की साइकिल में जोरदार टक्कर से साइकिल सवार छात्र की मौत हो गई थी। परिजनों और ग्रामीणों ने आज पोस्टमार्टम के बाद कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर शव रखकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया। कोतवाल द्वारा चालक सहित वाहन के खिलाफ जल्द कार्यवाही का आश्वासन देकर किसी तरह जाम खुलवाया जा सका।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमुनिहां बंगर अंतर्गत मजरा नन्हूपुरवा निवासी कक्षा 11 का छात्र सूरज 16 वर्ष पुत्र रामस्वरूप बीते सोमवार को देर शाम साइकिल से चक्की पर आटा उठाने जा रहा था। तभी रास्ते में बिल्हौर मार्ग पर स्थित ग्राम सिंघूपुर बेरिया गाड़ा संपर्क मार्ग मोड़ पर अचानक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में छात्र सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया था। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित भाग निकला था। परिजन घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए थे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने बिल्हौर मार्ग पर यूकेलिप्टस के लट्ठे डालकर तथा शव रखकर जाम लगा दिया और परिजनों ने मांग उठाई कि दुर्घटना करने वाले चालक को गिरफ्तार कर पिकअप लोडर को सीज किया जाए। करीब डेढ़ घंटे तक जाम के दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने चालक और लोडर के खिलाफ कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट की कापी परिजनों को थमाई और चालक सहित लोडर को जल्द पकड़े जाने का आश्वासन देकर किसी तरह मार्ग पर आवागमन बहाल कराया।

# बाढ़ को लेकर प्रशासन ने जारी किया हाई अलर्ट

**उन्नाव,समृद्धि न्यूज।**

गंगा में लगातार बढ़ रहे जलस्तर को लेकर बीघापुर एसडीएम रणवीर सिंह ने जयराजमऊ पसनिया खेड़ा, गंगानगर, करमी, गढ़ेवा पुल तक जाने वाले संपर्क मार्ग का निरीक्षण कर कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

गंगा में बढ़ रहे जलस्तर को लेकर एसडीएम रणवीर सिंह मंगलवार दोपहर जयराजमऊ पहुंचकर पसनिया खेड़ा, सीताराम खेड़ा जाने वाली सड़क में हुई पूर्व कटान स्थल में बह रहे गंगा के बहाव का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों से पानी मझाकर आवागमन न करने की सलाह दी। आवश्यक कार्य होने पर संत नगर गंगानगर होकर ही आवागमन करने के लिए को कहा। जयराजमऊ में बनाई गई बाढ़ चौकी में तैनात कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। एसडीएम ने करमी गांव में जाकर भी बाढ़ की स्थिति देखी। गढ़ेवा पहुंचकर पुल तक जाने वाले संपर्क मार्ग का निरीक्षण किया। एसडीएम ने संपर्क मार्ग से बड़े वाहनों के आवागमन को पूरी तरह बंद करने के निर्देश दिए। गढ़ेवा पुल से लोग जान जोखिम में डालकर खेतों में भरे कीचड़ से निकलकर यात्रा कर रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि संपर्क मार्ग से कानपुर जाने वाले संपर्क मार्ग से पूरी तरह आवागमन बंद करने के निर्देश दिए। गिरजा नगर चौकी मे तैनात कर्मचारियों से प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा।

# नगर पालिका ने चलाया हर घर तिरंगा अभियान

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका की अध्यक्ष ज्योति संटू गुप्ता के निर्देशन में शहर के चालीसों वार्डो में श्हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान चलाया गया, इस अभियान में नगरपालिका कर्मचारियों ने घर घर दुकान दुकान जाकर नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया एवं राष्ट्र ध्वज देकर आगामी स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने शहरवासियों से को संदेश देते हुए कहा कि स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति हमारा प्रण है। तिरंगा हमारी आन, बान, शान है और स्वच्छता



हमारे संस्कार, हमारी सभ्यता और हमारे भविष्य की पहचान है। आजादी का यह पर्व हम सबको एक सूत्र में पिरोता है। हम सबकी जिम्मेदारी एक है। राष्ट्रभक्ति के साथ स्वच्छ, सुंदर और सशक्त इटावा का निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने सभी नगर वासियों और व्यापारी साथियों से अपील की है कि हम अपने-अपने घरों, संस्थानों और दुकानों में तिरंगा लहराएंगे और आसपास की स्वच्छता को अपना व्यक्तिगत दायित्व मानते हुए सुनिश्चित करें, सभासदों और सफाई नायकों द्वारा घर घर झंडा पहुंचाये जा रहे हैं सभी व्यापारियों से निवेदन है कि अपनी दुकानों पर डस्टबीन रक्खे, कूड़ा नालियों में नहीं डालें, नगर पालिका की डोर टू डोर संग्रह करने वाली गाड़ियों और निर्धारित स्थानों पर ही डालें।

# ट्रैक्टर चालक की करंट से मौत, मचा कोहराम

▸ हाईमास्ट के तार में मशीन फंसने से हुआ हादसा

**उन्नाव,समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गदन खेड़ा बाईपास के निकट ट्रैक्टर में बंधी सड़क की सफाई करने वाली मशीन हाईमास्ट के विद्युत तार में फंस गई। जिसे छुड़ाने गए ट्रैक्टर चालक की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। साथियों ने उसे जीवित समझ जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन आनन फानन जिला अस्पताल आ पहुंचे शव को देखकर बिलख उठे। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी भेजा गया है।

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ओसियां निवासी राजू रावत (25) पुत्र बुंदेला रावत गांव के ही दीपू रावत के ट्रैक्टर का चालक था। दीपू का ट्रैक्टर हाइवे पर काम करने वाली के फर्म के ठेकेदार के पास लगा था। ट्रैक्टर में रोड साफ करने वाली मशीन बंधी थी। राजू मंगलवार की शाम सदर कोतवाली क्षेत्र के गदनखेड़ा चौराहा के पास इसी से सफाई कार्य में लगा था तभी सड़क के किनारे का कूड़ा साफ करते समय मशीन का ब्रश हाईमास्ट (रोड लाइट) के तार में फंस गया।

### गंगा नहाने गये दो किशोर डूबे, गोताखोरो ने बचाया

**उन्नाव।** जनपद कानपुर के सरैया घाट पर गंगा नहाने गए कस्बा निवासी दो सगे भाइयों सहित तीन किशोरो में से दो किशोर डूब गए। घाट पर मौजूद गोताखोरों में दोनों को निकाल लिया। दोनों को शिवराजपुर सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे युवक को गंभीर अवस्था में कानपुर रेफर कर दिया।

नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी निवर्तमान नगर अध्यक्ष मिथलेश जयसवाल के पुत्र लगभग उन्नीस वर्षीय हर्षित एवं लगभग सत्रह वर्षीय मयंक मंगलवार को बाइक से मोहल्ला गांधी नगर निवासी अपने साथी लगभग बीस वर्षीय राघव पुत्र पंकज दीक्षित के साथ कानपुर के खेरेश्वर/सरैया घाट पर गंगा नहाने गए थे।

# मतदाता सूची में पात्रों का ही जोड़े नाम : डीएम



**ऊसराहार, इटावा समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने ताखा तहसील क्षेत्र के 89 बीएलओ को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि 19 अगस्त से यह विशेष अभियान शुरू होगा, जिसके अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं के दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे और सूची में आवश्यक संशोधन करेंगे।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदाता सूची में केवल वही नाम जोड़े जाएं, जो पूरी तरह पात्र हों, और किसी भी सही मतदाता का नाम गलती से सूची से न हटे। उन्होंने कहा कि बीएलओ को चाहिए कि मृतकों के नाम, डुप्लीकेट प्रविष्टियां और बाहर स्थानांतरित हो चुके लोगों के नाम सूची से हटाएं, वहीं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं का नाम अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। प्रशिक्षण में बीएलओ को फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 के सही प्रयोग, ऑनलाइन अपडेट प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र की जांच के तरीकों की जानकारी दी गई। डीएम ने कहा कि घर-घर जाकर सत्यापन के दौरान बीएलओ पूरी पारदर्शिता से काम करें और किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही से बचें, क्योंकि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है। इस अवसर पर एसडीएम श्वेता मिश्रा ने बीएलओ को सावधानीपूर्वक और समयबद्ध तरीके से कार्य करने की सलाह दी। तहसीलदार जावेद अंसारी ने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में अभियान की प्रगति की रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करेंगे और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल अधिकारियों को देंगे।

# मतदाता सूची पारदर्शी होना अत्यंत आवश्यक: प्रशांत तिवारी

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने कटरा शमशेर खान वार्ड में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित रहे एवं संचालन प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी ने किया। प्रशान्त तिवारी ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग की वोट चोरी से संबंधित एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित जनता ने राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग की वोट चोरी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां देखीं और सुनीं। श्री तिवारी ने कहा वोट चोरी एक व्यक्ति, एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। इसलिए, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ़-सुथरी और पारदर्शी मतदाता सूची होना अत्यंत आवश्यक है। चुनाव आयोग से स्पष्ट मांग है कि वह पूर्ण पारदर्शिता दिखाए, डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करे, ताकि जनता और राजनीतिक दल स्वयं उसका ऑडिट कर सकें। जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग ने वोटो पर डाका डाला था उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी फर्जी वोट बनावा के एवं चुनाव के दिन वोट पड़ने के बाद जब 6 बजे तक अगर 50 प्रतिशत मतदान हुआ फिर साइड पर 60 प्रतिशत दिखता यही कारण है जो वोट फर्जी है।

# पूर्व सांसद ने किया कैम्प कार्यालय का उद्घाटन

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**

मानिकपुर मोड पर बढ़पुरा ब्लाक प्रमुख गणेश राजपूत के कैम्प कार्यालय का उद्घाटन पूर्व सांसद रामशंकर कठेरिया एवं जिलाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता अन्नू ने फ़ीता काटकर किया इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख गणेश राजपूत सीपू चौधरी एवं इरशाद अली उर्फ टिंकू ने पूर्व सांसद रामशंकर कठेरिया एवं जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता अन्नू का माला और पगड़ी पहनाकर कर भव्य स्वागत किया इनके अलावा पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया पूर्व विधायक के के राज पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे पूर्व नगर पालिका चेयरमैन सौरभ दीक्षित मोहित दुबे अंशुल दुबे वरिष्ठ पत्रकार मसूद तैमूरी विमल भदौरिया ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय दीलीप यादव आदि का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामशंकर कठेरिया ने ब्लाक प्रमुख गणेश राजपूत को बधाई देते हुए कहा कि कैम्प कार्यालय पर बैठ कर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण करने का हर सम्भव कोशिश करे और भाजपा



की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास में विश्वास रखती है प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है इसलिए उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश कहलाता है।

उन्होंने कहा कि उनके पांच साल के संसदीय कार्य काल में इटावा से लेकर सिकंदरा तक पुलों का निर्माण कराया गया सड़कें बनवाई गई पासपोर्ट कार्यालय रेलों का ठहराव सहित तमाम विकास कार्य प्राथमिकता से किये उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अभी से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दे भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता अन्नु ने कहा कि वह हमेशा भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनता के दुःख सुख में शामिल हैं।

# तिरंगा यात्रा निकाल राष्ट्रीय एकता-अखंडता का दिया संदेश

**भाजपाइयों ने हर घर तिरंगा- हर दिल में भारत के तहत जलालाबाद मण्डल में निकाली तिरंगा यात्रा**



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हर घर तिरंगा -हर दिल में भारत अभियान के तहत जलालाबाद मण्डल में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा गोसाईं दासपुर चौराहा से प्रारंभ होकर जलालाबाद तक आयोजित की गई। जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम जनता ने भाग लिया। यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों और नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को दर्शाया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और हर घर में तिरंगा फहराने के संकल्प को मजबूत करना रहा। भारतीय जनता पार्टी की ओर से यह यात्रा राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की एक महत्वपूर्ण पहल रही। इस मौके पर प्रिया शाक्य जिला पंचायत अध्यक्ष, विवेक पाठक सदर विधायक प्रतिनिधि, जिलामहामंत्री रामवीर कठेरिया, शरद कटियार, अखिलेश पाण्डेय, अजीत पांडेय, अभिमन्यु सिंह, रजनी पाल मंडल अध्यक्ष, श्यामू तिवारी, मंगलम पाण्डेय, बबलू पाल, सुरेंद्र सिंह, ओम सिंह, श्याम प्रताप भदौरिया सहित आदि लोग रहे।

## महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

**जलालाबाद।** क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा को प्रोफेसर डॉ सुशील कुमार शाक्य ने झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य डॉ हेमेंद्र सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत विगत वर्षों में पूरे देश में निजी और सार्वजनिक स्थलों पर प्रमुखता से तिरंगा फहराया जाता है। रैली में छात्र- छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और भारत माता की जय के नारे लगाए।

# कंटेनर ने बाइक सवार दो को रौंदा, दर्दनाक मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के सीएनजी पेट्रोल पंप के पास हाईवे पर एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मृतकों के परिजनों को बुलाकर पंचनामा भरवार कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मृतकों की पहचान जनपद मैनपुरी थाना बेवर क्षेत्र के ग्राम अरम सराय निवासी 35 वर्षीय अजीत लोधी पुत्र इतवारी लाल और 50 वर्षीय कश्मीर सिंह लोधी पुत्र जिलेदार के रूप में हुई।

दोनों सुबह कैरदा गांव से बापस अपने घर के लिए निकले थे। हादसा सुबह करीब 7 बजे हुआ, जब वह दोनों लोग बाइक से प्रेमपुर क्षेत्र स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए एक तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जो इतनी भीषण थी कि बाइक कंटेनर में फंसकर 200 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में एक युवक के अंग शरीर से अलग हो गए और दोनों शव क्षत-विक्षत हो गए। शवों के ऊपर से कई वाहनों के गुजरने से एक शव की पहचान में भी कठिनाई हुई, लेकिन बाद में शिनाख्त हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचित किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि एक ट्रक को कब्जे में लिया गया है और हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से उस कंटेनर की तलाश की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना के बाद मृतक अजीत की पत्नी काति, पुत्री शिल्पी, रागनी, शालनी तथा एक पुत्र प्रशांत के अलावा मृतक कश्मीर के पुत्र करन और अरन का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

# तिरंगा रैली निकाल दिखाया देशभक्ति का उत्साह

**रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई वापस कॉलेज में हुई समाप्त**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

हीरा लाल वीएन इंटर कालेज में शासन के निर्देशानुसार और जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के मार्गदर्शन में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम पर आधारित एक भव्य हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्र ने किया, जबकि पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

रैली में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने तिरंगा झंडे, बैनर और तख्तियां लेकर शहर की सड़कों पर भव्य जुलूस निकाला। भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद जैसे नारों ने वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। रैली का शुभारंभ कॉलेज परिसर से हुआ, जहां प्रधानाचार्य ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और देश के प्रति कर्तव्यों का स्मरण कराया। आलोक गुप्ता ने अपने संबोधन में युवाओं को एकता और देश के प्रति समर्पण का महत्व बताया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई वापस कॉलेज में समाप्त हुई। इस आयोजन में मेजर संदीप कुमार माधव, विवेक दीक्षित, हेमलता, गोविन्द बाबू सक्सेना, सत्यपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार वर्मा, कुलदीप कुमार मिश्रा, संदीप कुमार, प्रतिभा चतुर्वेदी, नीरज सहित समस्त स्टाफ और एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय योगदान दिया।



# भाकियू (अवधेश) के स्थापना दिवस की बनाई गई रूपरेखा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील परिसर में एडवोकेट सोनू पांडेय के कार्यालय में आयोजित भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की बैठकमें संगठन का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाने की रूपरेखा बनाई गई। जिलाध्यक्ष गौरव शुक्ला ने कहा संगठन का स्थापना दिवस प्रतिवर्ष 27 अगस्त को मनाया जाता है। इस बार इसे धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ गौरव शुक्ला ने किसानों की समस्याओं के समाधान और संगठन के विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने कहा संगठन हमेशा निष्ठा से ही चलता है। इस अवसर पर सलमान उर्फ डंपी जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, सानू पांडेय जिला महासचिव युवा प्रकोष्ठ, नदीम अंसारी जिला महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ और कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भव्य तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता की जय के नारे

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए शहर के बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा तिराहे पर एकत्रित होकर डीजे पर देशभक्ति गीतों की धुन पर तिरंगा झंडा लहराते हुए पुलिस की चाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्था में यात्रा शुरू हुई, जो बाजार से होते हुए पीपल चौराहा स्थित श्री विजयनाथ मंदिर पर समाप्त हुई।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि यह यात्रा राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का प्रतीक है, जो युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करती है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि तिरंगा हमारी शान और स्वाभिमान का प्रतीक है, इसे सम्मान देना हर नागरिक का कर्तव्य है। भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने जोर देकर कहा कि ऐसी यात्राएं देश के प्रति निष्ठा को मजबूत करती हैं। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा ने कहा कि व्यापारी वर्ग हमेशा राष्ट्रहित में सक्रिय रहता है। सहकारी समिति पूर्वी के अध्यक्ष मुनीश मिश्रा ने युवाओं से तिरंगे के सम्मान में एकजुट होने की अपील की। हिंदू जागरण मंच के जिला सहसंयोजक अनुराग अग्निहोत्री ने बताया कि अखंड भारत संकल्प समिति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राहुल जी की उपस्थिति में 14 अगस्त को शाम 4:30 बजे तिरंगा तिराहे पर भारत माता की भव्य महा आरती होगी। उन्होंने सभी से इसमें शामिल होने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा में संध्या त्रिपाठी, उषा उपाध्याय, अरुण कुमारी शाक्य, शिव देवी चौहान, मोहनी दूबे, उमा शर्मा, सुनीता यादव, जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी, आनंद गुप्ता, मुकेश पांडेय, राहुल पाल, उत्तम गुप्ता, विवेक दुबे, दिनेश गिहार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# नेहरू कॉलेज में हर घर तिरंगा रैली का आयोजन




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नेहरू कॉलेज में प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने हर घर तिरंगा रैली निकाली।

यह रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर पूर्वी बाईपास तक गई। रैली का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता ने किया। रैली के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे देशभक्ति नारों से वातावरण गूंज उठा। इस आयोजन में कॉलेज के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रैली का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और हर घर तिरंगा अभियान को प्रोत्साहित करना था।

## घर जा रहे दंपति को रास्ते में रोककर की मारपीट

**जालौन (उरई)।** एक घर से दूसरे घर जा रहे दंपति को रास्ते में रोककर उनके साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी गौरी देवी पत्नी राजा भइया का गांव में ही एक दूसरा मकान है। रविवार की शाम वह पति के साथ अपने दूसरे मकान में जा रही थी। तभी रास्ते में मोहल्ले के ही देवीशरण, भूपसिंह,व वीरू ने जबरन उन्हें रोक लिया और रंगबाजी दिखाते हुए गाली देने लगे। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक व्यक्ति ने राजा भइया के सिर पर लाठी मार दी। जिससे वह घायल हो गए। पीडित महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने चिकित्सकीय परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि सोमवार को महिला की तहरीर पर अरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# चोरों की दहशत से रात भर पहरा दे रहे लोग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता के बावजूद ऐसी घटनाएं थमने का नहीं ले रही हैं नाम**

नगर में चोरों और बदमाशों की बढ़ती सक्रियता ने लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। आए दिन चोरी और संदिग्ध गतिविधियों की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसके चलते लोग अपने घरों की सुरक्षा के लिए रात भर जागकर पहरा दे रहे हैं।

बीती सोमवार देर रात नगर के मोहल्ला बिरतिया में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की चहलकदमी देखी गई। स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन संदिग्ध भाग निकले। कुछ देर बाद उसी मोहल्ले के दूसरे हिस्से में फिर से इन व्यक्तियों को देखा गया। लोगों ने एक बार फिर उन्हें खदेड़ दिया। इसके अलावा मोहल्ला कस्साबान की बाल्मीकि बस्ती की तरफ भी संदिग्ध व्यक्तियों को किसी घर के दरवाजे के पास देखा गया और उन्हें भी खदेड़ दिया गया। इस तरह लोगों ने रात भर सतर्क रहकर अपने घरों की सुरक्षा सुनिश्चित की और चोरों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। क्षेत्र में चोरों और बदमाशों की लगातार बढ़ती गतिविधियों ने लोगों में असुरक्षा की भावना को और गहरा कर दिया है। जबकि पुलिस लगातार गश्त कर रही है, लेकिन चोरों में किसी का डर नहीं दिख रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता के बावजूद ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हालांकि इन घटनाओं की अभी तक कोई पुष्टि नही कर सका है कि चोरों की गतिविधिया हकीकत है या फिर कोई अफवाह है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## सपा के बूथ प्रभारी का निधन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के बूथ प्रभारी परवेज मंसूरी का बीमारी से आज निधन हो गया। पूर्व विधायक अरविन्द यादव एवं समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोविन यादव ने शोक व्यक्त किया। रोविन यादव ने बताया की बूथ प्रभारी के निधन की सूचना कन्नौज सांसद एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को दे दी गई है। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए जल्द ही परिवार से मिलने के लिए कहा है।

# बिजली विभाग की छापेमारी से धीरपुर गांव में हड़कंप



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के धीरपुर गांव में बिजली विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। विभाग की टीम ने एक लाख रुपए से अधिक बिल बकायादारों के कनेक्शन काट दिए। जेई दिलीप शर्मा के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर यह कार्रवाई की, जिसमें आठ उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। बताया जा रहा है कि इनपर एक लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया था। इस अचानक छापेमारी से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों में बकाया बिलों को लेकर चर्चा शुरू हो गई। बिजली विभाग ने चेतावनी दी है कि जिन उपभोक्ताओं ने बकाया राशि जमा नहीं की, उनके खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा करने की अपील की है ताकि ऐसी कार्रवाई से बचा जा सके।

# तिरंगा यात्रा निकाल, दिया राष्ट्र प्रेम का संदेश

**शहर में भाजपाइयों ने निकाली यात्रा, हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय का उद्घोष**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



शहर में भाजपाइयों ने हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जन- जन तक पहुंचाने के बारे में भी बताया। साथ ही साथ देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को भी जगाया गया।

तिरंगा यात्रा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में शहर स्थित ईजी मार्ट से प्रारंभ हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया और हाथों में तिरंगा लेकर सभी लोग भारत माता की जय, भारतीय सेना की जय के उद्घोष लगा रहे थे उदघोष से पूरा शहर गूंज उठा। जगह-जगह तिरंगा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश देखा गया। यात्रा भ्रमण के बाद ग्वाल मैदान स्थित अमर जवान ज्योति स्थल पर पहुंची जहां सभी कार्यकर्ताओं ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारत माता की जय,बंदेमातरम के नारे लगाते हुए स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीदों को नमन कर याद किया। इस मौके पर जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष श्यामू राजपूत, नगर अध्यक्ष शिवेंद्र, संजू कटियार, रामू राजपूत, विशाल शुक्ला, श्याम जी मिश्रा, शरद मिश्रा, पवन पांडे साहित सैकड़ो लोग रहे।

# वृद्ध को झांसा देकर जेब काट 15 हजार लेकर बाइक सवार फरार

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

बाईक सवार युवकों ने कपड़ों में प्रेस कराने जा रहे वृद्ध को बातों में उलझाकर जेब काट ली। रुपये जाने का अहसास होने पर उसने चिल्लाया तब तक वह रफूचक्कर हो गये।

नगर में टप्पेबाजी की घटना कोई नयी नही है बल्कि अक्सर ही ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। मंगलवार की दोपहर भी मनीगंज निवासी राकेश पाण्डेय पुत्र केदार पाण्डेय अपने कपड़ों में प्रेस कराने स्टेशन जा रहे थे लेकिन मनीगंज बजरिया के पास उन्हें दो अज्ञात बाईक सवारों ने रोक लिया और डा. अनिल का पता पूंछने लगे इस पर वह खड़े होकर हाथ से डाक्टर का पता बताने लगे थे और इसी दौरान युवकों ने उनके कुर्ते की जेब काटकर उसमें रखे 15 हजार रुपये निकाल लिये और चले गए हालांकि उनके वहां से जाते ही वृद्ध को जेब कटी होने का एहसास हो गया था और उसने मौके से भाग रहे बाईक सवारों को पकड़ने के लिए चिल्लाया भी लेकिन कोई कुछ समझ पाता कि तब तक वह आंखों से ओझल हो गये थे। जेब कतरी में 15000 चले जाने से आहत व5ृद्ध ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाल परमहंस तिवारी के अनुसार मामले की शिकायत आई है जिसकी जाँच की जा रही है शीघ्र ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगे।

# फोटोग्राफी एक पेशा नहीं, बल्कि समाज की आंख : दिनेशचंद्र

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज़।**




फोटोग्राफर एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय गेस्ट हाउस में फोटोग्राफर्स मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष दिनेशचंद्र वर्मा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज शिवहरे और जिला प्रभारी उपेंद्र चौरसिया ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि फोटोग्राफी केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज की आंख है। एक तस्वीर घटनाओं को वर्षों तक जीवित रख सकती है। आप सब अपने कार्य से न केवल यादें संजोए, बल्कि सामाजिक जागरूकता में भी योगदान दें। कहा कि संगठन हर परिस्थिति में फोटोग्राफर्स के साथ खड़ा है। संगठन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराकर फोटोग्राफर्स को उनके मुताबिक काम उपलब्ध्या कराएगा। कानपुर जोन प्रभारी कुलदीप सिंह ने कहा कि फोटोग्राफी आज के डिजिटल युग में और भी महत्वपूर्ण हो गई है। फोटोग्राफर्स को अपना प्रोफाइल ऑनलाइन बनाना चाहिए। डेमो भी शानदार रखना चाहिए। आज का युवा डेमो देखने के बाद ही तय करता है कि उसे किस तरीके का काम अपने कार्यक्रम में करना है। लखनऊ जोन प्रभारी आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन की मजबूती से फोटोग्राफरों के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।संगठन तभी मजबूत होगा जब हम एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे। सौरभ मिश्रा ने संगठन की आधिकारिक वेबसाइट के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन सम्मान समारोह और सामूहिक फोटो सेशन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन खरे व धीरज बाथम ने किया। इस मौके पर जोन प्रभारी कुलदीप कुमार सिंह, झांसी मंडल प्रभारी प्रभात कुमार सिंह, राजीव निगम, आशीष श्रीवास्तव, गौरव पांडे, राकेश लाक्षाकार, जगदीश तुसेले, आशीष सिंह आदि मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर होगा क्रासकंट्री दौड़ का आयोजन

**उरई,जालौन।** क्रीड़ाधिकारी शैलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि जनपद के खेलप्रेमी खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि 15 अगस्त 2025 के सुअवसर पर जिला खेल कार्यालय इन्दिरा स्टेडियम उरई के तत्वाधान में जिला प्रशासन के सहयोग से 5 किमी पुरुष एवं 3 किमी महिला वर्ग में जिला स्तरीय क्रासकंट्री दौड़ का आयोजन प्रातः 9.30 बजे इन्दिरा स्टेडियम से कालपी रोड पर राहिया चौराहा से वापस स्टेडियन मुख्य द्वार तक किया जा रहा है। अतएव उक्त क्रासकन्ट्री दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक पुरुष एवं महिला खिलाड़ी इन्दिरा स्टेडियम उरई में प्रातः 08.30 बजे से उपस्थित होकर अपने नाम की प्रविष्टियां कराकर प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करे।

# सोख्ता टैंक ढकवाने की उठाई मांग

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज़।**



आसरा कॉलोनी में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एक सोख्ता टैंक बनवाया गया है। लेकिन यह टैंक खुला हुआ है। इसके आसपास बच्चे भी खेलते हैं। जिससे बच्चों के टैंक में गिरने का खतरा बना रहता है। कॉलोनी के निवासियों ने एक टैंक को ढकवाने की मांग संबंधित विभाग के अधिकारियों से की है।

कॉलोनी के आसपास रहने वाले आशीष, अनुराग आदि ने बताया कि बरसात के मौसम में कॉलोनी में पानी भरने की समस्या हो जाती थी। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए कॉलोनी के पास ही एक सोख्ता टैंक बनवाया गया है। लेकिन निर्माण के बाद भी इसे सुरक्षित ढंग से ढकने की व्यवस्था नहीं की गई। लोग आशंका जता रहे हैं कि यदि इसे जल्द नहीं ढका गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बताया कि कॉलोनी में कई घर ऐसे हैंए जिनमें छोटे बच्चे हैं। खेल.खेल में बच्चे टैंक के पास चले जाते हैं और कई बार अंदर झांकते भी हैं। इससे बच्चों के टैंक में गिरने का खतरा बना रहता है। कॉलोनी के निवासियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि टैंक को ढकने के लिए मजबूत लोहे की जाली या ढक्कन लगाया जाना चाहिए। ताकि बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं आमजन की समस्याएं

**गरीब परिवारों, बारिश पीड़ितों और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश**

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज़।**



प्रदेश सरकार के जनहित एवं पारदर्शी प्रशासन की नीति के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आमजन की समस्याएं सुनीं।

उन्होंने शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्रों एवं शिकायतों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गुड्डी देवी ने प्रार्थना-पत्र में बताया कि वह अत्यंत गरीब परिवार से हैं और उनके पति की पूर्व में दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। उनके दो बच्चों की पढ़ाई और पोषण के लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री वात्सल्य सेवा योजना के अंतर्गत आवेदन किया है, किंतु बैंक अधिकारी खाता खोलने में विभिन्न प्रकार की अड़चनें बता रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस प्रकरण को प्राथमिकता से लेते हुए लीड बैंक मैनेजर एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार माया देवी ने शिकायत की कि हाल की भारी वर्षा से उनके मकान की कच्ची दीवारें गिर गई हैं, जिससे उन्हें रहने में कठिनाई हो रही है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को तत्काल सर्वे कर आज ही नियमानुसार राहत दिलाने के आदेश दिए। जनता दर्शन में ग्रामों में जलभराव, चक रोड कब्जा की स्थिति, घरेलू विवाद तथा अन्य विषयों से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुई, जिन पर जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों से संवाद कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और हर वर्ग तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# बाढ़ के पानी में डूबकर युवक की मौत, मौके पर पहुंचे एसडीएम

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज़।**


मृतक का फाइल फोटो


मौके पर निरीक्षण करते उप जिलाधिकारी

गंगा पार क्षेत्र में गंगा एवं रामगंगा के बढ़ रहे जल स्तर से हर तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई है। आने जाने के रास्ते बाधित हो चुके हैं। कई सड़कें व पुलिया क्षतिग्रस्त हो गईं। बाढ़ की समस्याओं को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही कमर कस ली थी और ग्राम प्रधानों, लेखपालों व अन्य कर्मचारियों को सचेत कर दिया गया था कि वह अपने-अपने क्षेत्र में सावधानी बरतें और किसी भी तरीके से जनहानि ना होने दें। प्रशासन की अनेक चेतावनियां उस समय बेकार हो गई जब एक 19 वर्षीय युवा खाखिन पुलिया पर पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। वहां मौजूद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाढ़ के पानी से निकाले गए युवा को अपनी ही गाड़ी में रखकर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। 19 वर्षीय अजय राजपूत पुत्र विजेंद्र निवासी अमैयापुर पश्चिमी उस पुलिया के पास से निकल रहा था, तभी यह घटना घटित हो गई। जानकारी मिलने के बाद तहसील प्रशासन हरकत में आया और उप जिलाधिकारी अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जाकर वहां की स्थिति का जायजा लिया और ग्राम प्रधान को बुलाकर उन्हें हिदायत दी कि वह तत्काल ग्राम पंचायत में मुनादी कराकर लोगों को सूचित करें कि कोई भी व्यक्ति गहरे और तेज बहाव वाले पानी की तरफ ना जाए और ना ही किसी को जाने दें। जब इसकी सूचना मृतक के भाई ध्रुव एवं माता बृजरानी को हुई तो पूरा परिवार दुखी हो गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि दैवीय आपदा से हुई मौत की जांच की जाएगी। इसके उपरांत नियमानुसार मुआवजे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ के समय इस पुलिया से निकलना काफी जोखिम भरा काम हो जाता है। ऐसी स्थिति में इस पुलिया के दोनों तरफ रेलिंग लगी होनी चाहिए। जिससे अगर कोई व्यक्ति फिसल जाता है या गिर जाता है तो वह गहरे पानी में न जाए और उस रेलिंग में ही उलझ कर निकल आए। इस स्थिति में पीडब्ल्यूडी विभाग को पत्र भेजकर इसकी सूचना दी जाएगी और इस पुलिया के दोनों तरफ रेलिंग लगाने के लिए कहा जाएगा। जिससे भविष्य में इस तरह की अन्य कोई घटना घटित ना हो सके।

# नखास चौकी प्रभारी ने बैग में मिले लाखों रुपयों के जेवरात व कपड़े लौटाए

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**


पीड़ित को बैग लौटाते चौकी प्रभारी नखास

पुलिस ने बैग में मिले लाखों रुपयों के जेवरात व कपड़े पीड़ित को लौटा दिये। सोने के गहने मिलने के बाद पीड़ित ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस की सराहना की है।

फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र की नखास चौकी पुलिस ने एक अनोखा और सराहनीय कार्य किया है। दिनांक 11 अगस्त को थाना कोतवाली फर्रुखाबाद की चौकी प्रभारी नखास पर सूचना प्राप्त हुई कि प्रभात कश्यप पुत्र संजय कुमार निवासी गांव बरुआ पोस्ट राजेपुर थाना राजेपुर फर्रुखाबाद बैग मय गहने व कपड़ों के टिर्री में रखकर भूल गया है। जिसकी सूचना पर चौकी प्रभारी नखास उ0नि0 इमरान फरीद मय हमराह कर्मचारीगण हेड का0 विवेक कुमार यादव, का0 574 मलिखान सिंह व का0 1031 गौरव के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभात कश्यप उपरोक्त के बैग मय गहने के अथक प्रयास से सकुशल ई-रिक्शा की पहचान कर प्राप्त किया गया तथा प्रभात कश्यप को उसका बैग मय जेवर, कपड़ों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर प्रभात कश्यप को तलाश कर बैग को लौटा दिया। सोने के गहने मिलने के बाद प्रभात कश्यप ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस की सराहना की है। यह घटना पुलिस की ईमानदारी और उनके काम के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

# कचहरी परिसर में सफाई को लेकर अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन


संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपा।

जिसमें कहा गया कि हम अधिवक्तागण जनपद न्यायालय में बैठकर विधि व्यवसाय करते हैं। कचहरी परिसर में स्थित धरना परिसर स्थल एवं सार्वजनिक शौचालय की सफाई व्यवस्था लम्बे समय से अत्यन्त खराब है। यहां पर कचरा, दुर्गन्ध एवं गन्दगी के कारण अधिवक्ताओं व मुवक्किलों एवं न्यायालय आने जाने वाले आमजन को गम्भीर असुविधा और स्वास्थ्य सम्बन्धी खतरे का सामना करना पड़ रहा है। चारों तरफ भयंकर मच्छरों का प्रकोप है। जिस कारण कोई भी गम्भीर बीमारी मलेरिया, चिकनगुनिया आदि फैल सकती है एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस निकट है और इस अवसर पर न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फैराने एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इस पावन अवसर की गरिमा बनाये रखने हेतु परिसर में सम्पूर्ण स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। ज्ञापन देने के दौरान अधिवक्ता हरिओम राजपूत, रक्षपाल सिंह, देवेंद्र सिंह यादव संयुक्त सचिव, अखिलेश कुमार राजपूत, प्रदीप कुमार, नीलेश कुमार, अनुराग मिश्रा, यादव सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बच्चों व शिक्षकों ने निकाली तिरंगा रैली


तिरंगा रैली निकालते बच्चे व शिक्षकगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के प्राथमिक विद्यालय केंद्र नवाबगंज के बच्चों ने तिरंगा रैली का आयोजन किया। बच्चों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज को लेकर तिरंगा रैली को नगर के मुख्य मार्गों पर घुमाया। तिरंगा रैली में बच्चे भारत माता की जय, महात्मा गांधी अमर रहें, आदि के नारे लगाते हुए चल रहे थे। बच्चों द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली से वातावरण देश भक्ति मय हो गया। इस दौरान अध्यापकों ने अन्य लोगों से भी अपील की कि वह अपने-अपने घरों में एक तिरंगा अवश्य लगायें। जिससे इस राष्ट्रीय पर्व को ऐतिहासिक बनाया जा सके। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रज्ञानंद, प्रशांत कटियार, रेनू सिंह, उर्मिला देवी, वसीम अख्तर, मधुबाला आदि शिक्षक व दर्जनों की संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शकुंतला देवी इंटर कॉलेज की टीम रही विजयी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम व कोच आदि

क्षेत्रीय माध्यमिक परिषद कानपुर शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए जनपदीय स्तर पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श जनता इन्टर कॉलेज रानूखेड़ा के तत्वाधान में ब्रम्हदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में सम्पन्न कराया गया। प्रतियोगिता बालक तथा बालिका दोनो वर्गों में सम्पन्न करायी गयी। शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कॉलेज की वॉलीबॉल टीम विजयी रही। सभी खिलाड़ियों का मण्डल स्तर प्रतियोगिता के लिए चयन सुनिश्चित किया गया। खेल के दौरान छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम कोच अक्षिता यादव तथा टीम मैनेजर शोभा यादव को विद्यालय प्रबंधक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल एवं मोनिका अग्रवाल ने शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एवं स्पोर्ट्स टीचर को बधाई देते हुये पुनः उन्हें निरन्तर अपनी टीम को आगे ले जाने की प्रेरणा दी तथा विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर सभी क्रीड़ा प्रभारी व निर्णायक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भाई को ईंट मारकर घायल करने में दो के विरुद्ध मुकदमा


अस्पताल में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव अकबरपुर निवासी अवनेश कुमार जाटव उम्र 30 वर्षीय पुत्र बृज किशोर जाटव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरे घर पर रखे गेहूं एक बोरी में भरकर हम आटा चक्की पर पिसाने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान मेरे बड़े भाई राजेश ने आते ही गेहूं की बोरी मेरे हाथों से छीन ली और मेरे साथ गाली- गलौज करने लगे। जब मैंने गलियां देने का विरोध किया, तो बड़े भाई ने राजेश ने मेरे हाथ पकड़ लिए और छोटे भाई अमन ने ईट उठाकर मेरे सर में मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने भाई की शिकायत पर बड़े भाई राजेश व छोटे भाई अमन के विरुद्ध मामला दर्ज कर अवनेश का कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडीकल परीक्षण करवाया।

### भाजपा के नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली गयी तिरंगा यात्रा


बाइक तिरंगा यात्रा निकालते भाजपाई

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष देवेंद्र दुबे के नेतृत्व में ब्लाक कायमगंज से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर वन्दे मातरम् के नारे लगाते हुए ट्रांसपोर्ट चौराहा होती हुई शिवाजी की मूर्ति पर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर यात्रा का समापन हुआ। जिसमें भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा एवं जिला महामंत्री जीएस राठौर, जिला मंत्री अमरदीप दीक्षित, यात्रा की प्रभारी रश्मि दुबे एवं कायमगंज नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार, पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील चक, नगर महामंत्री अखिलेश शर्मा, ब्लाक प्रमुख पुत्र सागर दुबे, शिवांश तिवारी, बबीता वर्मा, आरती कश्यप, ओम कालेश्वर पाठक, राघव त्रिपाठी, सचिन शर्मा, नगर मन्त्री अम्बुज गंगवार आदि उपस्थित रहे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस टीम द्वारा कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 203/2025 धारा 232/115 (2)/ 140 (2)/ 308(5)/351(3) बी.एन.एस. से सम्बन्धित नामजद/वांछित अभियुक्तगण श्रवण कुमार शुक्ला उर्फ छोटे पुत्र स्व0 वीरेन्द्र नाथ शुक्ला निवासी ग्राम भुड़िया भेड़ा थाना राजेपुर हाल निवासी गंगानगर कालोनी कोतवाली फर्रुखाबाद, प्रीती सिंह यादव पत्नी देवेन्द्र सिंह यादव निवासी भुड़ियाभेड़ा थाना राजेपुर हाल निवासी ग्राम रविदासनगर रोहिला कोतवाली मोहम्मदाबाद को गिरफ्तार किया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार सहित पांच घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार रात एक परिवार बाइक दुर्घटना का शिकार हो गया। नगर के तिराहा निवासी उमेश शर्मा अपनी पत्नी दुर्गा और तीन बच्चों के साथ ससुराल लखीबेटा दहेलिया से वापस लौट रहे थे। रात करीब 8 बजे नवाबगंज ब्लॉक के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। दुर्घटना में उमेश शर्मा, उनकी पत्नी दुर्गा और उनके तीन बच्चे 6 वर्षीय अंशिका, 4 वर्षीय हरिओम और 1 वर्षीय हर्ष घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एम्बुलेंस पहुंची। एम्बुलेंस चालक दिनेश कुमार और ईएमटी ब्रज किशोर ने सभी घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी के डॉक्टर विशिष्ट कटियार ने सभी घायलों का उपचार किया।

# ब्रह्मदेव महिला स्वयं सहायता समूह के नाम कोटे का हुआ चयन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


कोटा चयन प्रक्रिया के दौरान मौजूद ग्रामीण पुलिस व अधिकारीगण

बार-बार बैठक करने के उपरांत भी जब ग्राम प्रधान नहीं आये, तब जिला अधिकारी के अनुमोदन पर वरिष्ठ सदस्य की अध्यक्षता में कोटेदार का चयन किया गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगला केल में दो वर्ष पूर्व ग्रामीण अच्छन खाँ कोटेदार हुआ करते थे, लेकिन ग्राम प्रधान नगला केल घनश्याम शाक्य ने अपने सत्ता पक्ष का फायदा उठाते हुए कोटा निरस्त कराकर अपने ही घर में अपनी मां कलावती के नाम कोटे का चयन करा लिया था। जिस पर ग्रामीणों को जानकारी होने पर उन्होंने कानूनी प्रक्रिया अपनाकर कोटा निरस्त करवा दिया था। तब से लगातार ग्राम सचिव मोतीलाल यादव बैठक कर कोटे की चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ते थे, लेकिन किसी भी बैठक में ग्राम प्रधान नहीं आते थे। जिस पर ग्राम सचिव का हजारों रुपया खर्च हुआ करता था। जिसकी शिकायत ग्राम सचिव तथा विकास खंड अधिकारी ने जिला अधिकारी से की थी। तब जिला अधिकारी ने अनुमोदन कर कोटा चयन करने के निर्देश दिए। जिस पर मंगलवार को हुई बैठक में ग्राम प्रधान नहीं आए, तब ग्राम पंचायत की बैठक कर वरिष्ठ सदस्य राधा देवी की अध्यक्षता में प्रधान के ना आने पर कोटे का चयन कराया गया। जिसमें बाबा ब्रह्मदेव महिला स्वयं सहायता समूह तथा रामजी महिला समूह नगला चंपत जो 6 माह पूर्व समूह बनाया गया था उसने भी कोटे के लिए आवेदन किया था। वहीं वर्तमान प्रधान की मां कलावती पत्नी प्रेमलता के नाम से बजरंग महिला स्वयं सहायता समूह ने कोटा चयन के लिए आवेदन किया था। जिसमें अधिकारियों के निर्देश के चलते ग्राम प्रधान के परिवार को कोटा चयन नहीं हो सकता था। वहीं दूसरे नंबर पर 6 माह पूर्व बने रामजी महिला स्वयं सहायता समूह को भी कोटे के दायरे में नहीं लाया गया। जिस पर बाबा ब्रह्मदेव महिला स्वयं सहायता समूह के नाम कोटे का चयन भारी पुलिस बल की मौजूदगी में किया गया। कई बार अधिकारियों व कर्मचारियों की ग्रामीणों से तथा समूह की महिलाओं से नोकझोंक भी हुई। जिस पर थाना पुलिस ने मामले को कड़ाई से संभाला। इस मौके पर वीडियो आईएसबी सुखदेश सिंह, सचिव सुनील गौतम, नगला केल की ग्राम पंचायत के सचिव मोतीलाल यादव, ब्लॉक मिशन मैनेजर अनुज शुक्ला तथा मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा।

# गैर इरादातन हत्या के मामले में दो सगे भाइयों समेत चार को दस-दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गैर इरादातन हत्या के मामले में जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार ने नक्षत्र पाल पुत्र रामेश्वर, बी0पी0, दल सिंह पुत्रगण आशाराम, अर्चित पुत्र दाताराम समस्त निवासीगण भूड़ियाभेड़ा थाना राजेपुर को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष का सश्रम कारावास व प्रत्येक आरोपी को दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते सात वर्ष पूर्व थाना रजेपुर क्षेत्र के ग्राम भुड़ियाभेड़ा निवासी सुनीता पत्नी उदयवीर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 02 मार्च 2018 समय करीब साढ़े छः बजे शाम को मेरे पति उदयवीर सिंह 40 वर्षीय शौच क्रिकया हेतु गांव के बाहर खेत पर गए थे, तभी गांव के नक्षत्र, बीपी, दल सिंह, अर्चित आदि लोगों ने मेरे पति को निजी विवाद को लेकर लाठी-डंडों एवं लात-घूसों से मारापीटा। जिससे मेरे पति के गंभीर चोटें आयीं। घायल की उपचार के दौरान मृत्यु हो गईष। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह, पंकज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश नीरज कुमार ने नक्षत्र, वी0पी0, दल सिंह, अर्चित को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस-दस वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## नौ माह से युवती गायब, आरोपी दे रहे धर्म परिवर्तन करने की धमकी

पीड़ित पिता ने डीएम से लगायी न्याय की गुहार, अनहोनी की जतायी आशंका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवती को बहला फुसलाकर ले जाने व धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ९ माह बीत गये, लेकिन पुलिस अभी तक न युवती को बरामद किया और न ही किसी आरोपी की गिरफ्तारी की है। जिसके चलते आरोपियों के हौसले बुलंद है और वह ऐलानियां पीड़ित परिवार को धमकी दे रहे है। इस संदर्भ में पीड़ित पिता ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी है।

थाना कमालगंज के ग्राम कतरौली पट्टी निवासी प्रेमचन्द्र पुत्र रामस्वरूप ने जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि गांव आशिक पुत्र ईसाक अली 29 अक्टूबर 2024 को मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। मेरी पुत्री घर में रखे पांच लाख पांच हजार रुपये नगदी व सोने-चांदी के आभूषण अपने साथ भी ले गयी थी। इस संदर्भ में शिकायत थाने में दी। कमालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन आज तक मेरी पुत्री बरामद कर मुझे नहीं सौंपी है। जब आरोपी के घर वालों से पुत्री को वापस करने की विनती की तो धमकी दी कि तेरी बेटी का धर्म परिवर्तन कराकर अपने बेटे के साथ निकाह करा दूंगा। अगर तूने ज्यादा कार्यवाही की तो तेरी बेटी को मार कर लाश गायब कर दूंगा। मेरी पुत्री का आज तक कोई पता नहीं चला। मुझे आशंका है कि मेरी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना घटित न हो गयी हो। आरोपी खुलेआम घूम रहे है।

# राजपूत रेजिमेंट सेंटर ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली तिरंगा यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बाइक तिरंगा यात्रा निकालते सैन्य कर्मी

आजादी का अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान के तहत राजपूत रेजिमेंट सेंटर फतेहगढ़ ने 12 अगस्त 2025 को तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य फतेहगढ़ कैंटोनमेंट के लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और उनके दिलों में सेना के वीर सपूतों के प्रति भावनात्मक लगाव के साथ देशभक्ति की भावना जगाना था। तिरंगा यात्रा का आयोजन करियप्पा मैदान में किया गया। इस दौरान आर.आर.सी. के सैन्य कर्मियों, अग्निवीरों, पूर्व सैनिकों, केन्द्रीय विद्यालय फतेहगढ़, कन्या पाठशाला फतेहगढ़, डीएन डिग्री कॉलेज कॉलेजए फतेहगढ़ के बच्चों ने और 12 यूपी बटालियन के एनसीसी कैडेटों सहित कुल 1500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में राजपूत रेजिमेंटल सेंटर के ब्रिगेडियर माईकल डिसूजा, कमांडेंट युद्ध सेवा मेडल ने ऐतिहासिक करियप्पा मैदान से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा को तीन भागों में रवाना किया गया। सबसे पहले बाईक, साईकल रैली, उसके बाद तिरंगा रन और अंत में पैदल मार्च। इस दौरान सेना के जवानों ने रास्ते में स्थानीय लोगों से भी संपर्क किया और उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के महत्व से अवगत कराया तथा सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान किया। सैनिक परिवारों और स्थानीय लोगों ने भी तिरंगा यात्रा के दौरान अपने-घरों से निकलकर भारत माता की जयघोष करते हुए सैन्य कर्मियों का मनोबल बढ़ाया। करियप्पा ग्राउंड में 10 किलोमीटर की शानदार तिरंगा यात्रा के सफल समापन के बाद राजपूत रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ने सभी तिरंगा यात्रा यात्रियों को बधाई दी और उनसे राष्ट्र निर्माण के लिए राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। ब्रिगेडियर माईकल डिसूजा युद्ध सेवा मेडलए कमांडेंटए राजपूत रेजिमेंटल सेंटर ने पूर्व सैनिकों और एनसीसी कैडेटों के साथ जलपान किया और हर घर तिरंगा अभियान पर बातचीत भी की।

# बाढ़ का कहर जारी, सैकड़ों मकान जलमग्न, सड़कें व पुलिया क्षतिग्रस्त

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि से राजेपुर क्षेत्र में हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। आज सुबह गंगा नदी में नरौरा बांध से 2 लाख 47000, बिजनौर बैराज से 1 लाख 55000 और हरिद्वार बैराज से 1 लाख 40000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया और शाम को पानी छोड़ने का सिलसिला जारी रहा जो की नरौरा बांध से 2 लाख 600, बिजनौर बैराज से 1 लाख 60000 और हरिद्वार बैराज से 1 लाख 40000 क्यूसेक पानी गंगा नदी में छोड़ा गया। जिसके चलते गंगा का जलस्तर 137,30 सेंटीमीटर हो गया। रामगंगा नदी में भी 23000 क्यूसेक पानी शाम के समय छोड़ा गया। इसके बाद इस नदी का जल स्तर 136,85 सेंटीमीटर नापा गया। थाना राजेपुर के अंतर्गत केशव नगर मोहल्ला पूरी तरह से बाढ़ की चपेट में आ गया। लगभग 150 से 200 मकानों में बाढ़ का पानी घुसने से लोग भारी संकट में हैं। ग्रामीणों के अनुसार पानी इतना बढ़ गया है कि लोग घरों की छतों पर खाना बनाने और रहने को मजबूर हैं।

नन्हें-मुन्ने बच्चे भी चाहरदीवारी में कैद हो गए हैं। राजेपुर डिप मार्ग पर करीब ढाई फीट पानी बह रहा है। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर वाहनों की आवाजाही रोक दी है, लेकिन कई ग्रामीण जान जोखिम में डालकर पानी में उतरकर आवागमन कर रहे हैं। डिप क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती के बावजूद लोग खतरनाक जलधारा को पार करने का प्रयास कर रहे हैं। तेज बहाव और पानी के दबाव से डिप के आसपास की दुकानों में भी बाढ़ का पानी घुस गया है। जिससे हजारों रुपये का सामान खराब हो गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम भुड़ियाभेड़ा नासे की पुलिया पर बाढ़ का पानी तेजी से बह रहा है। पुलिया के दोनों तरफ सड़क कटान शुरू हो गया है। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित होने का खतरा है। कटान पर काबू पाने और सड़क बचाने के लिए पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी लगातार ईंट, बोरियां और बचाव सामग्री डालकर किनारे को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से जल्द से जल्द राहत सामग्री सुरक्षित ठिकानों और नाव की व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने दावा किया है कि प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस, राजस्व और पीडब्ल्यूडी की टीमें लगातार काम कर रही हैं और हालात पर निगरानी रखी जा रही है।

## भाकियू स्वराज ने बाढ़ पीड़ितों के दुख दर्द को सुना

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज के प्रदेश सचिव मुन्नालाल सक्सेना के नेतृत्व में भाकियू स्वराज की टीम ने टिलिया सलेमपुर के नीचे गंगा तराई क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त इलाकों का भ्रमण किया। पीड़ित किसानों से उनकी समस्याओं को सुना। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में किसानों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बाढ़ पीड़ित किसानों को जल्द से जल्द राहत पहुंचायी जाये, किसानों की बाढ़ से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा दिया जाए, ढाईघाट शमसाबाद से लेकर बहबलपुर मिस्तनी तक बांध का निर्माण कराया जाए, सिंचाई विभाग फर्रुखाबाद के भ्रष्ट जेई को हटाया जाए और जिन किसानों की फसलें अभी बची हुई है उन्हें खाद यूरिया की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए जनपद में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे किसानों को पर्याप्त खाद मिल सके। उपरोक्त वर्णित मांगों को जनहित में पूरा नहीं किया जाता है, तो भारतीय किसान यूनियन स्वराज जनपद में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रदेश सचिव मुन्नालाल सक्सेना, जिला महामंत्री मंजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह गंगवार, जिला सचिव रामवीर, मीडिया प्रभारी विनीत सक्सेना, महिपाल सिंह, अनुज सक्सेना, जसवंत आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाढ़ पीड़ितों को दिलाशा देने में लगे प्रशासनिक अधिकारी


बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण करते प्रशासनिक अधिकारी

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

एडीएम अरूण कुमार सिंह ने एसडीएम व तहसीलदार तथा आपदा प्रबंधन आसमेन्द्र सिंह के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। गंगा नदी में छोड़े जा रहे लगातार पानी से गांवों के हालात बिगड़ने लगे हैं। लोगों को घर छोड़ने की चिंता सताने लगी है। कुछ ग्रामीण तो पलायन कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए हैं। नगर के कई मार्गों पर तेज धार के साथ पानी बहने लगा है। जिससे आवागमन बाधित हो गया है। क्षेत्र के गांव राईपुर, दूंदेमई, नुनेरा, इकलहरा, पुंथर दयामाफी, धर्मपुर, नसरूलापुर, सिंघनपुर, शेखपुर,, बिहारीपुर, शाहपुर, गंगपुर, मधवापुर, बादामनगला, हमीरपुरपुर मजरा जात, पथरामई, पलीतपुरा, मिसतनी, बहबलपुर, अहिवरन नगला, धीमर नगला, रैपुरा, शाहीपुर, रौकरी, भटमई, कमरुद्दीनपुर, बिल्हा, जमुनिया नगला, अर्जुन नगला, अकबरपुर, भैंसरी सहित लगभग पचास गाँवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। ग्रामीण क्षेत्र में खाने पीने की चीजों का संकट खड़ा हो गया है। बेबसी ऐसी की सूखी लकड़ी ईंधन के लिए नहीं मिल पा रही है। भरे पानी में खुजली, एलर्जी से भी ग्रामीण परेशान हैं। सबसे बड़ी चुनौती मवेशी है। जिनके लिए चारे का इंतजाम करने मे ग्रामीणों के पसीने छूट रहे है। रामेश्वर नाथ मंदिर के पास बेरीकैडिंग लगा दी गयी है। मौके पर पुलिस भी तैनात है।

### कागजों में चल रहा राहत शिविर

प्रशासन कंपिल के केएसआर इंटर कॉलेज में बाढ़ राहत शिविर खुलने का दावा कर रहा है, लेकिन मंगलवार दोपहर कॉलेज के मैन गेट पर ताला लगा था। कही कोई बोर्ड भी नहीं लगा था। इंतजाम तो सिर्फ कागजों में ही चलता मिला। बाढ़ क्षेत्र मे परेशानियों के चलते ग्रामीण पलायन को मजबूर है। बड़ी तादाद मे ग्रामीण पलायन कर रहे है। कस्बे में शरणालय न होने के चलते बाढ़ पीड़ित नजदीकी रिश्तेदार के यहां जाने को मजबूर है। बाढ़ प्रभावित गाँवों में इन दिनों शौचालय के लिए ग्रामीणों तो बेहद परेशानी हो रही है। घर मे बने शौचालय में बाढ़ का पानी भर गया है। बाढ़ प्रभावित गांव निवासी रिंकू ने बताया इन दिनों ग्रामीणों को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। बाढ़ की आपदा झेल रहे गांव मिसतनी निवासी अनुज ने बताया की प्रशासन ने छोटी नाव भेज दी है। गांव बहबलपुर के पास कट रही सड़क पर निकलने में परेशानी हो रही है। तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर ने बताया प्रशासन ने क्षेत्र में 17 नाव लगा दी हैं। बाढ़ पीड़ितों को भोजन पैकेट दिये जा रहे हैं। बाढ़ शरणालय चल रहे हैं। दावा किया की आज गांव धीमर नगला में 400 लोगों को राशन वितरित किया गया।

# शिक्षामित्र के पुत्र को अमेजन कम्पनी में मिला 45 लाख का पैकेज

## अभिनय ने नीट परीक्षा में क्वालीफाई कर किया गांव का नाम रोशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षामित्र के पुत्र ने कमाल कर दिया। नीट जालंधर से बीटेक करने के बाद अमेजॉन कंपनी में 45 लाख का पैकेज मिला। जिससे गांव में खुशी की लहर है। जिला पंचायत प्रतिनिधि मुनीष चन्द्र मिश्रा ने गांव पहुंचकर उनके माता पिता को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

विकासखंड नवाबगंज के फतनपुर निवासी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र पद पर तैनात रमाकांत चतुर्वेदी के पुत्र अभिनय चतुर्वेदी ने देश की सबसे बड़ी परीक्षा जेईई-एडवांस क्वालीफाई करने के बाद एनआईटी जालंधर से आईसी से बीटेक करने के बाद अमेरिका की कंपनी अमेजॉन ने केंपस प्लेसमेंट से अभिनय को 45 लाख से ऊपर का पैकेज देकर कंपनी में उन्हें चयन किया है। अभिनय चतुर्वेदी की मां अनीता चतुर्वेदी गांव की पूर्व प्रधान रह चुकी है। अपने पुत्र की सफेलता पर वह काफी खुश है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुनीश चन्द्र मिश्र, शिक्षक संघ एवं शिक्षामित्र संघ ने अभिनय को उनके घर पहुंच कर उनका सम्मान किया। अभिनय ने बताया उक्त सफलता माता-पिता के आशीर्वाद एवं गुरुजनों के सहयोग से वह देश की सर्वोच्च परीक्षा को क्वालीफाई कर पाए और एनआईटी जालंधर से बीटेक कर पाए। सभी के सहयोग से यहां तक का सफर तय किया है।



माता पिता को मिठाई खिलाते मुनीष मिश्रा व इंसेट में अभिनय

# पेंटिंग एवं निबंधन प्रतियोगिता के विजेताओं को डीएम ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इंटरनेशनल यूथ डे पर विभिन्न स्कूलों में आयोजित इंटरनेशनल रेड क्रॉस डे पर आपात स्थिति से बचाव थीम पर आयोजित पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता में स्कूलों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 69 छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा देकर सम्मानित किया गया। डीएम ने बच्चों को पेंटिंग एवं निबंध कल की प्रशंसा की एवं बच्चों का उत्साहवर्धन किया। डीएम ने द्वारा बच्चों को एक जिम्मेदार एवं आत्मनिर्भर नागरिक बनने के लिए मार्ग प्रदर्शित किया। उन्होंने प्रतिभा करने वाले स्कूल आर्मी पब्लिक स्कूल, गायत्री इंटरनेशनल, कनोडिया बालिका इंटर कालेज, एनकेपी इंटर कालेज, ब्लूबेल, सीपी विद्या निकेतन, ज्ञानफोर्ड इन्नोवेटिव स्कूल के शिक्षकों को प्रतियोगिता में बच्चों की प्रतिभा करने एवं बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ0 रजनी सरीन, वाइस चेयरमैन शीष मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष कौशल्या गिरी, सदस्य भूपेंद्र प्रताप, अनिल प्रताप सिंह, अनिल सिंह, अंजुम दुबे, पूनम शुक्ला एवं जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र सिंह एवं रेड क्रॉस के अन्य सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में किए गए योगदान की प्रशंसा की गई। आगे भी इसी प्रकार के आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। हर घर तिरंगा लगने की शपथ दिलाई।



प्रशस्ति पत्र दिखाती छात्रायें, मौजूद डीएम आदि

## स्वामी रामानंद बालिका इं.का. के बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली



रैली में प्रतिभाग करती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वामी रामानन्द बालिका इण्टर कॉलेज में हर घर तिरंगा मेरा संविधान मेरा अभिमान के अंतर्गत बच्चों द्वारा रैली निकाली गई। प्रधानाचार्य ने बच्चों को संविधान के बारे मे जानकारी दी, साथ ही शिक्षिका फरहाना हाशमी ने बच्चों को स्वतंत्रता की जानकारी दी। बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक रैली में भाग लिया और नारे लगाये। शहर के मुख्य मार्ग पर रैली निकालकर हर घर तिरंगा लगाने के प्रति संदेश दिया। रैली में 120 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर नीना, बबली, अनन्या शर्मा, रजत, प्रिया, रुखसार, प्रगति, शिवानी, नव्या, कोमल शर्मा, पायल, सुप्रिया, सेजल आदि ने भाग लिया।

# शिक्षक नेताओं ने डीआईओएस से अर्जित अवकाश देने की उठायी मांग



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षक नेता संतोष कुमार दुबे व सत्येन्द्र सिंह ने अपने साथी देवेन्द्र कुमार व सुनील कुमार के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचकर समस्याओं को लेकर डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की है कि ग्रीष्मावकाश के समय कई परीक्षायें जनपद में शासनादेश के अनुसार संपादित हुई। राजकीय पॉलीटेक्निक परीक्षा, सम सेमेस्टर/बैक पेपर जो की 14 मई से 6 जून तक आयोजित की गई। फार्मेसी, जे0ए0-बीस विविध परीक्षा जो की 9 जून से 17 जून तक संपादित हुई। दोनों परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद के शिक्षक शिक्षिकाओं ने ड्यूटी कर अपना योगदान दिया। दोनों परीक्षाओं में माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को ग्रीष्मावकाश में कार्य करने हेतु नियमानुसार अर्जित अवकाश देने हेतु आदेश करने की मांग की गई। साथ ही आम समस्याओं में प्रमुख रुप से जनपद के कई अशासकीय माध्यमिक विद्यालय के नियुक्त तिथि में एनपीएस अंशदान शिक्षक-शिक्षिकाओं का बांकी है। जिसकी ग्रांट वित्त नियंत्रक से मंगवाकर शिक्षक-शिक्षिकाओं के एनपीएस खाते में भिजवायी जाये और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रमोशन से संबंधित लंबित पत्रावलियों का निस्तारण कराने की मांग की गई।



तिरंगा यात्रा में भाग लेते लोग

## अचरा मण्डल अध्यक्ष द्वारा निकाली गई बाइक तिरंगा यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी अचरा मण्डल के अध्यक्ष कुनेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत राजाराम इंटर कालेज अचरा से चंदुइया मंदिर तक मण्डल अध्यक्ष कुनेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कुनेन्द्र गंगवार ने तिरंगा यात्रा का महत्व व आजादी पर प्रकाश डाला एवं वीर महापुरुषों एवं क्रांतिकारियों के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर हर घर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। बाइक यात्रा से कई गांव होते हुए चंदुइया मंदिर तक पहुंची। हाथों में तिरंगा लेकर वंदे मातरम के जयकारे लगाये गये। इस मौके पर मुनीष चन्द्र मिश्रा, जय गंगवार सहित बड़ी संख्या में यात्रा में लोग शामिल हुए। साथ ही हर घर तिरंगा लगाने की मण्डल अध्यक्ष कुनेन्द्र गंगवार ने सभी को शपथ दिलायी।

# डॉ. अनुराग मिश्रा बने अंग्रेजी के प्रवक्ता

▸ दो साल से रिक्त था पद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज के सहायक अध्यापक डॉ. अनुराग मिश्रा के प्रवक्ता बनने पर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। अनुराग मिश्रा ने प्रवक्ता बनने पर 11 अगस्त को कार्यभार ग्रहण किया। उनकी प्रोन्नति का पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त होते ही उन्होंने चार्ज ग्रहण किया। उनकी नियुक्ति मृतक आश्रित कोटे के अन्तर्गत अध्यापक पद पर रस्तोगी इंटर कालेज में 1 मई 2003 को हुई थी। एमए, बीएड के साथ पीएचडी भी अनुराग मिश्रा ने की है। रस्तोगी इंटर कालेज में अंग्रेजी प्रवक्ता का पद रिक्त होने के चलते अनुराग मिश्रा सहायक अध्यापक को अंग्रेजी का प्रवक्ता बनाया गया है। 31 मार्च 2023 से यह पद रिक्त चल रहा था। अब वह अंग्रेजी विषय में कक्षा 11 में 268 व कक्षा 12 में 363 छात्रों का अध्यापन करेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रबंधक व प्रधानाचार्य को प्रेषित कर दिया गया है। विद्यालय में शिक्षकों ने प्रवक्ता बनने पर अनुरा मिश्रा को मिठाई खिलाई। इस मौके पर विजेन्द्र मथुरिया, महाराज सिंह, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, राकेश प्रसाद, राजेन्द्र सिंह, हिमांशु शुक्ला, संजीव चौहान, गजेन्द्र सिंह आदि शिक्षकों ने बधाई दी। अनुराग मिश्रा ने प्रधानाचार्य के समक्ष प्रवक्ता पद का चार्ज ग्रहण कर आशीर्वाद लिया।



डॉ. अनुराग मिश्रा का मुंह मीठा कराते शिक्षक साथी

## आजादी महोत्सव हर घर तिरंगा के तहत निकाली गई रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आजादी महोत्सव हर घर तिरंगा यात्रा न्याय पंचायत अमलैया आशानंद विकास खण्ड शमशाबाद के अन्तर्गत के उत्साह पूर्वक निकाली गई। आजादी का महोत्सव मनाते हुए बच्चों ने जोरदार रैली में नारे लगाये। प्रधानपति प्रमोद गंगवार, प्रधानाध्यापक राजकुमार स्काउट मास्टर के निर्देशन में अमलैया आशानंद गांव में रैली निकाली गई। बच्चों ने वंदे मातरम जय हिंद के नारे लगाते हुए उत्साह दिखाया। ग्राम प्रधान द्वारा सभी ग्राम वासियों को तिरंगा भेंट किया गया। रैली का शुभारम्भ पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद से शुरु होकर पूरे गांव में भ्रमण करते हुए पंचायत घर में समापन हुआ। इस मौके पर धर्मवीर, अतुल कुमार, हरीश, अवधेश कुमार, दीपाली गंगवार, अशोक कुमार, रंजीत, संजीव आदि लोग मौजूद रहे। प्रमोद गंगवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन स्काउट मास्टर राजकुमार ने किया।



रैली में भाग लेते ग्रामीण व बच्चे

# उर्स के समापन पर मांगी गई मुल्क की खुशहाली की दुआ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दरगाह हजरत मखदूम शाहबुद्दीन औलिया लोको शरीफ फतेहगढ़ में कुल की रस्म अदा व फातिहा के बाद उर्स का समापन हुआ।

दरगाह ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर शरीफकी चादर पेश की गई। सज्जादानशीन और नायब सज्जादा नशीन मुहम्मद वसीम ने मुल्क की खुशहाली की दुआ की। दरगाह के सज्जादा नशीन अल्हाज मुहम्मद शरीफ खान उर्फ मुहब्बत शाह की सरपरस्ती में उर्स की सभी रस्में अदा की गई। नमाज फज्र गुस्ल की रस्म अदा की गई और सलातो सलाम व कुरान शरीफ की तिलावत की गई। फातिहा ख्वानी के बाद मुल्क में खुशहाली की दुआ की गई। दरगाह पर सभी धर्मों के जायरीन की भीड़ जुटी। उर्स में जिले से लेकर पंजाब आदि प्रांतों के अकीदतमंद शामिल हुए। मंगलवार को दरगाह हज़रत मखदूम शाहबुद्दीन औलिया के 265वा के चार दिवसीय सालाना उर्स का समापन हुआ। साथ ही महफिले समा का एहतमाम किया गया। कुल फातिहा की तकरीबात हुई। कव्वालों ने बेहतरीन अंदाज में कलाम पेश किए। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने अपने अपने तरीके से फूल व चादर चढ़ाकर अपनी अकीदत पेश कर खानकाह मे दुआएं मांगी। कव्वाली का भी एहतमाम हुआ।

कमालुद्दीन कव्वाल ने पढ़ा- शाह भी हुसैन हैं, बादशाह भी हुसैन हैं, अल्लाह-अल्लाह, इस्लाम की पनाह भी हुसैन हैं, सर को कटा दिया, पर यज़ीद की बैअत न की।

खानकाह के नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम चिश्ती साबरी मुजद्दिदी ने की और तकरीर कर कहा ख्वाजा ने अपनी खानकाह में इस पैगाम के साथ अपनी खानकाह को आम किया।

इस मौके पर सूफी फहीम उर्फराजा, मौलाना शोएब आतीर मदारी, मिन्हाज उर्फ लवली, फहीम उर्फ राजू, हाजी वसीम जमा, मोहसिन साबरी, कारी मिनशाद, अनवर खान, हाजी शाहनवाज, उमर खान, मुबीन खान साबरी, मुहम्मद हादी खान, अनस खान, अंसार साबरी, प्रवीन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शिवम, मोहसिन खान, मुंशी खान, अनवर खान, इसरार साबरी, मुहम्मद हनीफ उर्फ बबलू, उमेश आदि मौजूद रहे।



दरगाह पर दुआ करते सज्जादा नशीन व अकीदतमंद

# प्रोजेक्टर लगाकर कांग्रेसियों ने वोट चोरी की दी जानकारी



जानकारी देते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता वरुण त्रिपाठी के आवास पर बैठक सम्पन्न हुई। बड़ी संख्या में कांग्रेसियों व अन्य समाज के लोगों ने भाग लिया। वरुण त्रिपाठी ने कहा कि जिस प्रकार वोट की चोरी, दस्तावेज का खुलासा किया है व एक जन आंदोलन सा रुप ले रहा है। इसी कारण आज प्रदेश के 75 जनपदों में वार्ता कर जानकारी दी गई है। प्रोजेक्टर के माध्यम से वोट की चोरी किस तरीके से भी की गई उसकी जानकारी आम जन मानस तक पहुंच सकें। जिससे लोकतंत्र जिंदा रखा जाये। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# ओपीएस बहाली सम्भव न होने पर शिक्षक कर्मचारियों में रोष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केन्द्रीय वित्त मंत्री ने लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 3454 के जबाब में बताया कि सरकार के पास पुरानी पेंशन बहाली सम्बन्धी कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है तथा राजकोष पर अस्थिर राजकोषीय देनदारी के कारण ओपीएस बहाली सम्भव नहीं है। जिसे सुनकर कर्मचारियों में रोष व्याप्त है तथा सरकार के इस बयान से कार्मिकों में नाराजगी है। केन्द्र व राज्य के लाखों कर्मचारी अटेवा एनएमओपीएस के बैनर तले वर्षो से ओपीएस के लिए संधर्शरत है। पुरानी पेंशन बहाली के लिए लगातार संघर्षरत अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा है कि अपने जीवन के 35 से 40 वर्ष सरकार की सेवा करने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों की पेंशन यदि राजकोषीय भार है तो एक दिन के सांसदों विधायकों को मिलने वाली पुरानी पेंशन राकोषीय भार क्यों नहीं है। सरकार एनपीएस में कर्मचारी के वेतन को 14 प्रतिशत तथा यूपीएस में 18.5 प्रतिशत प्रतिमाह हजारों करोड़ रूपये अंशदान के रूप में लगभग 35 से 40 वर्ष तक दे रहीं है। क्या यह राजकोषीय भार नहीं है। एनपीएस व यूपीएस में सरकारी अंशदान कर्मचारी को पूरी सेवाकाल तक देना पड़ता है, जबकि पेंशन अधिकतर 10 या 15 वर्ष तक ही देनी पड़ती हैं। सरकार को एनपीएस व यूपीएस से कोई लाभ नहीं है अंशदान के रूप में प्रतिमाह हजारों करोड़ो रूपया शेयर मार्केट से जिन कम्पनियों में लगाया जा रहा है केवल उन्हीं का फायदा हो रहा है। इसलिए सरकार वही पुरानी जीपीएफ वाली पुरानी पेंशन योजना लागू करे जो कर्मचारी व सरकार दोंनो के लिए लाभकरी है।



ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

# वाटर वूमेन शिप्रा पाठक नदियों के प्रति करेंगी आज जागरुक



वाटर वूमेन शिप्रा पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वाटर वूमेन शिप्रा पाठक 13 अगस्त बुधवार शाम 4 बजे स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज में एक कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगी। जानकारी देते हुए आशीष मिश्रा भइयन ने बताया कि पंचतत्व फाउंडेशन की संस्थापक शिप्रा पाठक निवासी दातागंज बदायूं द्वारा जनपद में कार्यक्रम होगा। जो बदायूं से निकलने वाली श्रोत नदी की अविरल धारा बहाने के लिए खुदाई का कार्य शुरु कराकर नदियों के प्रति जागरुक करेंगी और प्रधानमंत्री से चर्चा करेंगी। भारतीय मातृ शक्ति की पहली 4100 किलो मीटर की अयोध्या से रामेश्वर तक पद यात्रा है। जो मातृ शक्ति मां गोमती की 100 किलो मीटर की पद यात्रा करीब 7 जिलो से होकर पूर्ण हुई है। इसी के तहत जन जागरुकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन 13 अगस्त को जनपद में होगा। जिसमें बड़ी संख्या में जनपद के लोग शामिल होंगे।

# डीएम-एसपी ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री



बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से बाढ़ प्रभावित अमृतपुर तहसील के रामनिवास महाविद्यालय चित्रकूट, गांधी पहुंचकर राहत सामग्री वितरित की। वहीं चित्रकूट गांव के 205 बाढ़ प्रभावित परिवारों को निःशुल्क बाढ़ राहत सामिग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अमृतपुर व तहसील के कर्मचारी मौजूद रहे। डीएम ने ग्रामीणों से कहा कि प्रशासन उनकी हर सम्भव मदद करने के लिए तैयार है। वह सुरक्षित और सतर्क रहे तथा उच्च स्थानों पर अपना बसेरा बनाये। जिससे वह सुरक्षित रह सके। वहीं ग्रामीणों को बाढ़ के चलते चारे की समस्या सबसे ज्यादा परेशान कर रही है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन 15 अगस्त को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आठवां रक्तदान शिविर का आयोजन 15 अगस्त को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 लाला लालमणि गुप्ता व स्व0 कपिल गुप्ता की स्मृति में किया जायेगा। स्वराज कुटीर स्थित भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। यह जानकारी कर्तव्य संस्था के सदस्य सभासद धर्मेन्द्र कनौजिया ने दी है।

## जिलाधिकारी ने ली बाल संरक्षण समिति व जिला टास्क फोर्स की बैठक



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति एवं बाल विवाह जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम बाल संरक्षण समिति की बैठक 3 माह नियमित कराए। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के 38 आवेदन को डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। जिला परिषद अधिकारी को निर्देशित किया कि बाल श्रम को रोकने हेतु श्रम विभाग, पुलिस विभाग, महिला कल्याण विभाग की संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाया जाए। बाल विवाह के एक प्रकरण पर वरिष्ठ जिला अभियोजन अधिकारी से सलाह लेकर तत्काल निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पंजीकृत 121 राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी

▸ 21 अगस्त तक नोटिस के जवाब में देना होगा प्रत्यावेदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अंतर्गत पंजीकृत उत्तर प्रदेश राज्य के 121 पंजीकृत राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से वर्ष 2024 06 वर्षो के मध्य में आयोग द्वारा आयोजित किसी भी निर्वाचन में भाग न लेने वाले दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 को दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ द्वारा राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि कारण बताओ नोटिस के सम्बंध में दल के अध्यक्ष/महासचिव अपना प्रत्यावेदन, शपथ पत्र एवं सुसंगत अभिलेखों सहित 21 अगस्त तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय चतुर्थ तल, विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ-226001 को प्राप्त करा सकते हैं एवं सुनवाई हेतु नियत तिथियो 02 एवं 03 सितम्बर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष कार्यालय समय में उपस्थित होकर व्यक्तिगत रूप से अपना पक्ष रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि दल की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में निर्धारित तिथि के अंदर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जायेगा कि राजनैतिक दल को इस मामले में कुछ नहीं कहना है और संबंधित दल को राजनैतिक दलों की सूची से हटाये जाने के सम्बंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया जायेगा। आयोग द्वारा चिन्हित राजनैतिक दलों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है, जो दल के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा गया है। उपर्युक्त राजनैतिक दलों की सूची संलग्न है जो भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इसके पूर्व भारत निर्वाचन आयोग ने अपने आदेश 09 अगस्त द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के पते पर स्थित 115 पंजीकृत राजनैतिक दलों को पंजीकृत सूची से हटा दिया है। ऐसे दल जिनका नाम सूची से हटाया गया है, आदेश की तिथि से 30 दिन के अंदर अपना पक्ष भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

## करंट से महिला अचेत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव टिलिया निवासी सुनीता उम्र 28 वर्षीय पत्नी शैलेन्द्र पंखा चलाने के लिए पंखे का तार बिजली के बोर्ड में लगा रही थी, तभी अचानक सुनीता को जोरदार करंट लग गया। करंट लगते ही वह गिरकर अचेत हो गयी। यह देख परिजनों के हाथ पांव फूल गए। गंभीर हालत में परिजन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ उसका उपचार जारी है।

## बारिश में गन्ना गिरने से 48 घंटे में सीधा करने पर नहीं पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव : गन्नाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कुछ दिनों से लगातार हो रही वर्षा व चल रही हवा से मृदा में पर्याप्त नमी के कारण अथवा कुछ जगहों पर जलभराव के कारण गन्ना गिर गया है। जिला गन्ना अधिकारी सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि गन्ना गिरनें से उपज में 10.16 से लेकर 38.71 प्रतिशत तक गन्ने के वजन में कमी आ जाती है, इसके अतिरिक्त गन्ने की आंखों में फुटाव आ जाता है। गन्ना टेढा-मेंढा हो जाता है, जिससे गन्ना आपूर्ति करते समय गन्ने की कटाई एवं लदाई में भी काफी परेशानी होती है। गन्ना गिरनें के कारण पत्तियों का प्रकाश से सीधा सम्पर्क न होने के कारण प्रकाश संश्लेषण की क्रिया प्रभावित होती है। जिससे गन्ने की लम्बाई गन्ने में इन्टरनोट की संख्या, गन्ने की मोटाई, मिल योग्य गन्नों की संख्या में कमी हो जाती है। किसान गन्ना गिरनें के 24 से 48 घण्टों के अन्दर उसे सीधा करके बंधाई अवश्य कर दें। तत्काल बंधाई कर देने से गन्ने की उपज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। देर में गन्ना बंधाई करनें से गन्ना टूट जाता है तथा उपज पर भी बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। किसान भाई गन्ना गिरनें पर तत्काल बंधाई करें तथा जिन क्षेत्रों में गन्ना बंधाई अभी नहीं की गयी है वे किसान गन्ना बंधाई यथाशीघ्र कर दें, समय-समय पर अपनें खेत पर भ्रमण करते रहें यदि सम्भव हो तो जल निकास की व्यवस्था करें। वर्तमान समय में लगातार बारिश होने के कारण कुछ क्षेत्रों में बाढ़ की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण गन्ना क्षेत्रफल में नुकसान होने की सम्भावना है, तकनीकी सहायता हेतु निम्न कन्ट्रोल रूम नम्बर विभागीय कन्ट्रोल रूम नम्बर-7081202532, चीनी मिल रूपापुर नम्बर-8756331478, चीनी मिल कायमगंज नम्बर 8009214017 पर सम्पर्क कर सकते है।

## जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

# ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग पर हो प्रभावी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने व दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जनपद में मार्गवार हुई घटनाओं की कारण सहित समीक्षा की गई।



इस दौरान यातायात पुलिस को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वाहनों की निरंतर चेकिंग करते हुए ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग आदि पर प्रभावी कार्यवाही किया जाए। उन्होंने कहा कि टोल व चेक प्वाइंट पर ट्रैक्टर ट्रालियों सहित पिकप व अन्य ढुलाई वाले वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चिन्हित 10 ब्लैक स्पाट व 23 हाटस्पाटों पर अधिक दुर्घटना होने का कारण खोजकर उस दिशा में सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि तीन या तीन से अधिक मृत्यु वाली सड़क दुर्घटनाओं वाले स्थल पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र, अंधा मोड़ आदि के रिफ्लेक्टर बोर्ड लगवाए जाए। एनएच व एसएच सड़को पर आवेर स्पीड एवं लापरवाह वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए चालान आदि की भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतो के ग्राम प्रधानों को जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा यह निर्देश जारी किए जाए कि उनके गांवो में चलने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों पर शत प्रतिशत रिफ्लेक्टर टेप लगाया जाए। चिन्हित ब्लैक स्पाटो पर स्थायी निराकरण कराई जाए यदि कही आवश्यकता हो तो वाई जंक्शन वाले सड़को पर टेबल टाप ब्रेकर भी बनाए जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मार्गो/नेशनल हाइवे (फोर लेन) सड़को के किनारे वाहन/ट्रक आदि न खड़ा किया जाए। यातायात पुलिस अथवा सम्बन्धित थानाध्यक्ष गश्त करते हुए यह सुनिश्चित करे कि हाइवे पर सड़क के किनारे जहां ढाबा आदि हो एवं उनके पास वाहन खड़ा करने हेतु जगह न हो तो उस ढाबे पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। दुर्घटना होने वाले स्कूल एवं थाना क्षेत्र की सूची बनाते हुए इस पर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बच्चों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जन जागरूकता हेतु स्कूलों में गोष्ठियां, जन जागरूकता रैली व प्रार्थना सभाओं में ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जाए। बैठक में उपस्थित अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पीएचसी/सीएचसी बैठक में इमरजेंसी सेवा जारी रखा जाए तथा गुड सेमेरिटन के लिए रजिस्टर बनाकर नाम पता व मोबाइल नम्बर दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि गुड सेमेरिटन को 15 अगस्त व अन्य पर्वो पर सम्मानित भी किया जाए। उन्होंने नगर पालिका मिर्जापुर के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि ई-रिक्शा/आटो के लिए पार्किंग के स्थल भी चिन्हित कर कार्यवाही किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात शिखा भारती व प्रभारी यातायात, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र सहित सम्बन्धित अधिकारी व ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## बीडीओ ने स्कूल व अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** बीडीओ वीरेंद्र प्रताप वर्मानिमंगलवार की सुबह प्राइमरी पाठशाला, सामुदायिक परिसर राजगढ़, कंपोजिट विद्यालय राजगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद संबंधितों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीडीओ नदिहार ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां ताला लटकता पाया गया। इसी ग्राम के प्राइमरी पाठशाला में कुल पंजीकृत 144 बच्चों में 82 उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक और तीन सहायक अध्यापक एवं चार शिक्षामित्र उपस्थित रहे। पशुआश्रय केंद्र पर कुल 127 पशुओं को खाने के लिए लगभग 100 कुंतल भूसा केंद्र पर पाया गया। सीएस राजगढ़ में 116 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में 70 उपस्थित, कुल आठ अध्यापकों में से सात अध्यापक उपस्थित रहे। जबकि एक अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर पाए गए। बीडीओ ने सीएचसी राजगढ़ के निरीक्षण में पैथोलाजी, दवा भंडारण कक्ष, एक्स-रेसेंटर, वार्ड, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, स्टाक रजिस्टर का अवलोकन किया।

# जन-जागरुकता को लेकर स्वतंत्रता दिवस पर निकली तिरंगा यात्रा



समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** परतावल नगर पंचायत में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश मद्धेशिया और ईओ कनुप्रिया शाही ने किया। यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से शुरू हुई। यह परतावल चौराहे और प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः नगर पंचायत कार्यालय पर समाप्त हुई।

यात्रा में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने देशभक्ति गीत गाए। ÷भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारे लगाए गए। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा और झंडा ऊंचा रहे हमारा जैसे नारे भी गूंजते रहे। परतावल चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह ने अपनी पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रवीण कृष्ण त्रिपाठी, निर्भय सिंह, काशीनाथ सिंह, अशोक यादव, ईश्वर यादव, श्याम पाण्डेय, विवेक पटेल, बलराम उपाध्याय और आनंद मिश्रा समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

# समस्याओं को जानने के लिए डीएम ने बुलाई थी शिक्षा विभाग की ऑनलाइन मीटिंग

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** जिले में शिक्षा विभाग की समस्याओं को जानने के लिए बीते सोमवार को जिलाधिकारी की मौजूदगी में एक मीटिंग बुलाई गई थी, यह मीटिंग ऑनलाइन थी। इस दौरान गूगल मीट में जुड़े एक शख्स ने मीटिंग के दौरान ही अश्लील वीडियो चला दिया। हालांकि, वीडियो प्ले होते ही जैसे ही डीएम की नजर स्क्रीन पर पड़ी, उन्होंने तुरंत बंद कराया और एसपी से बात करते हुए साइबर पुलिस को मामले की जांच करने का आदेश दे दिया।

गूगल मीट में डीएम के अलावा बीएसए रिद्धि पांडेय, बेसिक शिक्षा विभाग के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद थे। दरअसल महाराजगंज जिले के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा एनआईसी सभागार से ई-चौपाल के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़ी समस्याओं की जानकारी के लिए शिक्षकों, पत्रकारों और आमजन के साथ संवाद कर रहे थे. इस दौरान लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए महिला बीएसए रिद्धि पांडेय और सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद थे।

**जिलाधिकारी ने दिया जांच का आदेश**

संवाद में लोगों ने जर्जर भवनों, मिड-डे मील, किताबों के वितरण, युग्मन सहित विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात व समस्या रख ही रहे थे कि तभी जैसन नामक व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन अश्लील वीडियो प्ले कर दिया गया। एनआईसी में लगे टीवी स्क्रीन पर डीएम की नजर जैसे पड़ी उन्होंने मीटिंग को तुरंत बंद करा दिया और एसपी से बात कर मामले की जांच कराने का आदेश दे दिया। फिलहाल एबीएसए की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। इंस्पेक्टर सत्येंद्र रॉय ने बताया कि मीटिंग के दौरान अश्लील वीडियो चलाए जाने को लेकर शिकायत दर्ज की गई है।

# केसीसी धारक कृषकों का बैंकर्स अभियान चलाकर प्रीमियम की राशि काटते हुए करें अपलोड : डीएम

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** जिन किसानों ने अपनी केसीसी नहीं बनवाया है ऐसे किसान अपने फसलों का बीमा कामन सर्विस सेंटर/जन सेवा केंद्र पर जाकर अधिकतम 14 अगस्त 2025 तक प्रत्येक दशा में करा ले अन्यथा अतिवृष्टि, बाढ़ व अन्य किसी आपदा के कारण नुकसान फसलों का बीमा मुआवजा नहीं ले सकेंगे। पीएम सफल बीमा योजना के तहत बीमा कराने के लिए अपनी खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं स्वाप्रमाणित बुआई प्रमाण पत्र साथ ले जाना होगा।

डीएम पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग एवं बैंकर्स के पदाधिकारियों के साथ बैंठक कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों के प्रीमियम जमा व अपलोड प्रगति की समीक्षा कर उपरोक्त निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बैंको के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे केसीसी धारक कृषको का जिनका खाता विभिन्न बैंको में है वे बैंक प्रबंधक किसानों के खाते से उनके बीमा राशि की धनराशि काटते हुए शत प्रतिशत अपलोड करना सुनिश्चित करें।

डीएम ने बैंकवार प्रीमीयम काटकर अपलोड करने के प्रगति की समीक्षा के दौरान सबसे खराब वाले बैंको की प्रगति में कोआपरेटिव बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई बैंक, सेंट्रल बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक आफ इंडिया की अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि जिन कृषक उपभोक्ताओं का खाता जिस भी बैंक में है उनका प्रीमीयम काटते हुए अपलोड करने की कार्यवाही अधिकतम 20 अगस्त 2025 तक शत प्रतिशत करना सुनिश्चित अन्यथा बीमा न होने की दशा में यदि किसी किसान का फसल नुकसान का मुआवजा नहीं मिल पाता है तो सम्बन्धित बैंक को जिम्मेदार मानते हुए उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी तथा उस बैंक से सम्बन्धित किसान को फसल नुकसान का मुआवजा देय होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें किसी प्रकार की बहानेबाजी व लापरवाही बदार्शत नही की जाएगी। भारत सरकार रिर्जव बैंक का स्पष्ट निर्देश हैं। फसल नुकसान वाले किसानों का शत प्रतिशत मुआवजा प्रत्येक दशा में मुहैया कराया जाए अतएव बैंकर्स सभी का बीमा राशि काटते हुए अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों व एआर कोआपरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन किसानों का केसीसी नहीं अथवा बैंक में उनका एनपीए हो गया है ऐसे कृषकों की सूची उप निदेशक कृषि से प्राप्त करते हुए अभियान चलाकर 14 अगस्त तक जन सेवा केन्द्र के माध्यम से उनका बीमा करवाना सुनिश्चित करें।

# सोनौली बॉर्डर पर एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम कर रही है जांच



समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** भारत-नेपाल की सोनौली सीमा पर स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीमें लगातार जांच अभियान चला रही हैं। बस स्टैंड पर नेपाल जाने और आने वाले सभी यात्रियों की गहन जांच की जा रही है।

नो मैंस लैंड पर 22वीं वाहिनी एसएसबी के जवान नेपाल से आने वाले यात्रियों की जांच में जुटे हैं।

**स्वतंत्रता दिवस को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ी सतर्कता**

सुरक्षा एजेंसियां हर आने-जाने वाले व्यक्ति का परिचय पत्र जांचने के बाद ही उन्हें आगे जाने की अनुमति दे रही हैं। एसपी सोमेन्द्र मीना के अनुसार, सोनौली कस्बे के प्रमुख मार्गों और पगडंडियों पर भी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

## इंडिया पोस्ट ऑफिस पर लटक रहा ताला

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस पर कई दिनों से ताला लटक रहा है जिससे लोगो को पोस्ट ऑफिस का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पोस्ट ऑफिस पर ताला बंद होने से अपना कार्य कराने के लिए आने वाले लोगो को मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। इंडिया पोस्ट ऑफिस पर सुकन्या योजना का खाता खोलवाने व पत्र रजिस्ट्री कराने के लिए आने वाले लोगो को मायूस होना पड़ रहा है और लालगंज जाना पड़ रहा है। लोगों के आने वाले जरूरी कागजात उनके स्थान तक नहीं पहुंच पा रहा है। स्थानीय लोगो ने इंडिया पोस्ट ऑफिस के अधिकारियो का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इंडिया पोस्ट ऑफिस को नियमित संचालन कराने की मांग किया है। इस संबंध में पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर तरुण ने बताया की सर्वर का इसु होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है जैसे ही सर्वर अपडेट हो जाता है।































